गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, रविवार 1 नवम्बर, 2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया



2024 का लोकसभा चुनाव अवैध, वोट काटने वाले देश के अपराधी-राहुल

खड़गे के आवास पर हुआ सीईसी के खिलाफ जन महाभियोग-मॉक संसद

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को अवैध बताया है। शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित मॉक पार्लियामेंट को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 13 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को चेतावनी देते हुए कहा कि वे हमेशा बच नहीं पायेंगे और उन्हें जनता को जवाब देना होगा। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लेकर आया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार एक व्यक्ति के रूप में अलग हैं और चुनाव आयोग जैसी संस्था के प्रमुख के तौर पर उनकी भूमिका अलग है। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग और न्यायपालिका के साथ जो कुछ हो रहा है, उसे रोकने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था। इसी वजह से विपक्ष को यह कदम उठाना पड़ा। राहुल गांधी ने दावा किया कि एसआईआर के तहत 13 करोड़ से ज्यादा (करीब 15 फीसदी) मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं।



बनारस से दिल्ली अब दूर नहीं

काशी को मिली नयी दिल्ली वंदे भारत स्लीपर समेत तीन नयी ट्रेन

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिखायी हरी झंडी

वाराणसी। बनारस से अब दिल्ली दूर नहीं होगी। दिल्ली का सफर आने वाले दिनों में सुखद होने के साथ कम समय वाला होगा। दीपावली और छठ पूजा से पहले काशी को रेलवे की बड़ी सौगात मिली है। शनिवार को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बनारस रेलवे स्टेशन से वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन समेत तीन नई रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें बनारस-प्रयागराज रामबाग और बनारस-राजातालाब रेल सेवा भी शामिल हैं। इसके साथ ही वाराणसी में 10 मेमू सर्विसेज का भी शुभारंभ किया गया। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलेट ट्रेन के नॉर्थ कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इसमें वाराणसी, अयोध्या, आगरा समेत कई शहरों को शामिल किया गया है। रेल मंत्री ने बताया कि इसके पूरा होने पर वाराणसी से दिल्ली की दूरी महज 9 घंटे तय की जा सकेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी से प्रयागराज तक मेमू ट्रेनों का संचालन दो आध्यात्मिक नगरों के साथ शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्रों को जोड़ने का काम करेगा। इन सेवाओं से स्थानीय यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और किसानों को विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने दीपावली और छठ पूजा से पहले रेल सेवाओं की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का आभार जताया। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से देश और प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। रेलवे की सुविधाएं अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों तक भी उनका विस्तार हो रहा है। वाराणसी की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होने से पर्यटन और स्थानीय कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ मंदिर और कालभैरव में विधिवत दर्शन-पूजन किया।



बुलेट ट्रेन के नार्थ कारिडोर को प्रधानमंत्री की मंजूरी, बनारस से दिल्ली का सफर 9 घंटे में होगा पूरा

जातिवाद-जिन्नावाद से मिलकर लड़ना होगा-योगी

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लौहपुरुष की जयंती पर समाज को बांटने वाली ताकतों पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता को तब खतरा होता है, जब हम जाति, क्षेत्र के नाम पर बंटते और कमजोर होते हैं। जब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता समाप्त हो जाती है, तब बीमारी होती है। जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद वही बीमारी है, जो समाज की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करती हैं और फिर आक्रांताओं को हमला करने के लिए आमंत्रित करती हैं। लौहपुरुष का अनुयायी वही हो सकता है जो भारत की एकता, सुरक्षा को सर्वोपरि रखता है। जिन्ना को आदर्श मानने, समाज को बांटने वाले विभाजनकारी लोग वल्लभ भाईपटेल के सच्चे अनुयायी नहीं हो सकते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लौहपुरुष 'भारत रत्न' सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा लिया। उन्होंने जीपीओ स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय एकता दिवस पर लोगों को शपथ दिलाई। सीएम ने कहा कि यह शपथ सरदार पटेल की उस भावना का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके लिए उन्होंने जीवन जिया। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत गणराज्य का शिल्पी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी नेतृत्वकर्ता बताया। मुख्यमंत्री ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 2014 के बाद से 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में अनवरत आयोजित किया जाता है। इसमें राष्ट्रीय एकता की शपथ, राष्ट्रीय एकता दौड़ समेत लौहपुरुष के आदर्शों को ध्यान में रखते हुए रचनात्मक कार्यों के साथ समाज को जोड़ने का अभियान बढ़ाया जाता है।



सरदार पटेल की जयंती पर समाज को बांटने वाली ताकतों पर किया प्रहार

सरदार पटेल के फैसलों ने देश को किया एकजुट-मोदी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता नगर के परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देश की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति की झलक देखने को मिली। परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता को आकार देने और उसकी रक्षा करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश में नक्सलवाद को एक निर्णायक झटका दिया गया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमें जनता के प्रति जवाबदेह बनाता है और एकता हमें एक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की ताकत देती है। इसलिए हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और एकता दिवस, ये तीनों अब पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाते हैं। इस अवसर पर मैं राष्ट्रीय एकता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं सरदार वल्लभभाई पटेल के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने केवल देश के भूगोल को ही नहीं जोड़ा, बल्कि पूरे राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में भी बांधा। गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के माध्यम से उन्होंने देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत भी की थी। इस महान कार्य के 75 वर्ष इस वर्ष पूरे हो रहे हैं। जिस तरह सोमनाथ मंदिर का ध्वज हजार वर्षों से तमाम आक्रांताओं की मंशा को नाकाम करते हुए पूरे स्वाभिमान के साथ लहरा रहा है, उसी स्वाभिमान ने हमें सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की प्रेरणा दी। इस वर्ष देश इस पर्व को भी पूरे उत्साह के साथ मना रहा है।



एकता दिवस परेड में शामिल हुए प्रधानमंत्री





यूपी कांग्रेस ने सपा को सौंपी विधानसभा सीटों की लिस्ट

लखनऊ (आससे)। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने बड़े ही गुपचुप ढंग से सपा नेतृत्व को उन विधानसभा सीटों की सूची सौंप दी है, जिन पर वो अपने सिंबल पर प्रत्याशी उतारना चाहती है। इन सीटों की सही संख्या इंडिया गठबंधन के किसी भी पक्ष ने आधिकारिक रूप से नहीं बतायी है, लेकिन छनकर बाहर आ रहीं खबरों के अनुसार, ये 125-130 के करीब हैं। हालांकि, बताते हैं कि सपा नेतृत्व इतनी सीटें देने के लिए तैयार नहीं है। इंडिया गठबंधन के सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से यह सूची सीधे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को दी गयी है। दिल्ली में पिछले दिनों यूपी के नेताओं के साथ कांग्रेस की एक बैठक हुई थी, जिसमें प्रियंका गांधी भी मौजूद रही थीं। बताते हैं कि इस बैठक में कांग्रेस के यूपी के नेताओं से अलग-अलग सीटों के बाबत फीडबैक लिया गया।

बाइक भिड़ंत, दो की मौत, परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड

शाही (बरेली)। शाही क्षेत्र में शनिवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। लमकन मजार के पास भट्टे के सामने दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी छह लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने सभी छह घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने आकिब और दयाशंकर को मृत घोषित कर दिया। बाकी चार घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार जारी है। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं।जानकारी के मुताबिक, थाना शाही क्षेत्र के गांव लमकन निवासी नरुल हसन और करीब 22 वर्षीय आकिब पुत्र तोला खान एक बाइक पर सवार होकर बरेली की ओर जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव सिंधौली निवासी दयाशंकर पुत्र हरदुआरी लाल अपनी पत्नी लता देवी, एक बेटे और एक बेटी के साथ सवार थे। दयाशंकर एक दिन पहले शाही क्षेत्र के कुल्छा गांव में अपने साढ़ू के घर आए थे। शनिवार दोपहर करीब दो बजे वह परिवार के साथ बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान लमकन मजार के पास भट्टे के सामने दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में सभी छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने आकिब और दयाशंकर को मृत घोषित कर दिया, जबकि नरुल हसन, लता देवी और दोनों बच्चों का उपचार जारी है। चारों की हालत गंभीर बताई जा रही है।करीब 22 वर्षीय आकिब चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता तोला खान मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आकिब दिल्ली में नारियल पानी बेचकर परिवार की मदद करता था। परिवार में उसकी एक बहन भी है। आकिब की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। जिस बेटे से परिवार को सहारे की उम्मीद थी, उसकी अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।वहीं दयाशंकर भी तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। हादसे में उसकी पत्नी और दोनों बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। परिवार के मुखिया की मौत और पत्नी-बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।स्थानीय लोगों के मुताबिक, शाही-धनेटा-मिर्जापुर मार्ग पर टोल टैक्स बचाने के चक्कर में बाहरी वाहन भी गुजरते हैं। इस मार्ग पर भारी वाहनों, ट्रकों और डंपरों की लगातार आवाजाही रहती है। लोगों का कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही भी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। इस महीने शाही क्षेत्र में कई हादसे हो चुके हैं। मिर्जापुर के पास पेट्रोल पंप के नजदीक हाल ही में हुए हादसे में एक युवक की मौत हुई थी। वहीं सुल्तानपुर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में भी दो लोगों की जान चली गई थी। अब लमकन के पास हुए हादसे में दो और लोगों की मौत से क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला चर्चा में है।हादसे के बाद घटनास्थल के पास स्थित भट्टे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति भी सामने आई। भट्टे पर कैमरे लगे थे, लेकिन उनका रुख भट्टे की तरफ था, सड़क की ओर नहीं। इस कारण दोनों बाइकों की भिड़ंत कैमरों में कैद नहीं हो सकी।



पेट्रोल पम्प के पास भिड़ी दो बाइक, भीषण सड़क हादसे में परिजनों में मचा कोहराम



तीन दिवसीय रोटरी दिवाली मेले का शानदार आगाज़

मेले हमारे सांस्कृतिक विरासत इस तरह के आयोजन जरूरी:अमित मनोहर



बरेली (आज समाचार सेवा)। रोटरी क्लब ऑफ़ बरेली चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में त्रिदिवसीय, दिवाली मेले की शानदार शुरुआत बरेली क्लब ग्राउंड पर शनिवार को बड़े ही धूमधाम से हुई। रोटरी के इस 63 वॉ मेला के प्रथम दिन का उद्घाटन राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार द्वारा किया गया। उन्होंने मेले में स्थापित मंदिर में लक्ष्मी गणेश का पूजन कर मेले के सफल आयोजन की कामना की. कैंप ऑफिस में अध्यक्ष राहुल जायसवाल एवं मेला डायरेक्टर सी ए अमित मनोहर ने उनका स्वागत किया. क्लब की प्रथम महिला अर्चिता जायसवाल एवं एन राखी मनोहर ने श्रुति गंगवार अतिथि का माल्यार्पण कर व बैच लगाकर स्वागत किया.इस अवसर पर श्रुति गंगवार ने कहा कि मेले भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ ही स्वस्थ मनोरंजन देते हैं. समाज में बढ़ती दूरियों को कम करने के लिये त्योहारों पर ऐसे आयोजन जरुरी हैं. मेले में आदि योगी की थीम पर भव्य मंदिर बना है इसकी दिव्य छटा देखकर सभी मन्त्र मुग्ध हो गये. इसके अतिरिक्त पहली बार इस मेले में ओकटा एलिवेटर्स लगाया गया है जिससे जनता ने प्रथम दिन मेले में जमकर आतिशबाजी हुई. जिसका पूरा लुत्फ़ उठाया गया. म्यूजिकल नाईट में इंडिया फेम के आर्टिस्टो ने अपनी परफॉरमेंस से दर्शकों का मन मोह लिया ओर सभी लोगों ने जमकर आनन्द लिया। महिलाओं की सहभागिता को बढ़ावा देते हुए ब्यूटीफुल आईज को चुना गया। प्रतियोगिता के जजों के पेनल में एन सुनीता अग्रवाल,नीलम गुप्ता, मोहनी अवल, निधि अग्रवाल एवं संगीता अग्रवाल रहे. महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये मेले में फेस इन दा क्राउड प्रतियोगिता कराई गयी। इस प्रतियोगिता के पेनल के जजों में सी एस निधि अग्रवाल, प्रीति गोयल, सीमा मोदी,सुरभि अग्रवाल, एवं प्रिया अरोड़ा रहीं। **ब्यूटीफुल आईज मिनी सक्सेना, फेस इन दा क्राउड नितिका कपूर,बेस्ट हेयर स्टाइल नीलम शर्मा, फैंसी ड्रेस 3 से 6 विराट व 6 से 12 विहान सिंह विजयी घोषित किये गये.** जजों के पेनल में रश्मि जायसवाल, रीता सक्सेना, बंदिता,दीप्ति कपूर एवं अनीता रहे. प्रतियोगिता का संचालन रोटेरियन मयूर अग्रवाल ने किया. बेस्ट हेयर स्टाइल प्रतियोगिता के जजों के पेनल में एन अनीता सिंह, रिचा मेहरोत्रा, पुष्पा सिंह, एवं प्रीति चड्ढा रहीं.पुरुस्कारों का वितरण प्रकाश कॉन्टेनेंटल, टेज़ोरा ज्वेल्स, अंकुर पेंट्स एवं डी ग्रांट के द्वारा किया गया. रोटरी क्लब ऑफ़ बरेली चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से सेवा, सशक्तिकरण ओर आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम और बढ़ाते हुए लड़कियों को साईकिल व सिलाई मशीन देने की योजना है.आज के कार्यक्रम में अध्यक्ष राहुल जायसवाल, सचिव अनुज जायसवाल के अतिरिक्त मेला डायरेक्टर, सी ए अमित मनोहर मीडिया प्रभारी ए एस अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नरेश मलिक, डी पी सिंह, पंकज श्रीवास्तव, भावेश अग्रवाल, प्रधीर गुप्ता, शचीन्द्र सक्सेना, गगन मेहरोत्रा, एवं बड़ी संख्या में रोटेरियन्स उपस्थित रहे.।



न्यूज अपडेट

विनम्र को ही प्राप्त होता है गुरुजनों का आशीर्वाद- पंडित बृजेश पाठक

बरेली (आज समाचार सेवा)। रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में आयोजित नवदिवसीय श्री रामकथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठकने कहा आज का व्यक्ति अहंकार के कारण अपने गुरुजनों के चरणों में झुकना नहीं चाहता उसे लगता है अगर हम झुके तो हमारा सम्मान चला जाएगा ,उसे नहीं मालूम जो झुक नहीं सकता है वह अपने जीवन में चाहे कुछ भी प्राप्त कर ले गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त नहीं कर सकता है! बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए झुकना परम आवश्यक है !कथा व्यास ने कहा अपने से बड़ा व्यक्ति चाहे कितने भी क्रोध में हो आप चरण छूकर विनम्रता प्रदर्शित कर दें अपनी गलती अपना अपराध स्वीकार कर लेने मात्र से आधा क्रोध आधी शिकायत तत्काल समाप्त हो जाती है !मनुस्मृति में लिखा है जो अपने बड़ों के चरणों में प्रणाम करता है वह आयु ,विद्या ,यश और बाल सहज में प्राप्त कर लेता है !प्रणाम की बहुत बड़ी महिमा है धर्म-ग्रंथो में लिखा है हम केवल प्रणाम के द्वारा भगवान को प्राप्त कर सकते हैं जिस समय विभीषण जी भगवान राम की शरण में आए श्री राम ने पूछा कैसे आए उन्होंने कहा आपके बारे में सुनकर आए हैं की जो आपके चरणों में प्रणाम करता है आप उसके अपराधों का बिना विचार किए हृदय से लगा लेते हैं, ऐसा कहकर विभीषण जी ने राम जी के चरणों में दंडवत किया और श्री राम ने उन्हें हृदय से लगा लिया !आश्रम के मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि पांचवे दिन में कथा ने प्रवेश किया कथा 4 नवंबर तक सुबह 8,45 से 9,45 तक प्रतिदिन तक।



बिजली तार व उपकरण बरामद, दो गिरफ्तार

मीरगंज (आज ब्यूरो)। चोरी हुए बिजली की लाइन का तार और उपकरण खरीदने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस टीम ने मीरगंज में एक स्थान पर छापा मारकर हवीब निवासी चुरई दलपतपुर और शखावत निवासी मोहल्ला सराय खां कस्बा मीरगंज को हिरासत में लेकर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर एक स्थान से बिजली के तार का बंडल, 10 आर्मर्ड पीस, एक लाइन स्पेंसर, एक जिरिंग आदि बरामद किए। एसएचओ रवि कुमार सिंह ने बताया आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने बरामद तार व उपकरण गजेंद्र और समीर नाम के दो व्यक्तियों से खरीदे थे। उल्लेखनीय है 20 अक्टूबर रात गूला गांव के जंगल में विद्युत टावर पर रखा बिजली तार और अन्य उपकरण चोरी हो गए थे।संबंधित कंपनी के सहायक प्रबंधक एसके सिंह ने मीरगंज थाने में अज्ञात पर अगले दिन अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने एक पिकअप से चोरी हुए तार व कुछ उपकरण बरामद कर बहेड़ी क्षेत्र के 5 को गिरफ्तार कर 22 अक्टूबर को जेल भेजा था। जेल जाने से पूर्व आरोपितों ने पुलिस को पूछताछ में घटना में गजेंद्र व समीर के शामिल होने और कुछ सामान फरार साथियों के ले जाने का खुलासा किया था। पुलिस दोनों फरार आरोपियों को तलाश कर रही है। जिन्हें गिरफ्तार कर पुलिस ने लिखापढ़ी कर कोर्ट चालान किया जहां से जेल भेजा गया है।

खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई प्रतिष्ठानों से लिए नमूने , हड़कंप

मीरगंज (आज ब्यूरो)। त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से गठित टीमों ने तहसील क्षेत्र में छापेमारी की। जानकारी होते ही माफिया प्रवृत्ति के दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर रफू चक्कर हो गए। टीम ने प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जाने की व्यवस्था की मीरगंज नगर स्थित लवी स्वीट्स से बर्फी, सिरौली रोड की बाबा स्वीट्स से मावा, मीरगंज के ही गुप्ता स्वीट्स से बूंदी,धनेटा रेल फाटक के समीप रूप लाल दुकान से वर्फ़ी के नमूने लिए। एफएसओ मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि छापेमारी के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने दुकानदारों को हिदायत दी कि वे दुकान पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। मिठाइयों की गुणवत्ता और ताजगी समय बीतने के बाद प्रभावित होती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को मिठाई खरीदते समय डिब्बे पर उसकी निर्माण और अवसान की तिथि स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना पहले से ही अनिवार्य है। अब ट्रेन पर रखी मिठाइयों के संबंध में भी ग्राहकों को निर्माण और अवसान की जानकारी भी उपलब्ध करानी है।

कोर्ट के आदेश पर मारपीट व जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज

फतेहगंज पूर्वी आज ब्यूरो- थाना क्षेत्र के बरगवां गांव में खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में पिता-पुत्र के साथ मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि खेत से मिट्टी उठाकर मेड़ बनाने का विरोध करने पर आरोपितों ने पिता-पुत्र को घेरकर पीटा। इस दौरान धारदार हथियार से किए गए हमले में युवक का बायां कान गंभीर रूप से कट गया।गांव बरगवां निवासी राजेंद्र उर्फ नन्हेलाल पुत्र गंगाराम ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि एक अगस्त 2026 की सुबह वह अपने खेत पर गया था। वहां गांव के कुछ लोग उसके खेत से मिट्टी उठाकर अपने खेत की मेड़ बना रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और एकजुट होकर उसके साथ मारपीट करने लगे।

मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों को लेकर समन्वय बैठक आयोजित

बरेली(आज समाचार सेवा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 01 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन के संबंध में आज दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को जनपद न्यायालय, बरेली के सभागार में माननीय जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के नामित नोडल अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

पाक्सो मामले में दोष मुक्त

बरेली(आज समाचार सेवा)। न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम तृतीय बरेली ने अभियुक्त मनोज यादव को धारा 354ए आईपीसी 7/8 पाक्सो एक्ट ने दोष सिद्ध किया तथा सह अभियुक्त आफाक को दोष मुक्त किया। अभियुक्त मोहमद अरसद को धारा 8पाक्सो एक्ट ने तीन वर्ष का कारावास तीन हजार से अर्थदण्ड दंडित किया। थाना सिरौली हेड कास्टेबल रामकिशन का अभियोजन को विशेष सहयोग रहा।

कबाड़ की दुकान से चोरी के तारों संग दो गिरफ्तार

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला के सिरौली थाना पुलिस ने गुलड़िया गांव में कबाड़ की दुकान से 79.43 किलो चोरी के बिजली के तारों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी तार बेचने की फिराक में थे। उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक त्रिवेन्द्र कुमार टीम के साथ चौकी बड़गांव इलाके में गश्त और चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने बताया कि गुलड़िया गांव में गौरी शंकर मंदिर के पास कबाड़ की दुकान पर दो लोगों ने चोरी के बिजली के तार छिपाए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान राजू शर्मा और रिंकू (टिंकू) के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, दोनों ने बताया कि उन्होंने तार अज्ञात लोगों से कम दाम में खरीदे थे और महंगे दाम पर बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने 79.43 किलो सफेद धातु के तार जब्त किए। दोनों के खिलाफ सिरौली थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक त्रिवेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल शिशुपाल सिंह और कांस्टेबल शिवकुमार शामिल थे।

आवारा पशुओं का आतंक

बिशरतगंज (आज ब्यूरो)। क्षेत्र के ग्राम बलेई भगवंतपुर में आवारा पशुओं की समस्या लगातार बनी हुई है। गांव के मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में आवारा पशु झुंड बनाकर बैठ जाते हैं जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी होती है।

सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग में सुधार के लिए करें विशेष प्रयास : डीएम

बरेली(आज समाचार सेवा)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड/ सीएमआईएस की माह अक्टूबर 2026 की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से सीएम डैशबोर्ड पर जनपद के अंक लगातार कम हो रहे हैं, जो चिंताजनक हैं। सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा के दौरान नेडा विभाग में अधिक लंबित प्रकरण पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को वेंडर्स के साथ बैठक कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि लंबित प्रकरणों की अधिकता के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रभावी सुधार करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन एवं अधूरे विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। पूर्ण हो चुके कार्यों का शुभारंभ माननीय जनप्रतिनिधियों के कर-कमलों द्वारा कराया जाना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करते हुए जनपद की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार लाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भगत सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विदाई समारोह में जब खुद कर्मचारी को मिठाई खिलाने पहुंचे जेएमसी, भावुक हुए प्रेमपाल

संयुक्त नगर आयुक्त मंयक यादव ने रिटायर्ड कर्मचारी को स्वयं जाकर खिलाई मिठाई,गले लगा दिया भुगतान चेक

बरेली(आज समाचार सेवा) रिटायरमेंट पर अपने अफसर के हाथों मिठाई खाकर कर्मचारी प्रेमपाल भावुक हो गये। जबकि समारोह में पहुंचे उनके रिश्तेदारों भी यह देखकर सहज कहने लगे कि एक अधिकारी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी को दिया गया सम्मान किसी सपने से कम नहीं। मौका था नगर निगम सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वागत समारोह कर इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त नगर आयुक्त मंयक यादव पहुंचे जब रिटायर कर्मचारी प्रेमपाल को देखा तो खुद डाइस से उठे मंयक यादव मिठाई लेकर प्रेमपाल के पास पहुंचे और अपने हाथों से मुह मीठा कराकर गले लगाया यह प्रेमपाल भावुक हो गये मेरे पूरे कार्यकाल में किसी अफसर द्वारा इतना स्नेह नहीं मिला और ईश्वर से मंयक यादव के लिए प्रार्थना कर दुआएं देते नजर आये। नगर निगम के दो कर्मचारी आज सेवानिवृत्त हो गए। प्रेमलाल जो जलकल विभाग से थे एवं श्रीमती अनीता जो स्वास्थ्य विभाग से थीं। इस अवसर पर नगर निगम के बोर्ड हॉल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव ने सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रेमलाल को प्रतीक चिन्ह देकर, पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रेमलाल को उनके बकाया भविष्य निधि का 6 लाख रुपये का चेक दिया गया। किसी कारणवश श्रीमती अनीता कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाईं, इस हेतु उनके स्मृति चिन्ह, दुशाला व सेवानिवृत्ति के बाद बकाए का चेक उनके आवास पर भिजवाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन भी उपस्थित रहे, जिनकी गरिमापूर्ण उपस्थिति से यह कार्यक्रम संपन्न हो पाया।



संभागीय परिवहन कार्यालय परिसर में वृहद परिवहन मेला आयोजित

बरेली(आज समाचार सेवा)। संभागीय परिवहन कार्यालय, परिसर में वृहद परिवहन मेला आयोजित राजस्व सृजन-सह-नागरिक सेवा सुविधा मंच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मा. विधायक, बिथरी चैनपुर, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न सेवा काउंटरों का निरीक्षण किया गया। मेले का उद्देश्य वाहन स्वामियों एवं आम नागरिकों को परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराना, लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करना तथा विभागीय राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करना रहा। मेले में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन पंकज सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन श्री प्रणव झा, ब्लॉक प्रमुख एडवोकेट हरेन्द्र पटेल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन डॉ. प्रवेश कुमार सरोज, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन श्री वैभव सोती, यात्रीकर अधिकारी तथा कार्यालय के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले में बकाया एवं शास्ति छूट, नवीन वाहन पंजीयन, वाहन स्क्रैपेज फिटनेस एवं परमिट, नागरिक सहायता एवं अभिलेख संशोधन आदि सेवाएं उपलब्ध करायी गयी।



श्रम विभाग द्वारा सरदार पटेल की जयन्ती पर गोष्ठी आयोजित

बरेली(आज समाचार सेवा)। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जंयती के उपलक्ष्य में श्रम विभाग द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन विकास भवन, सभागार बरेली में किया गया। गोष्ठी में सर्वप्रथम सरादार बल्लभ भाई पटेल जी की मूर्ति पर मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण किया गया एवं अन्य सभी स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा उनके जीवन दर्शन एवं उनके राष्ट्र के एकीकरण करने में अभूतपूर्व साहस की प्रशंसा की गई हैं। स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में उनके सरहानीय योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त, स्वत: रोजगार, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं श्री कृष्ण स्वरूप सक्सेना, भारत सेवक समाज, श्री सुधीर उपाध्याय, धर्मनिष्ठ हरिश्चन्द्र फांउडेशन, श्री जगदीश शर्मा, राष्ट्रीय प्रतिनिधि भारतीय मजदूर संघ, श्री गिरीश चन्द्र पाण्डेय, जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ द्वारा अपने विचार प्रकट किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बाल गोविन्द, सहायक श्रमायुक्त, बरेली द्वारा की गई। श्रम विभाग से श्री आर. के. चतुर्वेदी, श्री राकेश कुमार, श्री वी. के. त्रिवेदी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं अन्य विभागों से अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के अंत में एकता एवं अखण्डता की शपथ ग्रहण करने के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।



सपा विधायक अताउरहमान ने भाजपा सरकार को घेरा, केसर मिल पर किसानो का 162 करोड बकाया दिलाने की माँग की

बहेडी(आज ब्यूरो)। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर किसानों का केसर चीनी मिल पर बकाया 162 करोड़ रुपए के भुगतान एवं चीनी मिल बंद ना होने को लेकर बहेड़ी विधायक अताउर रहमान के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी गोपाल शर्मा के माध्यम से महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को एक ज्ञापन सौंपने गये तो पता चला कि तहसील के सभी अधिकारी 3 बजे चले गये और कोई अधिकारी नहीं मिला।कमरूद्दीन सैफी, जिला सचिव ठा. चंद्र पाल सिंह, जिला सचिव अमित सिंह, चौधरी अनीत पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

सूचना

हम दोनों पति -पत्नी अपने बड़े पुत्र रोहित कुमार सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती स्वाति कटारिया को उनके गलत दुर्व्यहार एवं गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से हमेशा के लिए बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है अगर वह दोनों कोई भी कृत्य अथवा लेन देन करते है तो वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे हम दोनों व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। दिनेशपाल सिंह पुत्र गंगा सिंह व श्रीमती मिथलेश पत्नी दिनेश पाल सिंह नि.मो. लक्ष्मीनगर संजयनगर बाईपास थाना बारादरी जिला बरेली। पीसीनं.८७८७

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी का बरेली पहुंचने पर जोरदार स्वागत

बरेली(आज समाचार सेवा)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आदरणीय श्री राजकुमार भाटी जी पीलीभीत में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक दिन पूर्व बरेली पहुंचे। बरेली आगमन पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। तुला शेरपुर में एक होटल अविनाश गुर्जर एवं सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी, पीलीभीत जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव,रत्नेश गंगवार, जितेंद्र मुंडे, दिनेश यादव, अरविंद यादव, हरिओम प्रजापति, रामसेवक प्रजापति, बृजेश श्रीवास्तव, जमुना प्रसाद मौर्य, डॉ. अशोक यादव,स्मिता यादव, हुरिया रहमान,शशि चन्द्र,गौरव प्रधान, राकेश पटेल, प्रताप प्रजापति,मुनेंद्र यादव,विदेश सिंह एवं मन सोनकर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद राजकुमार भाटी जी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सोनकर के आवास पर पहुंचे, जहां उनका फूल-मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया इस दौरान बरेली एवं पीलीभीत के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी का बरेली पहुंचने पर जोरदार स्वाग झंकार होटल में जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव सहित पार्टी पदाधिकारियों ने किया अभिनंदन, सुरेंद्र सोनकर के आवास पर भी हुआ भव्य स्वागत हुआ इधर अविनाश गुर्जर एवं सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी, पीलीभीत जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव,राजेश अग्रवाल,रत्नेश गंगवार, जितेंद्र मुंडे, दिनेश यादव, अरविंद यादव, हरिओम प्रजापति, रामसेवक प्रजापति, बृजेश श्रीवास्तव, जमुना प्रसाद मौर्य, डॉ. अशोक यादव, गौरव प्रधान, राकेश पटेल, प्रताप प्रजापति एवं मन सोनकर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे इसके बाद राजकुमार भाटी जी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सोनकर के आवास पर पहुंचे, जहां उनका फूल-मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।



बरेली सिनेमा
जगत में
ता 30 से रोजाना 3 शो
रेट 40 60
जेलर-2
पात्र- रजनी कांत

वारण्टियों को पकड़ने गयी पुलिस टीम पर हमला, वर्दी फाड़ी, पिस्टल छीनने का प्रयास

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर आरोपियों ने हमला कर दिया और आरोपितों ने एक वारंटी को छुड़ा लिया। इस दौरान हमलावारों ने सिपाही की वर्दी फाड़ दी बिल्ले नोचे व दरोगा की पिस्टल छीनने का प्रयास किया। हमले के दौरान दरोगा समेत दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस को जान बचाकर मौके से भागना पड़ा। सूचना पर थाना प्रभारी विनोद सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हमलावरों को खदेड़ कर वारंटी समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हल्का दरोगा की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में एक दर्जन नामजद सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी राशिद जाहिद वाहिद अजहर साबिर इमरान भोला को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। सीबीगंज थाना प्रभारी विनोद सिंह के मुताबिक शुक्रवार की शाम हल्का इन्चार्ज उपनिरीक्षक पवन कुमार शर्मा कांस्टेबल अरविंद कुमार अंजलि सचिन धामा संजय कुमार आदि अपनी टीम के साथ

एक दर्जन नामजद सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज

तिलियापुर गांव में फरार चल रहे वारंटी भोला लईक पुत्रगण शर्फुद्दीन को पकड़ने गई थी और लईक को पकड़ लिया। अपने आप को घिरता देख आरोपियों ने इस दौरान गांव के कुछ महिलाओं व पुरुषों को बुला लिया उन्होंने पुलिस टीम पर हमला कर दिया और लईक को पुलिस से छुड़ा लिया। बेखौफ हमलावारों ने दरोगा की पिस्टल छिनने का प्रयास किया। सिपाही अरविंद की बर्दी फाड़ दी नेम प्लेट व बिल्ले नोच डाले। हमले में दरोगा व सिपाही घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनोद सिंह पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और हमलावरों को खदेड़ कर अन्य पुलिस कर्मियों को उनके चंगुल से छुड़ाया। बाद में पुलिस ने वारंटी लईक को गिरफ्तार लिया। हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक पवन शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने भोला लईक पुत्रगण शर्फुद्दीन उर्फ सिपइया नेहा पत्नी भोला कुबरा पत्नी लईक आदिल पुत्र नन्हे शरमीम पत्नी नन्हे टेलर तौहिद पुत्र लईक शबिर पुत्र मुंशी जाहिद पुत्र शाबिर राशिद पुत्र जाहिद शाहिद पुत्र शाबिर निवासी गढ़ तिलियापुर सीबीगंज व इमरान पुत्र अनीश निवासी गौतारा मीरापुर थाना फतेहगंज पश्चिमी व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज किया था।

श्री धर्महरि चित्रगुप्त धाम एवं वानप्रस्थ आश्रम गर्भ गृह की पहली शिला का हुआ पूजन

बरेली (आज समाचार सेवा)। श्री चित्रगुप्त समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा आज अदूपुरा जागीर मे श्री धर्महरि चित्रगुप्त धाम एवं वानप्रस्थ आश्रम गर्भ गृह मे विधि विधान से पंडित अनिल शर्मा जी एवं अन्य पुरोहितो ने गर्भ ग्रह का पूजन कराया, तथा भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी किया गया गर्भ गृह मे पहली शिला बन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने रख कर पूजन किया इसके बाद ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष राकेश कुमार सक्सेना एवं अरविंद जौहरी ने शिला पूजन किया इसके उपरांत लगभग 400 लोगो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया द्य राकेश सक्सेना ने बताया कि भव्य, दिव्य चित्रगुप्त धाम एवं वानप्रस्थ आश्रम का निर्माण दीपावली के तुरंत बाद शुरू कर दिया जायेगा।



इस अवसर पर, रवि जौहरी, प्रियांक सक्सेना, गौरव सक्सेना, संजीव कुमार, रूपम जौहरी, अरविंद जौहरी, आतुर सक्सेना,पवन सक्सेना, प्रतिभा जौहरी, ममता जौहरी, पूनम सक्सेना, सी ए मनोज सक्सेना, शालिनी जौहरी, कायस्थ चेतना मंच के अध्यक्ष, संजय सक्सेना, कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना, प्रधानाचार्य, मनोज कुमार, पंकज सक्सेना, अखिलेश कुमार,नीलम रानी आदि लोग उपस्थित थे।

विद्या वर्ल्ड स्कूल में अतुल्य भारत प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। विद्यार्थियों को भारत की संस्कृति, प्रगति, विशेषताओं, उपलब्धियों व गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूक करने हेतु पांचाल नगरी बौद्धिक एवं सांस्कृतिक संगठन द्वारा गत



दिवस विद्या वर्ल्ड स्कूल में आयोजित अतुल्य भारत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। कक्षा 7 के गौतम शर्मा ने प्रथम, कक्षा 8 के सचिन कुमार वर्मा ने द्वितीय, कक्षा 8 की आद्या यादव ने तृतीय स्थान और खिजरा हयात, अंश जॉनसन, मयंक सिंह, पारस राठौड़, अनुष्का ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। संगठन अध्यक्ष संजय नेगी और संजीव शर्मा ने विजेताओं को स्मृति-चिह्न और उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र एवम सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

तमंचा व कारतूस के साथ पुलिस ने अलग अलग जगहों से दो को किया गिरफ्तार

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर अलग अलग जगहों से दो को किया गिरफ्तार बल्लिया पश्चिमी अंडरपास के पास से चांदबाबू पुत्र तुफैल अहमद निवासी शीशगढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। इसके अलावा मुखबिर की सूचना पर रबर फैक्ट्री के अंदर गेट के पास से परमीलाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम लोहार नगला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 12 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेला भेजा है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

अपना दल एस ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन कर मनाई जयंती, किया माल्यार्पण

बरेली (आज समाचार सेवा)। अपना दल (एस) बरेली के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनुज कुमार गंगवार के नेतृत्व में भारत के लौहपुरुष एवं अखंड भारत के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पटेल चौक स्थित सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सरदार पटेल जी के अद्वितीय व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार थे। उन्होंने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व के बल पर देशी रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का विचार सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। राष्ट्रीय एकता,



सामाजिक न्याय, समान अवसर और सामाजिक समरसता को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी सरदार पटेल के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज के वंचित, शोषित, पिछड़े एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों, सम्मान और सामाजिक भागीदारी के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता, सामाजिक भागीदारी और राष्ट्रहित के मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही संकल्प लिया कि सरदार पटेल के विचारों एवं उनके राष्ट्रनिर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर जिला महासचिव एडवोकेट गोपेन्द्र पाल, जिला महासचिव मनोज गंगवार, जिला महासचिव अजय गंगवार, प्रदेश सचिव व्यापार मंच सतीश ऋषिवाल, जिला मीडिया सचिव जी.डी. गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष साविर हुसैन, जिला सचिव मनीष कुमार, जिला सचिव परितोष विजेता, विधानसभा अध्यक्ष मीरगंज कारण गंगवार, सदस्य कार्यकारिणी रवि पटेल, चिकित्सा मंच सदस्य डॉ. राजाराम, एडवोकेट नागेंद्र पटेल, विकास गंगवार सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नन्हे-मुन्नों ने पिकनिक में की खूब मस्ती, टॉय ट्रेन व झूलों का लिया आनंद

बरेली (आज समाचार सेवा)। नैनीताल रोड स्थित श्री गुलाबराय मॉन्टेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की मुख्य शाखा के जूनियर विंग में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली एक दिवसीय विशेष पिकनिक का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. राजेश अग्रवाल जौली ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रधानाचार्य श्री रणवीर सिंह रावत एवं समन्वयक डॉ. विनीता सक्सेना ने संयुक्त रूप से नन्हे-मुन्नों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पिकनिक की शुभकामनाएं दीं। गणमान्य अतिथियों द्वारा किए गए इस उल्लासपूर्ण शुभारंभ से बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनमें विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। इसके पश्चात बच्चों ने टॉय ट्रेन की रोमांचक सवारी का आनंद लिया। साथ ही झूले, मैरी-गो-राउंड, कोलंबस, जंपिंग जैक और ट्रैम्पोलिन जैसी मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। संगीत की धुनों पर थिरकते हुए बच्चों ने जमकर नृत्य किया और पूरे पिकनिक स्थल को अपनी खिलखिलाहट से गुलजार कर दिया। बच्चों की खुशियों को दोगुना करने के लिए उन्हें चॉकलेट भी वितरित की गईं, जिन्हें पाकर नन्हे-मुन्नों के चेहरे खिल उठे। घर में बने स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेते हुए बच्चों ने अपने मित्रों के साथ खूब मस्ती की और यादगार पल बिताए। कहीं बच्चों की खिलखिलाती हंसी सुनाई दे रही थी, तो कहीं उनके थिरकते कदम और उछलते-कूदते अंदाज वातावरण में नई ऊर्जा भर रहे थे। सचमुच, यह विशेष पिकनिक नन्हे-मुन्नों के लिए मनोरंजन, उल्लास, आपसी मेलजोल और सुनहरी यादों से भरा एक अविस्मरणीय दिन साबित हुई।



सरदार पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता की ली शपथ

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर थाना फतेहगंज पश्चिमी परिसर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रवीन कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।कार्यक्रम के दौरान यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज एवं रेड रोजेज स्कूल के छात्र-छात्राओं, पुलिसकर्मियों और गणमान्य नागरिकों ने हाथ आगे बढ़ाकर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ ली। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं देश की एकता और अखंडता के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने सभी से राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर रमन कुमार जायसवाल, जसवीर सिंह, विनोद सिंह, राजा जायसवाल, गणेश गोपाल, विपिन जायसवाल, असद अंसारी सहित पुलिस स्टाफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अधिवक्ता परिषद ने जिला कार्यालय पर स्वाध्याय मंडल किया आयोजित

बरेली (आज समाचार सेवा)। अधिवक्ता परिषद ब्रज जिला इकाई बरेली ने अपने जिला कार्यालय पर स्वाध्याय मंडल कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें काफी अधिवक्ताओं ने सहभागिता की। जिला मीडिया प्रभारी अधिवक्ता राजीव वर्मा ने बताया कि मुख्य वक्ता महिला अधिवक्ता रविकर यादव ने 'फॉरेंसिक विज्ञान का भारतीय न्याय व्यवस्था में महत्व 'विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी उपस्थित अधिवक्ताओं को



प्रदान की। मुख्य वक्ता ने अधिवक्ताओं के तमाम प्रश्नों के उत्तर देते हुए न्याय के क्षेत्र में फ़ॉरेंसिक विज्ञान से जुड़ी तमाम जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान भी किया। स्वाध्याय मंडल कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमपाल सिंह एडवोकेट एवं संचालन स्वाध्याय मंडल प्रभारी रूपेश कुमार ने किया। इस दौरान जिला संरक्षक ईश्वरी प्रसाद वर्मा,पूरन लाल प्रजापति,राजेंद्र प्रसाद मम्मा,संगठन के जिला अध्यक्ष ओमपाल सिंह,विनोद कनौजिया,महामंत्री हजारी लाल,उदयवीर सिंह यादव, केपी यादव,जिला मीडिया प्रभारी राजीव वर्मा,स्वाध्याय मंडल प्रभारी रूपेश कुमार, कमल कुमार,कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा,सत्य भानु सिंह तोमर,अमित सक्सेना,प्रेम सिंह,तेजपाल सिंह,राणा प्रताप सिंह,आंचल सक्सेना,संजय सक्सेना,सोमपाल,पुनीत आर्य,अरुण गुप्ता,आदि अधिवक्ता उपस्थित रहें। स्वाध्याय मंडल कार्यक्रम में शामिल सभी अधिवक्ताओं का आभार जिलाअध्यक्ष ओमपाल सिंह द्वारा व्यक्त किया गया।

रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के प्रति जागरूकता पर राष्ट्रव्यापी कार्यशाला आयोजित

बरेली (आज समाचार सेवा)। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के बी.एड. एम.एड. विभाग एवं शैक्षिक संचार संकाय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के प्रति जागरूकता विषयक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। शैक्षिक संचार संकाय की शैक्षणिक पहुँच विस्तार पहल 2026-27 के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की अवधारणा, संरचना तथा विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उनके क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। कार्यशाला कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय तथा शैक्षिक संचार संकाय, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. परीक्षित सिंह मनहास के संरक्षण में आयोजित की गई। कार्यक्रम की निदेशक प्रो. संतोष अरोड़ा, डीन एवं विभागाध्यक्ष रहीं। समन्वयक प्रो. क्षमा पांडेय, डॉ. आभा त्रिवेदी एवं डॉ. नीरज कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन एवं विभिन्न सत्रों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ शैक्षिक संचार संकाय की परियोजना सहयोगी सृष्टि राणा के स्वागत संबोधन से हुआ। इसके पश्चात कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने उद्घाटन संबोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संकाय की शैक्षणिक गतिविधियों पर आधारित प्रस्तुति भी दिखाई गई। तकनीकी सत्र में शैक्षिक संचार संकाय की मेहक अरोड़ा ने मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की मूलभूत अवधारणा एवं संरचना पर व्याख्यान दिया। इसके बाद मध्य प्रदेश स्थित डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के शैक्षिक मल्टीमीडिया अनुसंधान केंद्र के निर्माता माधव चंद्र ने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में इन पाठ्यक्रमों के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी दी। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। समापन सत्र में डॉ. आभा त्रिवेदी ने संबोधन प्रस्तुत किया, जबकि सृष्टि राणा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों से परिचित कराना तथा उच्च शिक्षा में डिजिटल शिक्षण-अधिगम को प्रोत्साहित करना रहा।

एमजेपीआरयू में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का भव्य आयोजन

बरेली (आज समाचार सेवा)। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में भारत के लौह पुरुष एवं राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अनेक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्होंने पूरे विश्वविद्यालय परिवार में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत खेल विभाग द्वारा आयोजित जोशीली 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) से हुई, जिसका शुभारंभ माननीय कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से प्रारंभ होकर विधि विभाग तक आयोजित इस दौड़ में बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने विधि विभाग परिसर में स्थापित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधि विभाग में आयोजित समारोह का प्रारंभ माँ सरस्वती के दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। एलएलएम छात्राओं सुकृति अग्निहोत्री और वैष्णवी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का स्वागत भाषण फैकल्टी ऑफ लीगल स्टडीज़ के हेड एवं डीन प्रो. (डॉ.) अमित सिंह ने दिया, जिन्होंने सरदार पटेल के असाधारण नेतृत्व पर प्रकाश डाला और आज के भारत में राष्ट्रीय एकता की सदैव रहने वाली अहमियत पर ज़ोर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री मनोज हरित, अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, बरेली, और श्री दीपक पांडे, सचिव, बार एसोसिएशन, बरेली ने राष्ट्रीय एकता, संवैधानिक मूल्यों और देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने को मज़बूत करने में कानूनी बिरादरी की ज़िम्मेदारियों पर अपने विचार साझा किए। एडवोकेट प्रतिपाल सिंह, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, आरएसएस बरेली, ने एकजुट समाज को बढ़ावा देने में भारतीय सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के महत्व पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में आज़ादी के बाद रियासतों को एक करने में सरदार पटेल की असाधारण दूरदर्शिता, पक्के इरादे और नेतृत्व क्षमता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें एकता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि देश की तरक्की के लिए राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक अखंडता अत्यंत आवश्यक है तथा विद्यार्थियों को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में इन आदर्शों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता केवल एक विचार नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय चरित्र का आधार है, तथा युवाओं को शिक्षा, अनुशासन, खेल भावना और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से सशक्त, समरस एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। दूसरे सत्र में 'भारत के राजनीतिक एकीकरण और एक मज़बूत संघ के निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका' विषय पर एक अकादमिक चर्चा तथा भाषण/निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। सत्र की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) वी. के. गुप्ता और डॉ. अरुण प्रकाश सिंह ने की। माननीय कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय के प्रेरणादायी नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता, नेतृत्व और सदैव रहने वाली विरासत को एक सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिवार को एकता और अखंडता के संकल्प के प्रति प्रेरित किया।



सूचना
हमने अपने पुत्र **गुलाम वारिस** को उसके गलत चाल चलन के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमसे व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। शराफत पुत्र सुखन व श्रीमती नासरा बी पत्नी शराफत, निवासी ग्राम चनहेटा, थाना कैण्ट, बरेली। cmn-8788

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर**-बैंक रोड, **प्रयागराज**-3 लीडर रोड, **कानपुर**-बांस मण्डी, **झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 **पूर्ण संख्या**-***13279***

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

इंदिरा गांधी, सरदार पटेल व आचार्य नरेंद्र देव की जयंती पर कांग्रेसियों ने गरीबों को फल वितरित कर दी श्रद्धांजलि

बरेली (आज समाचार सेवा)। आज महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा के नेतृत्व में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी के उनके निधन से देश को ऐसी अपूरणीय क्षति हुई, जिसका एहसास आज भी होता है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी जी ने देश की एकता, अखंडता और आर्थिक मजबूती के न्याय और प्रगति के लिए समर्पित किया। हमें उनके विचारों और बताए हुए रास्तों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए तथा सदैव देश की उन्नति और जनकल्याण के बारे में सोचना



शहादत दिवस तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं महान समाजवादी चिंतक आचार्य नरेंद्र देव जी की जयंती के अवसर पर जिला अस्पताल में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को फल वितरित किए गए। इसके उपरांत एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर तीनों महान विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि आज का दिन देश के इतिहास में अत्यंत दुखद और महत्वपूर्ण दिन है। इसी दिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की हत्या कर दी गई थी। लिए ऐतिहासिक कार्य किए। यदि आज वह हमारे बीच होतीं तो निश्चित रूप से देश की तस्वीर कुछ और होती। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल और आचार्य नरेंद्र देव जी के योगदान को भी याद करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल, आचार्य नरेंद्र देव और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जैसी महान शख्सियतें सदियों में एक बार जन्म लेती हैं। इन महापुरुषों और महान नेताओं ने अपना संपूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता, सामाजिक चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ मेहदी हसन एवं राजाराम साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि हम सबको तीनों महान विभूतियों के आदर्शों को अपनाने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना होगा। मुख्यरूप से मेहँदी हसन , राजा राम साहू, तब्बसुम खान , फिरदौस जहाँ निशा खान, मो.ज़की , ज़ीशान अफरीदी , मो.जुबैर, रमेश श्रीवास्तव , सुरेश दिवाकर , मो .क़ासिम , सफ़दर अली बुखारी , मो.शहीद खान , तीरथ मधुकर , मो क़ासिम, नरेंद्र साहू, हारून अली, मनदीप राव एवं आशीष साहू, फरीन खान आदि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ की भदपुरा ब्लॉक इकाई का गठन

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। ब्लॉक संसाधन केन्द्र क्योलडिया पर उत्तर प्रदेश उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ की भदपुरा ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। जिला महामंत्री राजपाल गंगवार की अध्यक्षता और पर्यवेक्षक भगवंत सरन की उपस्थिति में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी चुनी गई। इसमें नीलाम्बर सिंह गंगवार को ब्लॉक अध्यक्ष और धर्मवीर गंगवार को ब्लॉक मंत्री मनोनीत किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गजेन्द्र पाल सिंह और जिला संयुक्त मंत्री अरविन्द कुमार भी मौजूद रहे। संगठन के विस्तार पर हर्ष जताते हुए प्रमोद कुमार, राजवीर गंगवार, नरेश कुमार, हरीश गंगवार, रामबृज मौर्य और आशुतोष कुमार सहित तमाम शिक्षकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किय।

पॉक्सो एक्ट में दोषी को तीन साल की सजा

बरेली (आज समाचार सेवा)। थाना शाही क्षेत्र में 22 मार्च 2016 को स्कूली छात्रा के साथ हुई छेड़छाड़ और उत्पीड़न के गंभीर मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नरेंद्र प्रकाश ने आरोपित लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव निवासी दुनकी को दोषी पाते हुए तीन साल के कठोर कारावास से दंडित किया है। यह घटना तब घटी जब पीड़िता स्कूल से वापस लौट रही थी और रास्ते में आरोपित ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया था, जिसे आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर बचाया और आरोपित को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। सरकारी वकील सरनाम सिंह व आलोक प्रधान ने कोर्ट में 6 गवाह पेश किए। दोषी को 10000 रुपये जुर्माना भी भुगतना होगा

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अतुल कुमार का किया स्वागत

बरेली (आज समाचार सेवा)। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता दिल्ली निवासी अतुल कुमार का लाल बहादुर गंगवार ने किया स्वागत.. अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय सभा के बैनर तले आज जिला संरक्षक लाल बहादुर गंगवार के निवास पर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता दिल्ली निवासी अतुल कुमार गंगवार का सरदार पटेल पुरस्कार प्रदान कर सम्मान प्रदान किया गया है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राहुल यदुवंशी द्वारा भी शुभकामनाएं प्रेषित की गई ज्ञात हो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा को प्रोड्यूसर फीचर फिल्म के रूप में गत वर्ष राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया था. वह पिछले 20 वर्षों से टीवी इंडस्ट्री में प्रोग्रामर की भूमिका भी निभा रहे हैं कई बार इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में उनकी उपस्थिति दर्ज होती है उनके साथ गीत एवं गजल गायक तथास्क्रिप्ट राइटर जे प्रसाद भी साथ में रहे. ज्ञात हो 2 वर्ष पूर्व होटल निरवाड़ा में फिल्म उद्योग की इन दोनों हस्तियों ने दुल्हनिया ले जाएंगे की शूटिंग की थी. फिल्म की 50% शूटिंग बरेली में ही की गई और बरेली की कई प्रतिभाओं को मौका दिया गया आज अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय सभा की बरेली इकाई द्वारा जिला संरक्षक लाल बहादुर गंगवार के निर्देशन में उनके आवास पर फिल्म जगत की प्रतिभाओं को पटेल जयंती के अवसर पर पटेल सम्मानसे विभूषित किया. प्रताप हॉस्पिटल के निदेशक डॉ वीरेंद्र प्रताप गंगवार पूर्व पार्षद अशोक गंगवार राहुल यदुवंशी इत्यादि द्वाराआभार शुभकामनाएं प्रेषित की गई. झारखंड के गवर्नर संतोष गंगवार ने पटेल सम्मान दिए जाने के फल स्वरुप कार्यक्रम संयोजक लाल बहादुर गंगवार की प्रशंसा की और दूरभाष पर कहा इस प्रकार से प्रतिभाओं का सम्मान करने से मनोबल बढ़ता है।



IRCTC
इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी आमंत्रित करता है:–
खुली ई-निविदा सं.: 2026/आईआरसीटीसी/कैट./रिफ्रेशमेंट रूम/दिसम्बर/26 निम्नलिखित स्टेशनों के 5 वर्षों की अवधि के लिए रिफ्रेशमेंट रूम में खानपान सेवाओं के प्रावधान हेतु सह ई-नीलामी बोली दस्तावेज। एमटीजे(ए1) = 200 वर्ग मीटर, केएलके(ए) = 144 वर्ग मीटर, इटीडब्लू(ए) = 63.2 वर्ग मीटर, एनजीओ (ए) = 94.41 वर्ग मीटर, टीडीएल(ए1) = 137.22 वर्ग मीटर, पीटीके(ए) = 75.4 वर्ग मीटर। प्री-बिड मीटिंग की तिथि **06.11.2026 को 11:00 बजे**, और बोली जमा करने की अंतिम तिथि **01.12.2026 को 15:00 बजे** तक है।
निविदा दस्तावेज़ **"www.irctc.com" "http://www.tenderwizard.com/IRCTC"** और **"eprocure.gov.in/cppp** वेबसाइटों से डाउनलोड किए जा सकते हैं, और इन्हें केवल **http://www.tenderwizard.com/IRCTC** पर ही जमा/स्वीकार किया जाएगा।
उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में जारी कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
जीजीएम (उत्तरी क्षेत्र) आईआरसीटीसी लिमिटेड, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

कार्यालय नगर निगम बरेली

सम्पत्ति कर विभाग, सर्व साधारण हेतु सूचना।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 (1) के अन्तर्गत निम्न सूची में अंकित आवेदनकर्ता के नामान्तरण की कार्यवाही नगर निग्न बरेली के सम्पत्ति कर विभाग द्वारा की जा रही है यदि किसी को निम्न आवेदन पत्रों पर कोई आपत्ति है तो प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के अन्दर अपनी आगत्ति सम्पत्ति कर विभाग नगर निगम बरेली में प्रमाण सहित प्रेषित करें, निर्धारित अवधि के अन्दर आपत्ति प्राप्त न होने पर आवेदकों का नाम उनके सम्मुख गृह संख्या में अंकित कर दिया जायेगा, निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

क्र0 सं0	आई0डी0 नं0	भवन संख्या व मोहल्ले का नाम	आवेदक का नाम	नगर निगम अभिलेखों में स्वामियों का नाम	प्रस्तावित नामान्तरण का आधार	भाग	जोन नं0
01	091370206128470 6M	446/550/1/4 बहमपुरा कानून गोयान	श्री नीरज कुमार चंद्रा पुत्र श्री शंकरलाल	श्री तरूण सुराना पुत्र श्री नरेश सुराना	बैनामा	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
02	033743	172/297 नेकपुर	श्रीमती ज्योति सक्सेना पत्नी श्री प्रतीक कुमार सक्सेना व श्री प्रतीक सक्सेना पुत्र श्री प्रदीप कुमार सक्सेना	श्रीमती तारा सक्सेना पत्नी श्री आर0डी0 सक्सेना	दान–पत्र	जुज भाग	जोन – 02
03	068631	182/1 कहरवान सौदागरान	श्रीमती मनोरमा देवी पत्नी श्री राधा रमन माहेश्वरी व श्री प्रवीन माहेश्वरी पुत्र श्री राधा रमन माहेश्वरी	श्री नरेश चन्द्र, श्री मंजू रस्तोगी	बैनामा	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
04	049110	414/467 सिकलापुर	श्रीमती रेनू अग्रवाल पत्नी श्री अजय अग्रवाल	श्री सुंदरा लाल	बैनामा	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
05	043208	1463/915 नेकपुर	श्री राम बाबू पुत्र स्व0 श्री राम कुमार	श्री राम कुमार पुत्र श्री कोमिल प्रसाद	मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान प्रमाण पत्र	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
06	064369	541/475/563 सौदागरान	श्रीमती मंजू चटर्जी पत्नी स्व0 श्री अशोक कुमार चटर्जी	श्री बद्री प्रसाद पुत्र श्री बल्देव प्रसाद	मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान प्रमाण पत्र	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
07	036322	120/119 दर्जी चौक सौदागरान	श्री मोहित रस्तोगी पुत्र श्री आर्येन्द्र कुमार रस्तोगी	श्री आर्येन्द्र कुमार रस्तोगी	वसीयतनामा	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
08	054098	169/168/179 कटरा मानराय बजरिया पूरनमल	श्री खीमाराम पुरोहित पुत्र श्री वाला जी पुरोहित	श्री रामेश्वर दयाल पुत्र श्री जानकी प्रसाद	बैनामा	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
09	037607	259/251 जकाती बजरिया पूरनमल	श्रीमती मोनिका सेठी पत्नी श्री आशीष सेठी	श्री अमित कुमार पुत्र श्री अखिलेश कुमार बिसारिया	बैनामा	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
10	017766	23/23/26 ब्रहमपुरा कानून गोयान	श्री विनय शर्मा पुत्र श्री काली चरन शर्मा	श्री शाहू राम अवतार, श्री काली चरन पुत्र श्री केशव देव	बैनामा	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
11	037975	14/52 to 1/2 सराय खाम आजम नगर	श्री राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री जय जय राम अग्रवाल	श्री अशोक कुमार	बैनामा	जुज भाग	जोन – 02
12	070230	313/1/2 कहरवान सौदागरान	श्री अनिल जैन पुत्र श्री हेम चन्द्र जैन	श्री महेन्द्र कुमार रस्तोगी, श्रीमती शांति रस्तोगी	बैनामा	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
13	070006	288 कहरवान सौदागरान	श्री रवि जौहरी व श्री राजीव जौहरी पुत्रगण स्व0 श्री रामा शंकर जौहरी	श्री रामा शंकर जौहरी	वसीयतनामा	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
14	060469	72/63/ A मदारी गेट, सौदागरान	श्री सत्य प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री किशोर चन्द्र	श्री किशोर चन्द्र	बैनामा	जुज भाग	जोन – 02
15	058687	40/40 गली नवाबन बजरिया पूरनमल	श्रीमती सायमा खान पत्नी श्री मोहम्मद अजमल व श्री मोहम्द अजमल पुत्र स्व0 श्री कसीम हिफजुर रहमान	श्रीमती दुर्गा पंत, श्री विनोद कुमार	बैनामा	जुज भाग	जोन – 02
16	033283	25/25/30 जकाती बजरिया पूरनमल	श्री गिरीश गर्ग पुत्र स्व0 श्री सत्य प्रकाश गर्ग	श्रीमती शंकुतला देवी पत्नी श्री एस0 पी0 गर्ग	बैनामा	सम्पूर्ण भाग	जोन – 02
17	057480	808/95 नौमहला सि0ला0	श्रीमती गीता पत्नी श्री विजय सिंह मौर्य व आयुष कुमार मौर्य पुत्र श्री विजय सिंह मौर्य	प्रशांत अरोरा पुत्र अशोक अरोरा	बैनामा	जुज भाग	जोन – 02
18	016468	342/298 शहदाना बरेली।	प्रिंस कुमार पुत्र श्री कृष्णा नन्द	राधा किशन	बैनामा	जुज भाग	जोन – 02
19	056504	104/111/120 आलमगिरीगंज बरेली।	शबीना बेगम पत्नी श्री मो0 सलीम	संजय आनंद पुत्र कृष्ण लाल, बीना मल्होत्रा, शशी आनंद	बैनामा	पूरा भाग	जोन – 02
20	014902	382/434 फाल्तूनगंज बरेली।	सीमा अग्रवाल पत्नी सतीश कुमार अग्रवाल, मयंक अग्रवाल पुत्र सतीश कुमार अग्रवाल, मानसी अग्रवाल पुत्री सतीश अग्रवाल	सतीश कुमार अग्रवाल पुत्र रामनाथ अग्रवाल	वारिसान	पूरा भाग	जोन – 02
21	049047	206/210, 212 बांसमण्डी बरेली।	इकबाल अहमद पुत्र नूर अहमद	हाजी मौहम्मद शफी	बैनामा	पूरा भाग	जोन – 02
22	061309	1133–ए/164–4 सि0ला0 बरेली।	गौरव रस्तोगी पुत्र स्व0 अनिल कुमार रस्तोगी	केशव राज सिंह पुत्र श्री रघुराज सिंह व श्रीमती शशि सिंह पत्नी श्री केशव राज सिंह	बैनामा	पूरा भाग	जोन – 02

लौह पुरुष की जयंती पर एकता व संप्रभुता का दिया संदेश

सरदार पटेल की जयंती पर कलक्ट्रेट सभागार में दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ





बरेली(आज समाचार सेवा)। आधुनिक भारत के शिल्पकार, राष्ट्रीय एकीकरण के सूत्रधार, स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सरदार बल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह सहित कैक्टरेट का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जनपद की समस्त तहसीलों एवं विकास खण्डों में भी राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई तथा विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विद्यालयों में आयोजित हुईं स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर आधारित स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी भाईचारे एवं देशभक्ति का संदेश दिया ।विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेटों ने अपने शिक्षकों के साथ डोरीलाल स्टेडियम पहुंचकर प्रभात फेरी निकाली तथा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाने के उपरांत अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा भी जागरूकता रैलियां निकाली गईं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं देश की अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया गया।इसी क्रम में श्रम विभाग द्वारा विकास भवन सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं व्यक्तित्व पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सरदार पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान, स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका तथा देश की रियासतों के एकीकरण में उनके ऐतिहासिक प्रयासों पर विचार व्यक्त किए गए। उपस्थित लोगों को उनके आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया **मीरगंज** बरेली ।भारत रत्न,लौह पुरुष और एक भारत- श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती स्थानीय नगर समेत तहसील के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में समारोहपूर्वक मनाई गई। राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री का संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता , अखंडता और सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम के दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। तहसील सभागार पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसडीएम निधि शुक्ला , तहसीलदार आशीष कुमार सिंह तहसीलदार (न्यायिक) भानु प्रताप ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये व उपस्थित को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए एसडीएम मीरगंज ने कहा कि हम सभी को चाहिए कि अपने राष्ट्र के चिंतन के लिए एक होकर देश को शक्तिशाली बनाएं।तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने कहा कि किस प्रकार पटेल जी ने भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अथक प्रयास किये ।यही कारण है कि आधुनिक भारत के शिल्पकार पूर्व गृहमंत्री व पूर्व उप प्रधानमंत्री की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है इस दौरान वक्ताओं का एक स्वर में कहना रहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की विचारधारा को आगे बढ़ाना हर नागरिक का, दायित्व है। इसी तरह तहसील गेट के सामने स्थित पराग डेयरी पर पटेल जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ यहां उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। और कहा कि वह असाधारण व्यक्ति थे।और विराट व्यक्तित्व के धनी थे। सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने बूते पर 565 रियासतों का एकीकरण किया। यहां ओमपाल गंगवार, भगवान सिंह गंगवार, जग्गू कुर्मी , रोली सिंह भदौरिया, अभिषेक गंगवार,अमरनाथ गुप्ता , सभासद सत्यवीर गंगवार बबलू आदि रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि पटेल ने देश की अखंडता के लिए जो कार्य किया वह इतिहास हो गया **।नवाबगंज** । देश के पूर्व गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । इस मौके पर नगर के पटेल चौक पर आयोजित एक जनसभा में भाजपा व अपना दल नेताओं ने उनकी देश सेवा व एकता पर विचार व्यक्त करते हुए उन्हें देश की एकता व अखंडता का प्रणेता बताते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । आयोजन में विधायक डा0 एम पी आर्य, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा0 एके गंगवार, नत्थू लाल आर्य व अपना दल नेता सुरेश पटेल आदि शामिल रहे । **बहेडी** । शनिवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती उत्साह और हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई । इस मौके पर तहसील परिसर मे विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न विघालयो के प्राचार्यों, शिक्षको एवं विधार्थियो ने एक जुट होकर रैली निकाली ।रैली के दौरान विधार्थियो ने सरदार पटेल अमर रहे, और लौह पुरुष अमर रहे जैसे नारो के साथ उनके योगदान को याद किया । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपजिलाधिकारी गोपाल शर्मा उपस्थित रहे। रैली एमजीएम इण्टरकालेज के प्राचार्य राकेश कुमार, केसर इण्टरकालेज के प्राचार्य दिवाकर शख्यघर तथा मिशन एकेडमी इण्टरकालेज के प्राचार्य डॉ प्रताप सिंह ने सहभागिता की। इस मौके पर सरदार पटेल के जीवन, उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण और देश की एकता अखण्डता बनाए रखने मे उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया। विघालयो के विधार्थियो ने उत्साहपूर्वक रैली मे भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का सन्देश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं मे देशभक्ति, आपसी समृद और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना ।

नंदी कुएं में गिरा, जेसीबी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला

मीरगंज (आज ब्यूरो)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव में बीती रात एक नंदी कुएं में गिर गया। जिसको ग्राम प्रशासक ने जेसीबी की मदद से बाहर सुरक्षित निकाल लिया है मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव कपूरपुर में देर रात किसी समय एक नंदी शुक्रवार की रात किसी समय एक कुएं में गिर गया सुबह होने पर ग्रामीणों ने देख कर गांव प्रधान/प्रशासक को इसकी जानकारी दी। जानकारी होने पर प्रशासक हरीश लोधी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से बचाव अभियान चलाया जिसको एक जेसीबी की मदद से नंदी को सकुशल कुएं से बाहर निकाला इस मौके पर ग्रामीणों के साथ पंचायत सहायक रवि कुमार वर्मा भी मौके पर मौजूद रहे।

युवक की संदिग्ध मौत, पिता ने बहू व उसके साथियों पर लगाया हत्या का आरोप

आंवला(आज ब्यूरो)। कोतवाली क्षेत्र के गुलेली गांव में शनिवार को 27 वर्षीय राहुल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनके पिता ने बहू और उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।राहुल के पिता ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ नोएडा में मजदूरी करते हैं। गांव में राहुल अपनी पत्नी के साथ रहते थे। उनकी शादी करीब एक साल पहले सिरौली की युवती से हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं—एक बेटा और एक बेटीपिता के मुताबिक, शुक्रवार रात उन्हें नोएडा में फोन पर राहुल की मौत की सूचना मिली। इसके बाद वे गांव पहुंचे। घर में राहुल का शव संदिग्ध हालत में मिला। पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बहू राहुल को रास्ते से हटाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि बहू के मायके और आसपास के कुछ दोस्त घर आते-जाते थे और उन्होंने मिलकर हत्या की साजिश रची। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आंवला इंस्पेक्टर बीनू सिंह ने बताया कि पहली नजर में मामला घरेलू कलह के कारण आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दो रोज़ा उर्स ए बशीरी व मंजूरी 5 नवंबर को

बहेडी(आज ब्यूरो) ।हर साल की तरह इस साल भी 80 वां सालाना दो रोज़ा उर्स ए बशीरी व मंजूरी 5 6 नवम्बर को आयोजित हो रहा है जिसकी तमाम होने वाली तैयारियां पूरी हो गई है आज इस दो रोज़ा उर्स ए बशीरी व मंजूरी का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया खानकाह ए आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम मुहल्ला शेखूपुर में 5 नवंबर को आयोजित होने वाले दो रोज़ा 80 वां सालाना उर्स ए बशीरी व मंजूरी की शुरुआत 5 नवंबर को रस्म ए परचम कुशाई से होगी 5 नवंबर को बाद नमाज़ मगरिब दरगाह शरीफ पर परचम कुशाई की रस्म अदायगी होगी बाद में बाद नमाज इशा दरगाह शरीफ पर एक तरही नातिया मुशायरा आयोजित होगाअपनी हर खूबी में तन्हा आप है मिस्रे पर आधारित मुशायरे में मकामी तथा बैरूनी शायर भाग लेकर इस साल 80 वां सालाना दो रोज़ा उर्स ए बशीरी व मंजूरी 5 नवम्बर को बाद नमाज फज्र खानकाह शरीफ में सलातो सलाम हल्का ए जिक्र कुरान ख्वानी बाद नमाज जोहर खत्म खव्वाजागान शरीफ होगा बाद नमाज असर पहला कुल शरीफ होगा इसमें नात व मनकबत तकरीर होकर फातिहा ख्वानी कुल शरीफ की रस्म अदायगी होगी बाद में बाद नमाज मगरिब हल्का ए जिक्र किया जाएगा बाद नमाज इशा एक शानदार जलसा ए दस्तकाबंदी आयोजित किया जाएगा जिसमें उलेमा ए इकराम की तकरीर होगी और शायर अपना कलाम सुनाएंगे बाद में जामिया गौसिया बशीरूल उलूम बहेड़ी का सालाना जशने दस्तारबंदी (दीक्षांत समारोह) आयोजित होगा जिसमें इस साल 12 छात्रों की दस्तारबन्दी होगी बाद में रात 2 बजे 80 वां सालाना दो रोज़ा उर्स ए बशीरी व मंजूरी का आखिरी कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां की खुसूसी दुआ के साथ दो रोज़ा उर्स ए बशीरी व मंजूरी रात में ही सम्पन्न हो जाएगा उर्स ए बशीरी व मंजूरी के तमाम होने वाले कार्यक्रम सज्जादनशीन सय्यद फैजी मियां मौलाना सैयद हस्नैन मियां सय्यद सिब्तैन मियां मौलाना सय्यद नूरी मियां की निगरानी में होंगे उधर इस उर्स ए बशीरी व मंजूरी में शिरकत करने आने वाले उर्स जायरीन के ठहराने की अच्छी व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी उर्स जायरीन को कोई भी परेशानी नहीं हो ।इस दो रोज़ा 80 वां सालाना उर्स ए बशीरी व मंजूरी के कार्यक्रम को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

धान क्रय केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

आंवला(आज ब्यूरो)। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार मिश्रा ने शनिवार को मंडी समिति स्थित धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रय केंद्रों पर धान खरीद की प्रगति तथा केंद्र संचालकों की उपस्थिति की गहन समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने केंद्र प्रभारियों को धान के भंडारण, किसानों के बैठने के लिए आवश्यक सुविधाओं तथा मौसम के बदलाव को देखते हुए बारिश से बचाव के इंतजामों को परखा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि केंद्रों पर तिरपाल और तिरपाल ढकने की पुख्ता व्यवस्था रखी जाए ताकि किसानों की फसल को भीगने से बचाया जा सके।एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा ने सभी केंद्र संचालकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का त्वरित गति से ऑनलाइन पंजीकरण और सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।शासन द्वारा निर्धारित समयबद्ध लक्ष्य के अनुरूप पारदर्शिता के साथ धान की खरीद की जाए।केंद्र पर आने वाले किसी भी किसान को किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी न हो।उन्होंने चेतावनी दी कि धान खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या किसानों को परेशान करने की शिकायत मिलने पर संबंधित केंद्र संचालक के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

23	7901643	192 जखीरा बरेली।	शोइब खान एवं मो0 नावेद खान पुत्रगण हिफाजत उल्ला खान	महमूदी जान पत्नी अजमत हुसैन खान	दान पत्र	पूरा भाग	जोन-01
24	062555	1224/179/21 गांधी उधान सि0ला0 बरेली।	शिवेन्द्र नाथ चौबे पुत्र स्व0 राजुलनाथ चौबे	राजुलनाथ चौबे, आर0एस0 चौबे पुत्र रामेश्वरनाथ चौबे	वसियतनामा	पूरा भाग	जोन – 02
25	049256	263/271,बांसमण्डी आलमगिरीगंज बरेली।	राम निवास वर्मा पुत्र स्व0 श्री होरी लाल वर्मा	विष्णु दत्त पुत्र श्री लक्ष्मण	बैनामा	पूरा भाग	जोन – 02
26	069885	1391ए–1 सि0ला0 गांधी उधान बरेली।	प्रफुल्ल डंगवाल पुत्र स्व0 वीरेन्द्र कुमार डंगवाल व श्रीमती प्रियंका डंगवाल पत्नी श्री प्रफुल्ल डंगवाल	वीरेन्द्र डंगवाल पुत्र श्री आर0के0 डंगवाल व श्रीमती रीता डंगवाल पत्नी श्री आर0के0 डंगवाल	बैनामा/दान पत्र	पूरा भाग	जोन – 02
27	0913702032019686आर	4–ए/136सी/2जी सि0ला0 गांधी उधान बरेली।	अखिल सक्सेना पुत्र श्री कैलाश चन्द्र सक्सेना	अध्यासी अर्चना अस्थाना, स्वेतनिक अस्थाना पत्नी स्वेतानिक अस्थाना	बैनामा	पूरा भाग	जोन – 02
28	7912863	238/238/226 भूतल को जुज भाग आलमगिरीगंज बरेली।	अनीता बंसल पत्नी सुशील कुमार बंसल	सुधीर कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 अवधेश कुमार अग्रवाल	बैनामा	जुज भाग	जोन – 02
29	7902358	506/432 शहदाना बरेली।	सुशील कुमार खण्डेलवाल पुत्र प्रहलाद राय खण्डेलवाल	प्रहलाद पुत्र रोशन लाल	वसियतनामा	पूरा भाग	जोन – 02
30	069612	37289 नौमहला बरेली।	हर्ष आनंद पुत्र स्व0 श्री श्याम सुंदर आनंद व सोनिया आनंद पत्नी श्री हर्ष आनंद	नगर पालिका जीवनदेवी	बैनामा	पूरा भाग	जोन – 02
31	058119	387/396 आलमगिरीगंज बरेली।	श्रीमती अंजू शुक्ला पत्नी श्री देवेन्द्र नाथ शुक्ला	संजीव कुमार गर्ग पुत्र ओमकार नाथ	बैनामा	पूरा भाग	जोन – 02
32	001108	एल0आई0जी0–80 सि0ला0 गांधी उधान बरेली।	श्रीमती जाकिया सिद्दीकी पत्नी श्री अनवर सिद्दीकी	कर्नल गोयल	बैनामा	पूरा भाग	जोन – 02

पत्रांक :105/सम्पत्ति कर विभाग/कर अधीक्षक/2026-27
दिनांक :- 31-10-2026

कर अधीक्षक
नगर निगम बरेली।

सुप्रीम नसीहत

उत्तर प्रदेशमें मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षणके दौरान फार्म-सातके माध्यमसे बड़े पैमानेपरनाम कटवानेके लिए फर्जी आवेदन जमा किये जानेका मामला लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी पारदर्शिता और निष्पक्षतापर गम्भीर सवाल खड़े करता है। सर्वोच्च न्यायालयके मुख्य न्यायाधीश सूर्यकान्त, न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहनाकी पीठका इस मामलेमें हस्तक्षेप और निर्वाचन आयोगको अनियमितताओंकी जांचके निर्देश देना इस बातका संकेत है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ीको सामान्य चूक मानकर नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता है। चुनावकी निष्पक्षता केवल मतदानकी व्यवस्थासे सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि इसकी बुनियादी विश्वसनीय मतदाता सूचीपर टिकी होती है। फार्म-सातका उद्देश्य मृत, स्थानान्तरित अथवा अपात्र मतदाताओंके नाम सूचीसे हटाना है, लेकिन यदि इसी वैधानिक व्यवस्थाका इस्तेमाल जीवित और पात्र नागरिकोंके नाम कटवानेके लिए किया जाने लगे तो यह मताधिकारके साथ खिलवाड़ है। किसी दूसरे व्यक्तिकी पहचान और हस्ताक्षरका दुरुपयोग कर आवेदन देना चुनावी प्रक्रियाकी विश्वसनीयताको प्रभावित करने वाला गम्भीर मामला है। इससे भी चिन्ताजनक यह है कि बड़ी संख्यामें संदिग्ध आवेदन प्रारम्भिक स्तरपर ही पकड़में क्यों नहीं आये। निर्वाचन आयोगने जांचमें फर्जी पाये गये आवेदनोंको स्वीकार किया है लेकिन केवल यह कहना पर्याप्त नहीं है कि उनके आधारपर किसी मतदाताका नाम नहीं काटा गया। यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि इतने आवेदन किसने जमा किये, उनके पीछे कौन लोग थे और क्या इस पूरे प्रकरणमें किसी स्तरपर प्रशासनिक लापरवाही या मिलीभगत रही। दोषियोंकी पहचान कर उनके खिलाफ कारवाई करना आवश्यक है, ताकि भविष्यमें ऐसी घटनाओंकी पुनरावृत्ति न हो। मतदाता सूचीके पुनरीक्षणमें पारदर्शिताके साथ नागरिकोंकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। किसी भी मतदाताका नाम हटानेसे पहले उसे अनिवार्य रूपसे सूचना दी जाय और अपना पक्ष रखनेके लिए पर्याप्त समय दिया जाय। आवेदनकी सत्यताकी जांच और शिकायतोंके त्वरित निस्तारणके लिए प्रभावी व्यवस्था भी जरूरी है। डिजिटल दौरमें निर्वाचन आयोगको अपनी सत्यापन प्रणालीको और अधिक पारदर्शी और मजबूत बनानी चाहिए। लोकतंत्रमें एक-एक वोटका महत्व है। किसी पात्र नागरिकको मतदानसे वंचित करना उसकी राजनीतिक भागीदारीके अधिकारको सीमित करना है, इसलिए निर्वाचन आयोगको न्यायालयके निर्देशोंके अनुरूप निष्पक्ष जांच, जवाबदेही और सुधारात्मक काररवाई सुनिश्चित करनी होगी। मतदाता सूची आंकड़ोंका दस्तावेजपर नहीं, बल्कि लोकतंत्रमें नागरिकोंकी भागीदारीका आधार है। इसकी विश्वसनीयताको बनाये रखना ही चुनावी व्यवस्थामें जनताके विश्वासकी सबसे बड़ी कसौटी है।

चेतावनीकी अनदेखी

मौसम विभागकी चेतावनीकी अनदेखी और मनमानीका कितना हृदयविदारक परिणाम हो सकता है, इसे चमोलीमें हुए हेलीकाप्टर दुर्घटनाके परिप्रेक्ष्यमें देखा जा सकता है। खराब मौसममें कोहरेके बाद भी उड़ानका जोखिम जिन्दगियोंपर भारी पड़ी। बदरीनाथ धामसे तीर्थयात्रियोंको लेकर देहरादून लौट रहा हेलीकाप्टर शुक्रवारको चमोली जिलेमें पांडुकेश्वरकी पहाड़ीसे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया इस दर्दनाक हादसेमें पायलट सहित सभी छह यात्रियोंकी मौकेपर ही मौत अत्यन्त दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। हेलीकाप्टरपर सवार सभी पांच तीर्थयात्री कर्नाटकके थे जो बदरीनाथके दर्शन कर देहरादूनके सहस्रधारा हेलीपैड लौट रहे थे। ज्योर्तिमठके चांई और लामबगढ़के बीच हाथी पर्वतके शीर्ष चट्टानसे टकरानेकी घटना इतनी भीषण थी कि हेलीकाप्टर पूरी तरह जल गया। उसके मलबेके आसपास क्षत-विक्षत हालतमें शव मिले। प्रारम्भिक जांचमें हादसेका मुख्य कारण प्रतिकूल मौसममें हेलीकाप्टरका उड़ान माना जा रहा है। मौसम विभागने पहले ही जिन पांच जिलोंमें शुक्रवारको तेज वर्षाका अलर्ट जारी किया था उनमें चमोली भी शामिल था। हैरान करने वाली बात यह है कि मौसम खराब होनेके बावजूद कम्पनीने उड़ानकी अनुमति कैसे दी। चमोलीमें शुक्रवार सुबहसे ही बारिश हो रही थी और पहाड़ोंके चोटियोंसे घाटियोंतक कोहरा छाया हुआ था जिससे दृष्यता भी कम थी, बावजूद इसके हेलीकाप्टर धड़ल्लेसे उड़ान भर रहे थे। हादसेके बाद ट्रांस भारत एविएशनकी सभी हेलीकाप्टर सेवाओंपर रोक लगा दी गयी है। कम्पनीको यह कदम पहले ही उठाना चाहिए था लेकिन शायद उसे इस तरहके हादसेका इन्तजार था। इस हादसेके लिए ट्रांस एविएशन पूरी तरह जिम्मेदार है जिसकी मनमानी छह जिन्दगियोंपर भारी पड़ गयी। यह अक्षम्य अपराध है। कम्पनीपर कड़ी कारवाई की जानी चाहिए जो दूसरोंके लिए सबक बने।

लोक संवाद

न्यायिक नियुक्तियोंमें पारदर्शिता

महोदय,-सर्वोच्च न्यायालयके पूर्व न्यायाधीश संजय किशन कौल, जिन्होंने चार वर्षोंतक भारतके मुख्य न्यायाधीशके बाद शीर्ष अदालतके सबसे वरिष्ठ न्यायाधीशके रूपमें सेवा दी, का आगामी संस्मरण न्यायाधीशोंकी नियुक्तिसे जुड़ी कालेजियम प्रणालीके कामकाजपर कई परेशान करने वाले सवाल खड़े करता है। 'विदाऊट फियर एंड फेवर' शीर्षक वाला यह संस्मरण अभी प्रकाशित होना बाकी है, लेकिन जस्टिस कौलने कई साक्षात्कारोंमें कालेजियम प्रणालीसे जुड़े विभिन्न पहलुओंपर प्रकाश डाला है। उन्होंने यह संकेत देकर इस प्रणालीकी विश्वसनीयतापर सवाल उठानेका प्रयास किया है कि इसके विचार-विमर्शको संचालित करनेके लिए पर्याप्त रूपसे सुसंगत और पारदर्शी प्रक्रियाका अभाव है। उन्होंने एक ऐसे प्रसंगका भी उल्लेख किया जिसमें एक संभावित न्यायाधीशकी जाति-समुदायपर चर्चा की गयी थी। अपने साक्षात्कारोंमें उन्होंने विशेष रूपसे न्यायिक नियुक्तियोंको लेकर भारतके पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़के दृष्टिकोणको निशानेपर लिया है और इस बातपर बल दिया है कि न्यायपालिकामें सरकारके हस्तक्षेपका दृढ़तासे विरोध करनेका साहस होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सीजेआई सरकारके प्रति अत्यधिक संवेदनशील विनम्र थे। उन्होंने एक घटनाका हवाला दिया, जिसमें जस्टिस चंद्रचूड़ सर्वोच्च न्यायालयके एक न्यायाधीशकी नियुक्तिके पक्षमें थे, लेकिन वे उस विशेष व्यक्तिकी नियुक्तिपर सरकारका रुख भी जानना चाहते थे। एक साक्षात्कारमें जस्टिस कौलने कहा कि सरकारें उन्हीं मुख्य न्यायाधीशोंका सम्मान करती हैं जो कड़ा रुख अपनाते हैं और ऐसा होना भी चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि उन्होंने विरोध स्वरूप कालेजियमकी एक बैठकसे वॉकआऊट किया था, हालांकि जस्टिस चंद्रचूड़ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्हें ऐसे किसी वाकआऊटकी याद नहीं है और कालेजियमके सदस्यों द्वारा सभी निर्णय सर्वसम्मतिसे लिये गये थे। सर्वोच्च न्यायालयके एक अन्य पूर्व न्यायाधीशने यह भी इंगित किया कि जस्टिस चंद्रचूड़ने एक धार्मिक अनुष्ठानके लिए प्रधान मंत्रीको अपने आवासपर आमंत्रित करके एक अन्य अलिखित नियमको तोड़ा था। यद्यपि संस्मरण प्रकाशित होनेके बाद उच्च न्यायपालिकाके कामकाजके बारेमें और अधिक विवरण सामने आयंगे, लेकिन यह स्पष्ट है कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयोंके न्यायाधीशोंकी नियुक्तिसे संबंधित मानदंडों और प्रक्रियाओंमें पारदर्शिताकी भारी कमी है। कालेजियम प्रणालीको कार्यपालिकाके हस्तक्षेपसे न्यायिक नियुक्तियोंको सुरक्षित रखनेके लिए विकसित किया गया था। किन्तु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने उत्तराधिकारियोंके चयनमें न्यायाधीशोंको प्रधानता दिये जानेके तीन दशक बाद भी यह व्यवस्था अपारदर्शिता और असंगत प्रक्रियाओंकी शिकार बनी हुई है। जस्टिस कौल की टिप्पणियां कालेजियम प्रणालीमें स्पष्ट सुधारोंकी मांग करती हैं, लेकिन सुधार लानेका अर्थ न्यायाधीशोंकी नियुक्तिका अधिकार सरकारको सौंपना या एनजेएसीको उसी पुराने स्वरूपमें पुनर्जीवित करना नहीं है, जिसे रद कर दिया गया था। सुधारका वास्तविक अर्थ यह होना चाहिए कि सार्वजनिक रूपसे घोषित पात्रता मानदंड, प्रलेखित मूल्यांकन, सुसंगत एवं तर्कसंगत प्रस्ताव, तबादलोंकी एक स्पष्ट रूपरेखा और एक पारदर्शी शिकायत निवारण तंत्रके माध्यमसे अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित की जाय। कालेजियमकी विश्वसनीयता इस बातपर निर्भर करेगी कि वह इन सुरक्षा उपायोंको संस्थागत रूप देनेमें कितनी सक्षम है। फिर भी न्यायिक नियुक्तियोंमें कार्यपालिकाको प्रभाव सौंपनेके किसी भी कदमका पुरजोर विरोध किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे उस संस्थाकी साखको गंभीर चोट पहुंच सकती है, जिसका समाजमें आज भी अत्यधिक सम्मान है। **-विपिन पब्बी, वाया ईमेल।**

भारत कर सकता है अगुआई

विश्व व्यापार संघटन (डब्ल्यूटीओ) की अक्तूबर २०२६ में जारी वैश्विक व्यापार रिपोर्टमें एक चौंकाने वाली बात सामने आयी है। दुनियामें बढ़ते भू-राजनीतिक तनावोंके बावजूद वर्ष २०२५ में वस्तुओंके वैश्विक व्यापारकी मात्रामें ४.२ फीसदीकी वृद्धि हुई जबकि २०२४ में यह वृद्धि २.८ फीसदी थी।

❒ डी. रवि

डब्ल्यूटीओंके अनुसार रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशियाका संकट, एकतरफा शुल्क लगानेकी नीतियां और होर्मुज स्ट्रेट तथा लाल सागर जैसे समुद्री मार्गोंमें बाधाओंके बावजूद व्यापारमें यह तेजी देखनेको मिली। आज भी दुनियाका लगभग ७२ फीसदी व्यापार, सबसे तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) के आधारपर होता है। इससे पता चलता है कि दुनियाके देश अब भी नियमोंपर आधारित बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्थामें भरोसा रखते हैं। हालांकि इस सकारात्मक तस्वीरके पीछे विकासशील देशोंकी कई गम्भीर समस्याएं छिपी हुई हैं। ऐसेमें आज जरूरत केवल विश्व व्यापार संघटनको फिरसे मजबूत करनेकी नहीं, बल्कि उसमें जरूरी सुधार करनेकी भी है। जब १९९५ में विश्व व्यापार संघटनकी स्थापना हुई थी तब दुनियाको मुख्य रूपसे विकसित और विकासशील देशोंके दो वर्गोंमें देखा जाता था। उस समय यह सोच थी कि विकासशील देशोंको वैश्विक अर्थव्यवस्थासे जुड़नेके लिए विशेष सहायता और कुछ अतिरिक्त छूट दी जानी चाहिए। इसी उद्देश्यसे विशेष एवं विभेदकारी व्यवहार (एसऐंडडीटी) का प्रावधान किया गया। इसके अलावा फैसले आम सहमतिसे लेनेकी व्यवस्था बनायी गयी। इसका बुनियादी सैद्धांतिक उद्देश्य यह था कि शक्तिशाली देश बहुमतके बलपर कमजोर देशोंपर अपनी शर्तें न थोप सकें। लेकिन पिछले ३० वर्षोंमें वैश्विक अर्थव्यवस्थामें काफी बदलाव आया है। ऐसेमें इन बुनियादी सिद्धांतोंकी नये सिरेसे समीक्षा करना जरूरी हो गया है। वर्ष १९९५ में विकासशील देशोंको दी गयी विशेष एसऐंडडीटी छूटका उद्देश्य सही था। हालांकि उस समय यह अनुमान नहीं लगाया गया था कि आने वाले वर्षोंमें देशोंकी आर्थिक स्थितिमें इतना बड़ा बदलाव आयेगा। पिछले दो दशकोंमें उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) का प्रभाव तेजीसे बढ़ा है। आज करीब ३० बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाएं, वैश्विक अर्थव्यवस्थाको आगे बढ़ानेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विश्व व्यापार संघटनके कुल १६६ सदस्य देशोंमें विकसित देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओंकी संख्या मिलाकर लगभग ६० है। बाकी देशोंमें कम आय वाले विकासशील देश और सबसे कम विकसित देश शामिल हैं। वैश्विक व्यापारमें इन बाकी सभी देशोंकी संयुक्त हिस्सेदारी दस फीसदीसे भी कम है। ऐसेमें उभरती अर्थव्यवस्थाओंको विकासशील देशोंसे अलग एक नया वर्ग बनानेका विचार राजनीतिक रूपसे संवेदनशील है। इससे विकासशील देशोंकी एकता कमजोर हो सकती है और वैश्विक मंचोंपर उनकी सामूहिक ताकत घट सकती है। विकसित देश लम्बे समयसे इस बातको रेखांकित करते रहे हैं कि विकासशील देशोंके समूहमें आर्थिक हितोंको लेकर काफी अंतर है। दूसरी ओर, सभी विकासशील देशोंकी जरूरतें एक जैसी नहीं हैं। जो देश तेजीसे विकास करना चाहते हैं, उन्हें अपने विकासके लक्ष्य पूरे करनेके लिए अधिक छूट चाहिए। वहीं, सबसे गरीब देशोंको और अधिक रियायतों तथा बाजारतक बेहतर पहुंचकी जरूरत है। इसमें उभरती अर्थव्यवस्थाओंके बाजार भी शामिल हैं। इसका एक रास्ता यह हो सकता है कि उभरती अर्थव्यवस्थाएं अपनी इच्छासे विशेष एसऐंडडीटी छूटोंका कुछ हिस्सा छोड़ दें। हर देश अपनी आर्थिक क्षमता और सुविधाके अनुसार ऐसा कर सकता है। यदि भारत इस दिशामें पहल करता है तब दूसरे देश भी इससे प्रेरित हो सकते हैं। भारत बेहद संवेदनशील क्षेत्रोंमें भी इस बदलावकी अगुआई करनेकी क्षमता रखता है। फिलहाल भारत सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के आधारपर किसानोंसे अनाज खरीदती है जिसका संबंध कृषि उत्पादोंकी कीमतों और उत्पादनसे जुड़ा होता है। डब्ल्यूटीओके नियमोंके तहत इस तरहकी सहायताको सामान्यत: ऐम्बर बॉक्समें रखा जाता है, जिसपर कुछ शर्तों के साथ सीमाएं लागू होती हैं। इसके बजाय प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये किसानोंको सीधे आर्थिक सहायता देनेकी भारतकी व्यवस्था वास्तवमें उत्पादन, कीमतों या उत्पादनके साधनोंसे जुड़ी न हो तो इसे विश्व व्यापार संघटनके कृषि समझौतेके अनुबंध-२ के तहत ग्रीन बॉक्समें रखा जा सकता है। इस श्रेणीकी सहायतापर कटौतीकी बाध्यता नहीं होती।यही सोच मत्स्य क्षेत्रमें भी अपनायी जा सकती है। भारत विश्व व्यापार संघटनमें मछली पकड़नेसे जुड़ी सब्सिडीपर चल रही बातचीतमें ईंधन और मछली पकड़ने वाले जहाजोंकी क्षमता बढ़ाने वाली सब्सिडीके स्थानपर मछुआरा परिवारोंको सीधे आर्थिक सहायता देनेका प्रस्ताव रख सकता है। इस तरहके सुधारोंकी दिशामें पहल करनेपर भारतको विश्व व्यापार संघटनमें विकासशील देशोंके हितोंकी पैरवी करनेके लिए अधिक नैतिक बल मिलेगा। इसी तरह आम सहमतिका सिद्धांत भी भले ही अच्छे इरादेके साथ बनाया गया था लेकिन इसमें कुछ बुनियादी खामियां थीं। इस सिद्धांतमें यह मान लिया गया था कि सभी सदस्य देशोंके हित एक-दूसरेसे मेल खायंगे जबकि उनकी आर्थिक ताकत और विकासका स्तर काफी अलग-अलग है। व्यवहारमें इसका नुकसान यह हुआ है कि कोई छोटा देश भी बातचीत रोक सकता है और किसी फैसलेपर सहमति बननेमें बाधा डाल सकता है। इस तरहकी रुकावटोंको दूर करनेके लिए आम सहमतिके सिद्धांतमें कुछ बदलाव जरूरी हैं। डब्ल्यूटीओका एक अन्य महत्वपूर्ण सिद्धांत है तरजीही राष्ट्र यानी एमएफएन। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सदस्य देश व्यापारमें किसी एक देशके साथ भेदभाव न करें और सामान्य तौरपर एक सदस्यको दी गयी व्यापारिक सुविधा दूसरे सदस्योंको भी मिले। डब्ल्यूटीओकी महानिदेशक ओकोंजो-इवेला लगातार इस बातपर जोर देती रही हैं कि इस व्यवस्थाका कमजोर पड़ना एक वास्तविक समस्या है। लम्बे समयमें इसका असर यह हो सकता है कि देश एमएफएन व्यवस्थामें पैदा हुई असमानताओंकी भरपाईके लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ओर अधिक बढ़ें। इससे उन विकासशील देशोंको नुकसान हो सकता है, जो इन समझौतोंका हिस्सा नहीं हैं। भारतकी सक्रियतासे ऐसी व्यापार व्यवस्था बनानेमें मदद मिल सकती है, जिसमें विकासशील देशोंके हितोंका भी ध्यान रखा जा सकता है। डब्ल्यूटीओके ११वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलनमें पहली बार जिन मुद्दोंपर कुछ सदस्य देशोंके बीच समझौतेकी पहल हुई थी, वे अब विवादका विषय बन गये हैं। इनमें निवेशको आसान बनाना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), ई-कॉमर्स और स्त्री-पुरुष समानतासे जुड़े मुद्दे शामिल हैं। भारतका अबतक यह रुख रहा है कि ये मुद्दे सीधे तौरपर व्यापारसे संबंधित नहीं हैं। लेकिन आजकी परस्पर निर्भर वैश्विक अर्थव्यवस्थामें इस तर्कको बनाये रखना लगातार कठिन होता जा रहा है। निवेश, छोटे कारोबार, डिजिटल व्यापार और महिलाओंकी आर्थिक भागीदारीका वैश्विक व्यापारसे गहरा संबंध है। भारतने इनमेंसे कई विषयोंपर द्विपक्षीय समझौतों के तहत प्रतिबद्धताएं पहले ही स्वीकार की हैं। इसके बावजूद वह डब्ल्यूटीओमें इन मुद्दोंपर बहुपक्षीय नियम बनानेकी प्रक्रियामें भाग लेनेको लेकर हिचकिचाता रहा है। डब्ल्यूटीओकी विवाद निबटान व्यवस्थाको उसकी सबसे बड़ी उपलब्धियोंमें गिना जाता है। लेकिन वर्ष २०१७ से यह व्यवस्था गम्भीर संकटका सामना कर रही है। उस समय अमेरिकाने अपील निकायमें नयी नियुक्ति रोक दी थी। इसके कारण विवादोंपर अपील सुनने वाली व्यवस्था प्रभावी रूपसे ठप हो गयी जो व्यापारमें निष्पक्षता और समानता सुनिश्चित करनेका एक महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता था। इस समस्याके समाधानके लिए यूरोपीय संघके वैकल्पिक मॉडलपर विचार किया जा सकता है। इस मॉडलमें मध्यस्थता, अपीलके बिना विवादोंका निबटारा और फैसलोंको लागू करानेकी व्यवस्था जैसे विकल्प शामिल हैं। इसके लिए रचनात्मक सोचकी जरूरत है। डब्ल्यूटीओ और द्विपक्षीय समझौतोंके तहत व्यापारिक विवादोंसे निबटनेका भारतको लम्बा अनुभव है। इस अनुभवका उपयोग ऐसी व्यवस्था तैयार करनेमें किया जा सकता है, जिसपर अधिकसे अधिक सदस्य देशोंकी सहमति बन सके।

डब्ल्यूटीओके 11वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलनमें पहली बार जिन मुद्दोंपर कुछ सदस्य देशोंके बीच समझौतेकी पहल हुई थी, वे अब विवादका विषय बन गये हैं। इनमें निवेशको आसान बनाना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, ई-कॉमर्स और स्त्री-पुरुष समानतासे जुड़े मुद्दे शामिल हैं। भारतका यह रुख रहा है कि ये मुद्दे सीधे तौरपर व्यापारसे संबंधित नहीं हैं। लेकिन आजकी परस्पर निर्भर वैश्विक अर्थव्यवस्थामें इस तर्कको बनाये रखना लगातार कठिन हो रहा है। निवेश, छोटे कारोबार, डिजिटल व्यापार और महिलाओंकी आर्थिक भागीदारीका वैश्विक व्यापारसे गहरा संबंध है।

अनुभूति में प्रवाहित मधु

निद्रामें मस्तिष्कके भीतर बहुत सारे रासायनिक परिवर्तन होते हैं। जल और वायुकी तरह निद्रा महत्वपूर्ण आवश्यकता है। निद्रा ऊर्जा, स्मृति और तेज ओज देती है तो भी इस अन्तः मधुक्षेत्रसे हमारा परिचय नहीं।

❒ हृदयनारायण दीक्षित

हमारे पूर्वजोंने निद्राकी आवश्यकतापर गहरा अध्ययन किया था। वैदिक ऋषि मधुप्रिय हैं। एक मधु अनुभूतिमें प्रवाहित होता है और दूसरा मधु पदार्थ है। आयुर्वेदका प्रतिष्ठित ग्रन्थ चरक संहिता है। चरक संहिताके रचनाकालमें दोनों मधु प्रवाहमान हैं। मधुमक्खियोंका शहद एक मधु है। अन्य सभी मीठे पदार्थ मधु हैं। चरक संहितामें कहते हैं कि केवल मधुरसका अधिक सेवन करनेसे स्थूलता, कोमलता और निद्राकी अधिकता बढ़ती है। 'निद्राकी अधिकता' की ओर स्वाभाविक ही सबका ध्यान जाता है। रक्त रसमें शक्कर या सुगरकी अधिकता आधुनिक समाजकी समस्या है। मधु शक्करका पर्याय नहीं है। शक्कर पदार्थ है और मधु स्वाद अनुभूति। रक्त रसमें शक्करका बढ़ना रोग है लेकिन निद्रा अधिकताकी जगह अनिद्रा भी आधुनिक समाजका बड़ा रोग है। चरक संहितामें बताया गया है, जब कार्य करते-करते मन थक जाता है, इन्द्रियां भी थकनेके कारण अपने-अपने विषयोंसे निवृत्त हो जाती हैं, तब निद्रा। पतंजलि योग सूत्रोंमें भी निद्राको विषयमुक्त चित्तका परिणाम बताया गया है। लेकिन तनावग्रस्त मनका क्या करें। मन थकता ही नहीं। इन्द्रियां विषयोंसे निवृत्त होती ही नहीं। करें तो क्या करे। विषय विषाद देते हैं। प्रसाद फिसल जाता है।ऊषा आ रही हैं। रात्रि विदा हो रही हैं। पूरा अस्तित्व जागरणसे भर गया है। पक्षी कलरव कर रहे हैं। जो जागे हुए हैं, वे प्रात:कालका सूर्य, तेज अनुभव कर रहे हैं। निद्रा पूरी नहीं है। मेरा मन करता है कि थोड़ा और सो लिया जाय। एक झपकी और। निद्रा रहस्य है। चरक संहितामें बताया गया है कि निद्राके समय रजस् गुणकी शिथिलता होती है, तम गुणका आच्छादन होता है। सत् गुण निष्क्रिय हो जाता है। मैं अपना विश्लेषण करता हूं। स्वविश्लेषण ही अध्यात्म भी है। मैं प्राय: तमगुणके प्रवाहमें ही रहता हूं। तमकी सक्रियताका नेतृत्व रजस् करता है। रजस्का अर्थ ही सक्रियता है। मन थकता नहीं। इन्द्रियां विषयोंसे मुक्त नहीं होतीं। नींदकी प्रतीक्षा बेचैन करती है। नींद जरूरी है। जैसी गहरी निद्रा वैसा ही उतना ही ऊंचा जागरण। शरीर निद्राके समय ही पुनर्नवा ऊर्जा पाता है। टूटे कोष नये होते हैं। चरक संहितामें बताया है कि निद्रासे आरोग्य, शरीरका पोषण, बलवृद्धि, ज्ञानेन्द्रियोंकी उचित प्रवृत्ति और आयु नियत रूपमें बनी रहती है। यहां सबसे बड़ी बात है-ज्ञानेन्द्रियोंकी उचित प्रवृत्ति। अनिद्रा पीड़ितकी ज्ञानेन्द्रियां अपना काम ठीकसे नहीं करतीं। स्मृतिपर भी प्रभाव पड़ता है। निद्रा जरूरी है लेकिन कोई भी व्यक्ति स्वयं निद्रामें नहीं जा सकता। ज्यादासे ज्यादा हम लेट सकते हैं। निद्रा लानेमें हम कर्ता नहीं हैं। निद्रा स्वयं आती है, हमारे बुलानेपर नहीं। हमारे प्रयाससे वह और भी दूर भागती है। बिन बुलाये आना नींदकी लत है। सरकारी बैठकोंमें नेता अफसर सोते देखे जाते हैं। वे बिना प्रयास ही सो जाते हैं। चरक या पतंजलिकी मानें तो उनका मन विषयोंसे पृथक होता है और वे सो जाते हैं। निद्राका अन्त: क्षेत्र मधुमय है। यह एक अज्ञात दिक्हीन, कालहीन चित्तदशा है। दिक्हीन इसलिए कि निद्राका क्षेत्र भौगोलिक नहीं है। निद्रामें समयका अनुभव नहीं होता, निद्रामें काल नहीं होता लेकिन रस होता है। निद्रासे जागरणमें वापसी की मुहूर्त बड़ी मधुरसा है। मन करता है थोड़ा और सो लूं, एक झपकी और। पूर्वजोंने आलस्यको बुरा कहा है। लेकिन निद्रासे जागरणमें आने वाले संधिकालका आलस्य मुझे बहुमूल्य लगता है। आलस्य स्वत: कर्म प्रवृत्तिसे भागनेका नाम है। निद्राका मधुमत्त आलस्य दूसरा ही है। निद्रा ताजा करती है, ऊर्जा देती है, स्मृति और तेज ओज देती है तो भी इस अन्त: मधुक्षेत्रसे हमारा परिचय नहीं। सामान्य बोलचालमें अच्छी नींदको मीठी नींद कहा जाता है। दुर्गा सप्तशतीके रचनाकारने निद्राको देवी बताया और अनेकश: नमस्कार किया है। अनिद्राके रोगियोंको दवाइयां दी जाती हैं। वे शरीरमें रासायनिक परिवर्तन लाती हैं। उनसे लायी गयी कृत्रिम निद्रा मधुमत्त नहीं होती। जीवन मधुरसकी इच्छासे भरापूरा है। यह सहज उपलब्ध है। सप्रयास नहीं। अनायास ही। निद्रा सप्रयास नहीं आती। प्रकृतिका अन्तस् मधुरसा है। सुख स्वस्ति और संतुष्टि मधुरस हैं। आनन्द मधुरसा है। आनन्द मधुरसविहीन नहीं हो सकता। वृक्ष, वनस्पति मधुरसा हैं। नदियां और सारे जल भी। वाणीका मधु या मधुमय वाणी सबकी अभीप्सा है। मंत्रोंका छन्दस मधु माधव है। स्वभाव अध्यात्म है और अध्यात्मकी लब्धि मधु है। वृहदारण्यक उपनिषद्में धर्मको भी मधु बताया गया है। प्रीति रीतिका मधु संसार व्यापी है। बादलोंमें भरा मधुकोष ऋग्वेदके ऋषियोंने ही देखा था। नृत्यका आस्वाद मधुमय है। सर्वभूतहितके सभी कर्म मधुकर्म और मधुरसा हैं। सर्वभूतहित संलग्न लोग मधुकर हैं। यह सृष्टि स्रष्टाका मधुकार्य है और द्रष्टाकी मधु अनुभूति। कवि हृदयका सौन्दर्यबोध वस्तुत: मधुबोध है। काव्यरस मधुरसा है और कविता मुधमत्त मधुर चिरकुमारी युवती। ऋचाएं मधुमती हैं। यहां सब तरफ मधुका आच्छादन है। मधुने ही दशों दिशाओंसे मधुको आवृत्त कर लिया है लेकिन विषादग्रस्त चित्तका क्या करें, मधुरसा प्रवाहमें गतिशील होनेके बावजूद हम जीवनके मधुसे वंचित हैं। मैं मधुरसा नादमें हूं। नाद भीतरसे बाहरकी ओर प्रवाहमान है। नाद सुनता हूं, लेकिन भीतर रस प्रवाह नहीं है। रस है, लेकिन मन पराजित है। देव शक्तियां कृपा करें और सही मार्गपर चलनेका साहस दें।

आत्मबोध

शक्ति हैं मां अहोई

❒ श्वेता गोयल

अहोई अष्टमीकी मान्यताके अनुसार इस दिन विशेष पूजा-अर्चना करनेसे माता अहोई संतान सुख प्रदान करती हैं। अहोई माताको देवी पार्वतीका अवतार माना जाता है, जिन्हें बच्चोंकी रक्षकके रूपमें पूजा जाता है। यह व्रत काफी कठिन और महत्वपूर्ण माना जाता है। महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं और माता पार्वतीके अहोई रूपकी पूजा करती हैं, उसके बाद तारोंको देखकर अर्घ्य देनेके बाद ही अपना व्रत खोलती हैं। अहोई अष्टमीका पर्व भारतीय समाजमें मातृत्वकी शक्ति और बच्चोंके प्रति मांकी चिन्ताको दर्शाता है। अहोई अष्टमीपर माताएं अहोई मातासे यही आशीर्वाद मांगती हैं कि उनके बच्चोंके सभी सपने साकार हों, उनका जीवन स्वस्थ रहे और वे दीर्घायु हों। परिवारकी एकताको मजबूत करता यह पर्व न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोणसे भी बहुत महत्व रखता है। धार्मिक आस्थाका प्रतीक पर्व अहोई अष्टमी हमारी संस्कृति और परम्पराओंको जीवित रखनेमें अहम भूमिका निभाता है। दरअसल इस पर्वकी पूजा विधि, कथा और परम्पराएं हमें अपने परिवार और समाजके प्रति जिम्मेदारीका अहसास कराती हैं और इस प्रकार यह पर्व हमारे जीवनमें एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हुए हमें यह भी सिखाता है कि हम कैसे अपने बच्चोंके प्रति अपने प्रेम और चिंताको प्रकट कर सकते हैं। अहोई अष्टमी पर्वके माध्यमसे हम अपने पारिवारिक बंधनोंको मजबूत करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारी आने वाली पीढ़ियां भी इस सांस्कृतिक धरोहरको संजोकर रखें। अष्टमीके दिन अधिकांश स्थानोंपर तारोंको देखकर अर्घ्य देनेकी परम्परा है। माना जाता है कि आसमानमें सभी तारे अहोई माताके वंशज हैं, इसीलिए यह व्रत तबतक पूरा नहीं माना जाता, जबतक तारोंको अर्घ्य नहीं दिया जाता। अष्टमीके दिन तारोंकी पूजाको लेकर मान्यता है कि यदि माताएं अहोई अष्टमीके दिन असंख्य तारोंके दर्शन और पूजा करेंगी तो पूजा करनेसे उनके कुलमें अनगिनत संतान होती हैं। अहोईका अर्थ है 'अनहोनीको होनी बनाना'। समयके साथ अहोई अष्टमी मनानेकी परम्पराओंमें सुखद बदलाव भी आया है। दरअसल पहले अहोई अष्टमी व्रत केवल पुत्रकी खुशहाली और लंबी उम्रके लिए ही किया जाता था और यह व्रत केवल वही महिलाएं करती थीं, जो पुत्रवती होती थी लेकिन अब अहोई अष्टमी व्रत पुत्र-पुत्रीका भेद किये बिना माताएं अपनी संतानकी सुख-समृद्धिके लिए करती हैं। यह पर्व मातृत्व, परिवार और समुदायके बीचकी कड़ीको मजबूत बनाता है। ऐसे पर्व हमारे समाजमें सामंजस्य, प्रेम और एकताका संदेश देते हैं, जो हमें आगे बढ़ने और अपने बच्चोंके लिए एक बेहतर भविष्य बनानेके लिए प्रेरित करते हैं।

पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सवाल

❒ रजनीश कपूर

लोकतंत्रमें जनता की जवाबदेही तभी संभव है जब मीडिया स्वतन्त्र और निष्पक्ष हो। अब सर्वोच्च न्यायालय से ही उम्मीद है कि वह पत्रकारिताकी स्वतंत्रताकी रक्षा करे और इसे कमजोर न होने दे। हालमें डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स असोसिएशन (डीएनपीए) ने सुप्रीम कोर्टमें डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटैक्शन (डीपीडीपी) एक्ट २०२३ और उसके नियमों २०२५ के खिलाफ याचिका दायर की है। देशके २१ प्रमुख मीडिया संघटनोंका प्रतिनिधित्व करने वाली इस याचिकामें आरोप लगाया गया है कि कानून पत्रकारीय गतिविधियोंके लिए कोई स्पष्ट छूट नहीं देता, जिससे खोजी पत्रकारिता बाधित हो सकती है। सुप्रीम कोर्टने केन्द्रको नोटिस जारी किया है और १७ नवम्बरको सुनवाई तय की है। अदालतने इसपर किसी भी तरहकी अंतरिम रोक नहीं लगायी लेकिन निजता और अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रताके बीच संतुलनकी जरूरत पर जोर दिया।उल्लेखनीय है कि इस याचिकामें याचिकाकर्त्ताओंका मुख्य तर्क है कि कानून पत्रकारों, संपादकों और समाचार संघटनोंको 'डाटा फिड्यूशियरी' मानकर नोटिस, सहमति और डाटा मिटाने जैसी बाध्यताएं लागू करता है। इस कानूनकी धारा सात (वैध उपयोग) और धारा १७ (छूट) में पत्रकारिताका कोई उल्लेख नहीं है, जबकि पहलेके मसौदों (२०१८, २०१९, २०२१) में ऐसी छूट थी। इसकी अनुपस्थितिका मतलब है कि किसी व्यक्तिपर रिपोर्ट लिखते समय उसकी सहमति लेनी पड़ सकती है। ऐसी खोजी रिपोर्टोंमें यदि संदिग्धको पहलेसे सूचित किया जाय तो वह सबूत नष्ट करने, गवाहोंको धमकाने या कहानी रोकनेका प्रयास कर सकता है। इसके अलावा धारा ३६ और नियम २३ के तहत सरकार बिना न्यायिक निगरानीके किसी भी डाटा फिड्यूशियरीसे जानकारी मांग सकती है। याचिकाकर्त्ताओंका कहना है कि यह पत्रकारीय स्रोतोंको उजागर कर सकता है। धारा ४४(३) ने आरटीआई अधिनियमकी धारा ८(१)(जे) में संशोधन कर व्यक्तिगत सूचना' को व्यापक रूपसे छूट दे दी है। पहले सार्वजनिक हितका प्रावधान था, अब वह हटा दिया गया है। इससे आरटीआइके जरिये सार्वजनिक पदाधिकारियोंकी जानकारी हासिल करना और कठिन हो सकता है। वहीं सरकारका आधिकारिक रुख निजताकी रक्षा है। २०१७ के पुट्टस्वामी फैसलेके बाद निजता मौलिक अधिकार बन चुकी है। सरकारका तर्क है कि आजके डिजिटल युगमें विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म और कम्पनियों द्वारा डाटाके दुरुपयोगको रोकनेके लिए यह कानून जरूरी माना गया। विभिन्न मीडिया संघटनों और उनके प्रतिनिधियोंके साथ हुई कुछ बैठकोंमें मीडिया संघटनों को आश्वासन भी दिये गये कि इस कानूनसे प्रेसकी स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होगी। लेकिन लिखित छूट न होने और पहलेके मसौदोंसे हटाये जानेपर सवाल उठते हैं।यूरोपीय संघके जनरल डाटा प्रोटैक्शन रैगुलेशन (जीडीपीआर) के अनुच्छेद ८५ में स्पष्ट कहा गया है कि सदस्य देश डाटा संरक्षण और अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रता (पत्रकारिता सहित) के बीच सामंजस्य बैठायें। ब्राजीलके सामान्य डेटा संरक्षण कानून (एलजीपीडी) और कई अन्य देशोंमें भी पत्रकारीय उद्देश्यके लिए छूट या संतुलित प्रावधान हैं। ये कानून निजताकी रक्षा करते हैं लेकिन सार्वजनिक हित की रिपर्टिंगको रोकते नहीं। पत्रकारिता लोकतंत्रका चौथा स्तंभ है। खोजी पत्रकारिता भ्रष्टाचार, सत्ताके दुरुपयोग और सार्वजनिक मुद्दोंको उजागर करती है। यदि हर रिपोर्टके लिए सहमति जरूरी हो जाय तो कई कहानियां छप ही नहीं पायंगी। स्रोत गोपनीयता खतरेमें पड़नेसे व्हिसलब्लोअर और आम नागरिक भी जानकारी सांझी करनेसे हिचकिचायंगे। विश्व प्रैस फ्रीडम इंडैक्समें भारतकी रैंकिंग पहलेसे ही चिन्ताजनक बनी हुई है। निजता और सूचनाका अधिकार दोनों मौलिक हैं और इनमें संतुलन भी जरूरी है। समाधान यह हो सकता है कि पत्रकारिताके लिए स्पष्ट छूट दी जाय, जो प्रेस काऊंसिल या स्व-नियामक संहिताओंसे जुड़ी हो। सार्वजनिक हितका परीक्षण, आनुपातिकता और न्यायिक निगरानी जैसी सुरक्षाएं भी रखी जायं। डाटा मिटानेके अधिकारको प्रकाशित खबरोंपर लागू न किया जाय, खासकर जब वे सार्वजनिक रिकॉर्ड बन चुकी हों। लोकतंत्रमें सत्ताकी जवाबदेही तभी संभव है जब मीडिया स्वतंत्र और निष्पक्ष हो। आने वाले समयमें सुप्रीम कोर्टका फैसला इस संतुलनको तय करेगा। उम्मीद की जा सकती है कि अदालत निजताकी रक्षा करे लेकिन पत्रकारिताकी स्वतंत्रताको कमजोर न होने दे। अन्यथा यह स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडियाके लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है, जो किसी भी जीवंत लोकतंत्रके लिए खतरनाक होगा।

केन्द्र सरकार सिर्फ उद्योगपतियों की सरकार, गरीब, किसान, मजदूर से कोई सरोकार नहीं : हरीश रावत

आज समाचार सेवा

छुटमलपुर (सहारनपुर) पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ उद्योगपतियो की सरकार है । किसान गरीब मजदूर से इसका कोई सरोकार नहीं है। उन्होने हरिद्वार जनपद के खानपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। कहा कि अन्तिम निणर्य पार्टी हाई कमान पर निर्भर होगा। शनिवार को देहरादून से दिल्ली जाते समय कस्बे में ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों वार्ता मे कहा कि खानपुर की जनता का आग्रह है कि वह वहां से चुनाव लड़ें। अन्तिम निर्णय पार्टी हाई कमान का होगा । उन्होंने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली में ऐतिहासिक रैली होने जा रही है। यह रैली युग परिवर्तनकारी होगी। उत्तराखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मंत्री बबली-बंटी यानी रेखा और गिरधारी की



बरेली-लखनऊ रोड पर 700 एकड़ से अधिक की टाउनशिप का खुलासा हुआ है। प्रदेश में लूट का अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा है।राहुल गांधी की ललकार और खड़गे की फुंकार सुनने को देश उत्साहित है। यहीं से 2027 और 2029 का काउंटडाउन शुरू होगा।दिल्ली रैली से इसकी उल्टी गिनती शुरू होगी।सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता समझ चुकी है, यह सरकार सिर्फ उद्योगपतियों की है। गरीब, किसान, मजदूर से इसका कोई वास्ता नहीं है।

राजकीय महाविद्यालय नानौता में सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया



आज समाचार सेवा

नानौता, सहारनपुर। राजकीय महाविद्यालय नानौता में शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 151वीं जयंती छात्र-छात्राओं के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. गरिमा चौधरी ने सरदार पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। डॉ. चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रथम गृहमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को हम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। अदम्य साहस और सख्त फैसले लेने के कारण उन्हें लौह पुरुष कहा गया। उन्होंने सभी को पटेल जी के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लौह पुरुष, परिश्रमी और दृढ़ इच्छा शक्ति के धनी सरदार पटेल ने ब्रिटिश सरकार और उसके कठोर कानूनों का सदैव विरोध किया, क्योंकि उन्होंने केरा बाढ़ के बाद किसानों से भुगतान के लिए करों की मांग की थी। पटेल जी ने भारत की अखंडता के लिए सदैव प्रयास किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सभी ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। इस अवसर पर कार्यालय से श्रीमती रीना रॉय आर्य, श्री विकास चन्द शर्मा, श्री सुन्दरलाल, श्री सचिन खरे, श्री गोविंदा एवं श्री ओमपाल उपस्थित रहे।

जनाबे फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत पर मजालिस का सिलसिला शुरू

आज समाचार सेवा

नानौता। अय्यामे अजा ए जहरा के हवाले से नगर के इमाम बारगाह दरबारे हुसैन (कोट) में मजलिसों का सिलसिला शुरू हुआ। ईरान के कुम शहर से तशरीफ लाए मौलाना जेगमुर रिजवी ने मजलिस को खिताब करते हुए हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स) की लाड़ली बेटी जनाबे फातिमा जहरा सलामुल्लाहे अलैहा की जानिब से मजहबे इस्लाम के लिए की गई खिदमात के बारे में तफसील से बताया। उन्होंने कहा कि जनाबे फातिमा जहरा (स.अ.) ने आप (स.) के सामने भी और आप (स.) के बाद भी मजहबे इस्लाम की खिदमत अंजाम दी। भले ही हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की जाहिरी ज़िंदगी सिर्फ 18-19 साल की रही हो, लेकिन इतनी मुख्तसर ज़िंदगी में बीबी ने मजहबे इस्लाम की बड़ी खिदमत अंजाम दी। मजलिस के आखिर में मौलाना ने जनाबे फातिमा जहरा (स.अ.) पर हुए जुल्मों की दास्तान बयान की, जिसे सुनकर मजलिस में मौजूद लोगों ने जार-जार गिरया किया। इस दौरान मौलाना



तनवीर आलम साहब, मौलाना सफदर अली, मास्टर मोहम्मद मियां, हाजी वसी उल हसन, अजीजुल हसन, गुलाम कबर, मोहम्मद जमा, सैय्यद अली मियां कर्बलाई, मिजी बासीर बेग, सफदर हुसैन, शमशाद हुसैन जाफरी, इम्तियाज हुसैन, पत्रकार फैय्याज अली आब्दी मौजूद रहे। मजलिस में मरसियाख्वानी मोहम्मद कासिम और नौहाख्वानी राहत अली ने की, जबकि निजामत के फरायज अजादार हुसैन ने अंजाम दिए। अय्यामे अजा ए जहरा के बारे में मौलाना तनवीर आलम साहब ने बताया कि हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स) के दुनिया से जाने के बाद ही नाम निहाद मुसलमानों के एक गिरोह ने बीबी शहजादी फातिमा (स.अ.) के घर को आग के हवाले कर दिया और घर का जलता हुआ दरवाजा बीबी पर गिरा दिया। जख्मों की ताब न लाते हुए जनाबे फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत हो गई। इस्लामी तारीख के मुताबिक आप (स.) की वफात के 75 दिन बाद और बाज इतिहासकारों के मुताबिक 90 दिन बाद बीबी फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत हुई। यह प्रोग्राम 75 दिन वाली तारीख के मुताबिक बरपा किया जा रहा है, जबकि 90 दिन वाली तारीख के मुताबिक भी शहर के इमाम बारगाह असद अली छत्ता में मजालिस बरपा की जाएंगी।

संक्षिप्त डायरी

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सहारनपुर पुलिस ने ली एकता और अखंडता की शपथ



आज समाचार सेवा

सहारनपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के साथ राष्ट्र की एकता एवं समरसता को मजबूत करने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान और देश की एकता के लिए उनके संदेश को याद किया गया। पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का संदेश एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करना रहा।

विकास त्यागी बोले- सुरक्षा हटवाने के लिए अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा

आज समाचार सेवा

देवबंद। बजरंग दल नेता विकास त्यागी ने आरोप लगाया है कि सहारनपुर जिले का एक प्रभावशाली व्यक्ति उनकी सरकारी सुरक्षा हटवाने के लिए लखनऊ में अधिकारियों को गलत फीडबैक दे रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें सरकारी सुरक्षा की कोई लालसा नहीं है और शासन-प्रशासन जब चाहे इसे वापस ले सकता है। विकास त्यागी के मुताबिक, सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद से जुड़े विवाद को उन्होंने प्रमुखता से



उठाया था। इसके अलावा पहले उठाए गए संवेदनशील मुद्दों को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों के आकलन के बाद उन्हें सरकारी सुरक्षा उपलब्ध कराई गई थी। उन्होंने इस प्रकरण के संदर्भ में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की ओर से संयुक्त राष्ट्र में दिए गए बयान का भी उल्लेख किया। त्यागी ने दावा किया कि उनकी सुरक्षा बढ़ाने की मांग को लेकर सामाजिक और धार्मिक संगठनों के साथ नागरिकों ने केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित और धर्महित से जुड़े मुद्दों को वह आगे भी निडरता से उठाते रहेंगे। उन्होंने बताया कि कथित दबाव बनाने और सुरक्षा हटवाने की कोशिश के संबंध में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखेंगे। त्यागी ने चेतावनी दी कि भविष्य में उनके या उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी कथित रूप से गलत फीडबैक देने वालों की होगी। हालांकि, विकास त्यागी के आरोपों पर संबंधित व्यक्ति या अधिकारियों का पक्ष उपलब्ध नहीं हो सका।

सपा कार्यकताओं ने सरदार पटेल की जयंती पर किया नमन

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें नमन करते हुए उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने सरदार पटेल के देश की एकता और अखंडता में योगदान को याद किया। अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव के निदेशानुसार आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं ने



सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि सरदार पटेल महान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने देश की रियासतों को एकजुट कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का काम किया और समाज को आपसी भाईचारे का संदेश दिया। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने राष्ट्र को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व मंत्री विनोद तेजियान ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके आदर्श और सिद्धांतों का अनुसरण कर समाज और देश की एकता को मजबूत किया जा सकता है। प्रदेश सचिव माजिहर राणा ने कार्यकताओं से वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने एमएलसी चुनाव में पार्टी को मिली सफलता पर कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह 2027 के विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल था, जिसे पार्टी ने जीत लिया है। अब सभी को फाइनल जीतने की तैयारी करनी है।

सहारनपुर में सरदार पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई

मंडलायुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रेट और विकास भवन में अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। भारतरत्न एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंडलायुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रेट और विकास भवन सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार के निर्देश पर मंडलायुक्त कार्यालय में अपर आयुक्त प्रशासन भानू प्रताप यादव और अपर आयुक्त रमेश यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल



के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार में सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के सिद्धांतों, आदर्शों और आचरण को निष्ठा एवं सेवाभाव के साथ जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सुनील कुमार और परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रणय कृष्ण वर्मा ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने सरदार पटेल की नेतृत्व क्षमता, दक्षता और आत्मबल का उल्लेख करते हुए उनके जीवन एवं कार्यशैली से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की विविधता में एकता की नीति आज भी समाज और देशहित में महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के विभिन्न विभागों और कार्यालयों में भी सरदार पटेल की जयंती मनाई गई तथा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मंडलायुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रेट और विकास भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पटेल ने आधुनिक भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई: महापौर

नगर निगम में सरदार पटेल व श्रीमती इंदिरा गांधी का किया गया भावपूर्ण स्मरण

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। नगर निगम परिसर में महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरागांधी की पुण्य तिथि पर दोनों महान विभूतियों का भावपूर्ण स्मरण किया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार, अपर नगरायुक्त सूरज कुमार यादव व मृत्युंजय सहित निगम के अधिकारियों एवं पार्षदों ने दोनो राष्ट्रीय विभूतियों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित कर भावांजलि दी। महापौर ने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पार्षदों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। महापौर डॉ. अजय कुमार ने दोनों युगद्दष्टा राष्ट्रनायकों को अपनी भावांजलि देते हुए कहा कि सरदार पटेल केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे, वे एक दृढ़ इच्छाशक्ति, अदम्य साहस और राष्ट्रीय



एकता के जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और कूटनीतिक कुशलता से सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर आधुनिक भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। श्रीमती गांधी को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि उनका संपूर्ण राजनीतिक जीवन देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का साक्षी रहा है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सहारनपुर पुलिस ने लगाई तीन किलोमीटर की दौड़

RUN FOR UNITY कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिया एकता, अखंडता और फिटनेस का संदेश, महिला-पुरुष वर्ग में चार प्रतिभागी सम्मानित



आज समाचार सेवा

सहारनपुर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में सहारनपुर पुलिस की ओर से RUN FOR UNITY कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने तीन किलोमीटर की दौड़ लगाकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और शारीरिक फिटनेस का संदेश दिया। दौड़ पुलिस लाइन परेड ग्राउंड से शुरू होकर थाना सदर बाजार होते हुए वापस परेड ग्राउंड पर संपन्न हुई। इसमें पुलिस अधीक्षक वातायात, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ दौड़ में हिस्सा लिया और एकता व स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। दौड़ प्रतियोगिता के महिला वर्ग में आरक्षी सारूल (जे.टी.सी.) ने प्रथम और उपनिरीक्षक किरण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में आरक्षी सचिन प्रथम तथा आरक्षी श्याम कुमार द्वितीय स्थान पर रहे।

वार्ड 40 और 7 में सड़क व नाले के निर्माण कार्यों का शिलान्यास

नगर विधायक राजीव गुंबर और महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया शुभारंभ, क्षेत्रवासियों को मिलेंगी बेहतर बुनियादी सुविधाएं

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। शहर के वार्ड नंबर 40 और वार्ड नंबर 7 में विकास कार्यों को गति देते हुए सड़क और नाले के निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया गया। नगर विधायक राजीव गुंबर एवं महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। वार्ड नंबर 40 में विधायक निधि से गुरुद्वारा अमर जी कुटिया की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। वहीं वार्ड नंबर 7 के लक्ष्मी नगर में नगर निगम निधि से नाले का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों से क्षेत्र में आवागमन और जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। इस अवसर पर नगर विधायक



राजीव गुंबर ने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। प्रत्येक वार्ड में सड़क, नाली और जल निकासी सहित जरूरी सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा नगर निगम के सहयोग से सहारनपुर में विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य करा रहा है। नालों के निर्माण और जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होने से नागरिकों को राहत मिलेगी। शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना नगर निगम की प्राथमिकता है। इस दौरान पार्षद राजेंद्र कोहली, मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा, मानवेन्द्र शर्मा, प्रवीण जाटव, अश्विनी अरोड़ा, यशपाल त्रेहन, नवदीप आनंद, दीक्षित छाबड़ा, मयंक दुग्गल, केतन विरमानी, दिनेश कुमार, राहुल जाटव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

दीपावली पर पटाखों की दुकानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। दीपावली पर पटाखों की दुकानों के संचालन, भंडारण और बिक्री में सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने संबंधित अधिकारियों को अस्थायी आतिशबाजी बिक्री स्थलों का निरीक्षण कर नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि विस्फोटक नियम-2008 के तहत अस्थायी आतिशबाजी दुकानों के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार ही लाइसेंस जारी किए जाएंगे। दुकानें अज्वलनशील सामग्री से बने सुरक्षित शेड में लगेंगी। दो शेडों के बीच कम से कम तीन मीटर तथा सुरक्षित कार्यस्थल से 50 मीटर की दूरी अनिवार्य होगी। एक समूह में 50 से अधिक दुकानें नहीं लगाई जा सकेंगी।

मासूम को रात भर नोचते रहे खूंखारु कुत्ते

नागल। जनपद में खूंखार कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है और वह आए दिन मासूम को अपना शिकार बना रहे हैं जिस कारण बच्चों को अकेले स्कूल भेजना या फिर अन्य किसी काम के लिए भेजना मुश्किल हो गयाहै। शनिवार सुबह ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र के गांव बेलडा जुनारदार में देखने को मिला। शुक्रवार शाम घर से खेलने के लिए गए एक मासूम को गांव के खूंखार कुत्ते उसे खींचकर गांव के निकट जंगल में ले गए और पूरी रात उस मासूम को नोच -नोच कर खाते रहे,

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank शाखा कार्यालय:-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड प्लॉट नंबर-23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

नीचे दिए गए उधारकर्ताओं ने आईसीआईसीआई बैंक से ली गई लोन सुविधा के तहत मूलधन और ब्याज का भुगतान करने में चूक की है। इन लोन को नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। उन्हें सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके आखिरी ज्ञात पते पर एक नोटिस भेजा गया था। हालाँकि, यह नोटिस उन तक नहीं पहुँच पाया, इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के ज़रिए सूचित किया जा रहा है।

क्र.सं.	कर्जदारों/सह-कर्जदारों/ गारंटीदाता का नाम/(ऋण खाता संख्या) एवं पता	सिक्योर्ड सम्पत्ति/प्रवर्तित की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण	प्रेस नोटिस की तिथि/ नोटिस की तिथि को बकाया धनराशि	एनपीए दिनांक
1.	अजय कुमार/मोनिका विश्वकर्मा, श्री राम/ एलबीडीईएल00004479789/एच नंबर-613 सेकेंड फ्लोर सरस्वती विहार, चकरपुर हरियाणा गुड़गांव 122002	फ्लैट नंबर डी1-0812, 8वीं मंजिल, टावर-डी, एक पार्किंग स्पेस के साथ, डिलाइट रेजिडेंसेज, टपूकड़ा, अलवर-तिजारा रोड, तहसील तिजारा, जिला अलवर, राजस्थान 301019	09/10/2026/ रु. 2,81,929/-	03/ अगस्त/ 2025

यह कदम नोटिस की सबस्टिट्यूटेड सर्विस (वैकल्पिक तामील) के लिए उठाए जा रहे हैं। ऊपर बताए गए उधारकर्ता/गारंटर (जैसा भी मामला हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के पब्लिश होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया पेमेंट कर दें। ऐसा न करने पर, सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दिनांक :- 01 नवम्बर 2026
स्थान :- सहारनपुर बरेली

अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

केएलजीएम इंटर कॉलेज में साइकिल रैली निकालकर दिया एकता का संदेश

आज समाचार सेवा

नकुड़ (सहारनपुर)। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर केएलजीएम इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इससे पूर्व कैप्टन गौरव मिश्रा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता का महत्व समझाते हुए कहा कि सभी को आपसी एकता और भाईचारे के साथ रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे स्वयं एकता के सूत्र में बंधकर रहें और अपने आसपास भी एकता एवं सद्भाव का संदेश फैलाएं। कार्यक्रम में विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी सलीम मोहम्मद ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम उमरा था, जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम लामिया खान (LAMIYA KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

लामिया खान
पुत्री शेरजमा खान, निवासी मकान संख्या 14/294, रेच का पुल, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश।

नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम अल सना था, जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम अल सना खान (AL SANA KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

अल सना खान
पुत्री शेरजमा खान, निवासी मकान संख्या 14/294, रेच का पुल, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए 300 युवाओं ने ली शपथ



रामपुर। लोकतंत्र की ताकत युवाओं की जागरूकता और भागीदारी में है। इसी संदेश के साथ इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में 'युवा संवाद॒अपने मत को जानें' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेरा युवा भारत (माय भारत), रामपुर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में 300 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा की शपथ ली।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी 'विकसित भारत युवा संवाद' पहल का हिस्सा रहा। कार्यक्रम में युवा आइकन मेघा ठाकुर ने विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में अपने विचार रखे। उन्होंने युवाओं को मताधिकार के प्रति सजग रहने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

जिला युवा अधिकारी मीनू बोहरा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए माय भारत पोर्टल के माध्यम से युवाओं को मिलने वाले अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और उन्हें सामाजिक एवं लोकतांत्रिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

संवाद के दौरान युवाओं ने शासन व्यवस्था में भागीदारी, नागरिक कर्तव्यों और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की भूमिका पर सवाल पूछे। वक्ताओं ने युवाओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में 300 से अधिक युवाओं ने लोकतांत्रिक शपथ लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण, जागरूक नागरिक भागीदारी और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुल्तान अहमद ने आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रबंध निदेशक सरताज अहमद, निदेशक डॉ. कौशल कुमार, प्राचार्य प्रो. असीम अहमद, एनएसएस नोडल अधिकारी शिखा शर्मा सहित स्वयंसेवक अभिषेक, नवनीत, निधि, अंकित और नरवीर मौजूद रहे।

जनगणना-2027- मीडिया प्रतिनिधियों को किया गया प्रशिक्षित, दी गई डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया की जानकारी

रामपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों को देश की पहली डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया, स्व-गणना, निर्धारित समय-सारिणी और नागरिकों की सहभागिता के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में प्रत्येक परिवार के सभी सदस्यों की जनसांख्यिकीय, सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्र की जाएंगी। नागरिक 16 से 30 नवंबर, 2026 तक आधिकारिक पोर्टल द्ध॒ह्लह्लश्चह्यान्/ह्यद्र.ष्ट्रद्बह्लह्य.द्दश1.द्बठ्ठ/ पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी भर सकेंगे। स्व-गणना के दौरान पोर्टल पर निर्धारित 40 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। इस प्रक्रिया में प्राप्त होने वाली स्व-गणना आईडी में 11 अंक और एक अंग्रेजी अक्षर शामिल होगा, जिसके माध्यम से स्व-गणना की पहचान की जा सकेगी।

उन्होंने बताया कि स्व-गणना की अवधि पूरी होने के बाद एक दिसंबर, 2026 से चार जनवरी, 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। प्रत्येक प्रगणक को लगभग 150 मकानों का दायित्व सौंपा गया है। जनगणना के दौरान परिवारों से सही एवं पूर्ण जानकारी प्राप्त करना महत्वपूर्ण है, ताकि जनगणना के आंकड़े विश्वसनीय रहें और विकास योजनाओं के निर्माण में उनका प्रभावी उपयोग किया जा सके।

फार्मर रजिस्ट्री की खामियों से किसानों की बढ़ी मुश्किलें, धान का भुगतान अटका

बिलासपुर। फार्मर रजिस्ट्री में तकनीकी खामियों के चलते किसानों का धान पंजीकरण और भुगतान अटकने से उनकी मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं।कई किसानों का धान दो से तीन सप्ताह से क्रय केंद्रों पर पड़ा हुआ है,लेकिन भुगतान न मिलने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इसी समस्या को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के नेतृत्व में किसानों ने तहसील पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।अधिकारियों के कार्यालय में मौजूद न मिलने पर नाराज किसानों ने ज्ञापन की प्रति जलाकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के जिलाध्यक्ष हरदीप सिंह पड्डा के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में तकनीकी और अन्य खामियों के चलते धान की बिक्री के लिए पंजीकरण नहीं हो पा रहा है।वहीं, खाता-खतौनी के आधार पर भी भुगतान संबंधी दिक्कतें सामने आ रही हैं।इससे किसानों का धान क्रय केंद्रों पर पड़ा हुआ है और उन्हें अपनी उपज का पैसा नहीं मिल पा रहा है।किसानों का कहना था कि भुगतान में देरी से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।आगामी फसल की बुवाई के लिए भी उन्हें धनराशि की आवश्यकता है। उन्होंने मांग की कि किसानों की पूरी भूमि का पंजीकरण कराया जाए और धान बिक्री का बकाया भुगतान जल्द से जल्द दिलाया जाए।एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने पहुंचे किसानों को जब अधिकारी कार्यालय में नहीं मिले तो उन्होंने नाराजगी जताई। किसानों ने चेतावनी दी कि सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर अपनी समस्या रखेंगे।समाधान न होने पर किसान धान को औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होंगे।उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया ने बताया कि किसानों से ज्ञापन लेने के लिए कहा गया था, लेकिन किसान इंतजार किए बिना चले गए।उन्होंने यह भी कहा कि ज्ञापन देने के संबंध में पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी।इस मौके पर सुखदेव सिंह, सुखविंदर सिंह, मनजिंदर सिंह, गुरमंत सिंह, कृपाल सिंह और परमजीत सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टेंपो को मारी टक्कर, किसान दंपति समेत छह घायल

बिलासपुर। नेशनल रोड पर शनिवार दोपहर जीरो प्वाइंट के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली और टेंपो की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।हादसे में किसान दंपति,उनकी पोती समेत छह लोग घायल हो गए।दुर्घटना के बाद टेंपो सड़क पर पलट गया। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल किसान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के रुद्रपुर से सवारियां लेकर एक टेंपो नगर की ओर आ रहा था।इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो सड़क पर पलट गया।हादसे में मिलक क्षेत्र के पीपलसाना गांव निवासी किसान रामप्रसाद (65), उनकी पत्नी रामदुलारी (60), पोती पायल (17) समेत छह लोग घायल हो गए।सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डॉ. मणिक अग्रवाल के अनुसार किसान रामप्रसाद को गंभीर चोटें आई हैं।उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों को मामूली चोटें होने पर दवा देकर घर भेज दिया गया।उधर, हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि घायल पक्ष की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है।तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर बिलासपुर में हुए विविध आयोजन

बिलासपुर। शनिवार को क्षेत्र में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सरकारी एवं अर्धसरकारी कार्यालयों सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

राष्ट्रीय पटेल महासभा के पदाधिकारी पटेल चौक पर एकत्र हुए, जहां सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद केमरी मार्ग स्थित शहीद पार्क में गोष्ठी आयोजित हुई।इसमें मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, निवेदिता मित्तल और ईओ डॉ. नितिन कुमार गंगवार ने सरदार पटेल के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विचार रखे। इस दौरान जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र गंगवार सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।वहीं तहसील सभागार में एसडीएम आनंद कुमार कनौजिया ने माल्यार्पण किया।कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित कर पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। नगर पालिका, खंड विकास कार्यालय, ब्लॉक संसाधन केंद्र, क्रय-विक्रय समिति, किसान सेवा सहकारी समिति और बिजलीघर में भी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल को नमन किया।जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सपा नेता अमरीश कुमार पटेल ने भी समर्थकों के साथ पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।क्षेत्र के विद्यालयों में भी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मिलक के विद्यालयों में मनी सरदार पटेल की 151वीं जयंती, एकता का लिया संकल्प

मिलक, रामपुर- नगर व क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। बिलासपुर रोड स्थित डॉ. रायबहादुर डिग्री कॉलेज में प्रबंधक इंजी. अनिल गंगवार ने चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान एकता संकल्प रैली का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने रियासतों का एकीकरण कर भारत की एकता को मजबूत किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार, ओमेंद्र पाल, सूर्य प्रकाश सक्सेना, शीशपाल, गजेंद्र पाल, गौरव पांडे सहित स्टाफ मौजूद रहा। खाता नगरिया स्थित गुरु नानक अकादमी में चेयरमैन विशेष शर्मा ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। बच्चों को राष्ट्रीय एकता व सद्भाव का संदेश दिया गया।

मिलक, रामपुर- विलासपुर विधानसभा के रटौंडा चौराहे स्थित पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई।जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल ने किसानों के हकों की लड़ाई लड़ी और रियासतों को एक कर अखंड भारत बनाया।

रामपुर में 'रन फॉर यूनिटी' के साथ मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस, 400 प्रतिभागियों ने लगाई दौड़



रामपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता दिवस 'रन फॉर यूनिटी' थीम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 400 प्रतिभागियों ने दौड़ में हिस्सा लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।

रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने अंबेडकर पार्क से हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर गांधी समाधि पर समाप्त हुई। इसमें पंचायती राज विभाग, युवा कल्याण विभाग, खेल विभाग के हॉकी छात्रावास के बालकों, खेलो इंडिया एथलेटिक सेंटर के प्रशिक्षार्थियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके योगदान और देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने के संकल्प की याद दिलाता है। सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सभी नागरिकों को राष्ट्र की एकता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में अपना योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बृजेश बिश्नोई तथा प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में पुलिस विभाग की भी सक्रिय भूमिका रही।

इस अवसर पर बमनपुरी स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालक एवं बालिका वर्ग की सेवन-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता तथा योगासन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और खेल भावना के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश देने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में योगासन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार सिंह, खेलो इंडिया के प्रशिक्षक सौरभ कुमार, अमरपाल यादव सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेस ने इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि



रामपुर। जिला युवा कांग्रेस कार्यालय ग्राम काशीपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हुई। कार्यकर्ताओं ने चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा।

जिलाध्यक्ष आरिफ अल्वी ने कहा - इंदिरा जी ने मजबूत इरादों से भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाया, उनका बलिदान प्रेरणादायी है। प्रदेश सचिव मणि कपूर ने कहा - बैंक राष्ट्रीयकरण व हरित क्रांति जैसे फैसलों से उन्होंने किसानों व वंचितों को सशक्त किया। इस दौरान रशीद खान, मनोज कुमार, इमरान, उबैद, राहुल कश्यप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मेन्स पार्लर एवं सैलून उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



रामपुर। बैंक ऑफ बड़ौदाङ्क ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में संचालित 30 दिवसीय मेन्स पार्लर एवं सैलून उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक विजय शंकर एवं संस्थान के फैकल्टी सरफराज हुसैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर विजय शंकर ने प्रशिक्षणार्थियों को सीखे गए कौशल के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। सरफराज हुसैन ने कहा कि हुनर को आजीविका का साधन बनाकर युवा सफल उद्यमी बन सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हेयर कटिंग, शेविंग, दाढ़ी की डिजाइनिंग, हेयर स्टाइलिंग, ग्राहक सेवा एवं सैलून व्यवसाय प्रबंधन का तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही स्वरोजगार स्थापना एवं बैंक ऋण संबंधी जानकारी भी दी गई।

सरस्वती विद्या मंदिर में मनी सरदार पटेल की 151वीं जयंती



मिलक, रामपुर - सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में लौह पुरुष सरदार पटेल की 151वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। अध्यक्ष डॉ. राजकुमार माहेश्वरी, प्रबंधक सुरेंद्र चंद्र गंगवार व प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान निबंध, क्विज, क्रिकेट, वालीबॉल, संगीत आदि प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्य वक्ता मोहित सिंह ने कहा कि पटेल ने 562 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत बनाया। इस मौके पर अनिल गंगवार, संजीव गंगवार, रवीन्द्र , मनोज पटेल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

04022/04021 नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04022		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04021	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	14:30	नई दिल्ली	23:10	---
23:20	23:30	लखनऊ जं.	13:10	13:20
04:10	---	गोरखपुर	---	07:00

चलने के दिनः 04022 नई दिल्ली से दिनांक 06.11.2026 एवं 13.11.2026 (शुक्रवार को) और **04021 गोरखपुर से** दिनांक 07.11.2026 एवं 14.11.2026 (शनिवार को)।

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

04058/04057 आनन्द विहार(ट.)-छपरा-आनन्द विहार(ट.) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04058		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04057	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	00:20	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:20	---
13:15	13:25	वाराणसी	03:35	03:45
19:20	---	छपरा	---	22:10

चलने के दिनः 04058 आनन्द विहार(टर्मि.) से और **04057 छपरा से** दिनांक 03.11.2026 से 17.11.2026 (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार) को

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.,

ठहरावः दून्डला जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, रेवती एवं सुरेमनपुर स्टेशन।

05087/05088 आनन्द विहार(टर्मि.)-मऊ जं.-आनन्द विहार(टर्मि.) त्यौहार विशेष (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05087		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 05088	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	22:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	14:00	---
17:00	---	मऊ जं.	---	19:15

चलने के दिनः 05087 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 03.11.2026 एवं 10.11.2026 (मंगलवार) को और **05088 मऊ जं. से** दिनांक 04.11.2026 एवं 11.11.2026 (बुधवार) को।

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः मुहम्मदाबादा, आज़मगढ़ जं., खोरासन रोड, शाहगंज जं., जौनपुर जं., जंघई जं., प्रयाग जं., प्रयागराज जं., गोविन्दपुरी, दून्डला जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।

08751/08752 दुर्ग जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग जं. आनन्द विहार(टर्मि.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 06 फेरे

रेलगाड़ी सं. 08751		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 08752	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	10:45	दुर्ग जं.	13:45	---
11:10	---	हज़रज निज़ामुद्दीन	---	12:30

चलने के दिनः 08751 दुर्ग जं. से दिनांक 01.11.2026 से 15.11.2026 (प्रत्येक रविवार) को और **08752 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 02.11.2026 से 16.11.2026 (प्रत्येक सोमवार) को।

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः रायपुर जं., उस्लापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झासी, आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

04660/04659 लुधियाना जं.-पूर्णियाँ जं.-लुधियाना जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04660		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04659	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	12:00	लुधियाना जं.	06:50	---
19:25	19:35	मुरादाबाद	23:50	23:55
21:30	---	पूर्णियाँ जं.	---	23:30

चलने के दिनः 04660 लुधियाना जं. से दिनांक 05.11.2026 एवं 09.11.2026 (गुरुवार, सोमवार को) और **04659 पूर्णियाँ जं. से** दिनांक 06.11.2026 एवं 10.11.2026 (शुक्रवार, मंगलवार को)।

स्थानः शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः ढंडारी कलां, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बछवारा जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सहरसा जं. एवं बनमनखी जं. स्टेशन।

04054/04053 नई दिल्ली-हावड़ा जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04054		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04053	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	18:15	नई दिल्ली	08:20	---
23:40	---	हावड़ा जं.	---	01:40

चलने के दिनः 04054 नई दिल्ली से दिनांक 04, 05, 07, 11 एवं 12.11.2026 को और **04053 हावड़ा जं. से** दिनांक 06, 07, 09, 13 एवं 14.11.2026 को।

स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः गाजियाबाद, अलीगढ़, दूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन।

04066/04065 आनन्द विहार(टर्मि.)-सबौर-आनन्द विहार(टर्मि.) आरक्षित त्यौहार विशेष — 08 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04066		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04065	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	05:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	13:45	---
07:00	---	सबौर	---	11:00

चलने के दिनः 04066 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 06, 07, 11 एवं 12.11.2026 को और **04065 सबौर से** दिनांक 07, 08, 12 एवं 13.11.2026 को।

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.

ठहरावः गाजियाबाद, अलीगढ़, दूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया जं., वारिसली गंज, शेखपुरा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज एवं भागलपुर स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 02397/02398 गया जं.-आनंद विहार(टर्मि.)-गया जं. विशेष रेलगाड़ी का विस्तार शेखपुरा जं. तक किया गया है, जो अब शेखपुरा जं.-आनंद विहार(टर्मि.)-शेखपुरा जं. विशेष रेलगाड़ी के रूप में चलेगी।

रेलगाड़ी सं. 02397		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 02398	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	11:30	शेखपुरा जं.	14:45	---
12:02	12:04	वारिसली गंज	13:08	13:10
12:24	12:26	नवादा	12:40	12:42
12:45	12:47	तिलैया जं.	12:18	12:20
14:05	14:15	गया जं.	11:10	11:15
गया जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-गया जं. के बीच समय-सारणी यथावत रहेगी				
11:40	---	आनन्द विहार(टर्मि.)	---	13:30


- **विस्तार की प्रभावी तिथिः 02397 शेखपुरा जं. से** दिनांक 01.11.2026 से और **02398 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 02.11.2026 से ।
- **नोटः** बाकी सभी निर्देश यथावत रहेंगे।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

16 से 30 नवंबर तक स्वयं कर सकते हैं परिवार की ऑनलाइन जनगणना



बदायूँ। जनगणना डिजिटल माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। प्रथम चरण में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आमजन आधिकारिक पोर्टल द्धह्लह्लश्रह्यञ्// ह्यद्र.ष्द्रठ्ठह्यह्लह्य.द्दश1.द्बठ्ठ/ के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना पूरी होने के बाद प्राप्त एसई आईडी को सुरक्षित रखकर घर आने वाले प्रगणक को एसई आईडी उपलब्ध करानी होगी। इसके उपरांत 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना की जाएगी।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या की गणना) के सफल संचालन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक करने के पश्चात मीडिया से वार्ता कर सम्पूर्ण कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी दी और व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

5,929 प्रगणक करेंगे गणना- अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र श्रीवास्तव ने बैठक में जनगणना की कार्यप्रणाली, निर्धारित समय-सारणी, स्व-गणना की प्रक्रिया तथा आमजन की सहभागिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया जनपद बदायूँ में जनगणना कार्य के लिए कुल 26 चार्ज निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 05 तहसील चार्ज, 07 नगर पालिका परिषद एवं 14 नगर पंचायत शामिल हैं। जनपद में जनगणना कार्य को संपन्न कराने के लिए कुल 5,929 प्रगणक एवं 1,003 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि गणना के दौरान परिवार एवं उसके सदस्यों से निर्धारित 40 प्रश्नों के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाएगी। 05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण चरण संचालित होगा, जिसमें निर्धारित अवधि के दौरान जन्म एवं मृत्यु से संबंधित विवरण संकलित कर आंकड़ों को अद्यतन किया जाएगा। जनगणना में बेघर व्यक्तियों को भी सम्मिलित किया जाएगा, ताकि कोई भी व्यक्ति गणना से वंचित न रहे।

कोई दस्तावेज नहीं लिया जाएगा- बैठक में स्पष्ट किया गया कि जनगणना के दौरान किसी भी व्यक्ति से कोई दस्तावेज, प्रमाण पत्र अथवा अन्य कागजात नहीं मांगे जाएंगे और न ही किसी प्रकार का शुल्क लिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस गणना के दौरान किसी प्रकार ओटीपी भी नहीं मांगी जाएगी और न ही ओटीपी किसी को शेयर करें। प्रगणकों द्वारा प्राप्त सभी सूचनाएं पूर्णत: गोपनीय रखी जाएंगी। आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए प्रगणकों के पहचान पत्र पर क्यूआर कोड भी उपलब्ध रहेगा, जिसे स्कैन कर उनकी पहचान एवं प्रामाणिकता का सत्यापन किया जा सकेगा।

बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन आज

बदायूँ। सिविल जज(सीoडि०)/त्वरित न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अंकित रस्तोगी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में 01 नवंबर 2026 को प्रात: 10 बजे मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय न्यायिक अधिकारीगण की उपस्थिति में विभिन्न विधिक एवं जनकल्याणकारी सेवाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनसामान्य के हितार्थ संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। शिविर के माध्यम से आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा विधिक सहायता एवं सेवाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा। शिविर में खादी, उद्योग, कृषि, उद्यान, पशु चिकित्सा, मत्स्य, पंचायती राज, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा, एलडीएम, ड्डा, नेडा, विद्युत, श्रम, डीएसओ, समाज कल्याण, महिला कल्याण, प्रोबेशन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एनआरएलएम आदि विभिन्न विभाग जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने हेतु स्टॉल लगाएंगे।

अपहृताओं की सकुशल बरामदगी में करें सहयोग

बदायूँ। जनपद में दो अलग-अलग मामलों में लापता तीन युवतियों की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। थाना आंवला, जनपद बरेली में दर्ज मुकदमे से संबंधित पूनम (उम्र 20 वर्ष) एवं राजकुमारी (उम्र 15 वर्ष), पुत्रियां स्वर्गीय नन्हे, निवासी ग्राम रहड़ुईया, थाना आंवला, जनपद बरेली की तलाश की जा रही है। इस मामले में थाना मूसाझाग एवं थाना बिनावर, जनपद बदायूँ के निवासी आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है। मामले की विवेचना थाना आंवला पुलिस द्वारा की जा रही है। थाना मूसाझाग, जनपद बदायूँ में दर्ज मुकदमे से संबंधित संरोजा (उम्र 16 वर्ष), पुत्री वीरपाल, निवासी ग्राम चिंजरी, थाना मूसाझाग, जनपद बदायूँ की भी तलाश की जा रही है। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है तथा मामले की विवेचना थाना मूसाझाग पुलिस द्वारा की जा रही है। थाना मूसाझाग के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने उक्त आशय की जानकारी दी है कि पुलिस द्वारा तीनों की तलाश एवं सकुशल बरामदगी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यदि किसी को इनके संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो तो संबंधित थाना मूसाझाग के प्रभारी निरीक्षक के मोबाइल नम्बर 9454402945 अथवा पुलिस क्षेत्राधिकारी के मोबाइल नम्बर 9454401317 पर तत्काल सूचना देकर बरामदगी में सहयोग किया जा सकता है।

दीपावली पर हिंदू बाहुल्य इलाकों को सड़कों का तोहफा

बदायूँ। चेयरमैन फातमा रजा ने दी 1.62 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी नगर पालिका के 12 निर्माण कार्यों से शहर की सड़कों का होगा कायाकल्प कई प्रमुख मार्गों पर बिछेगी हॉटमिक्स की परत, नाला, पार्क और पार्किंग निर्माण भी होंगे हॉटमिक्स और सीसी सड़क निर्माण पर विशेष जोर।अंबेडकर पार्क में फर्श और एसके कॉलेज में पार्किंग शहर के कई प्रमुख और हिंदू बाहुल्य इलाकों के मार्ग भी विकास कार्यों में शामिल। बदायूं। दीपावली के त्योहार पर बदायूं शहर के लोगों को विकास कार्यों की सौगात मिलने जा रही है। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन फातमा रजा के प्रयासों से शहर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख मार्गों पर 1 करोड़ 62 लाख 18 हजार 385 रुपये की लागत से 12 निर्माण एवं विकास कार्य कराए जाने की तैयारी है। इन कार्यों में सबसे ज्यादा जोर सड़क निर्माण और सड़कों के कायाकल्प पर दिया गया है। खास बात यह है कि स्वीकृत निर्माण कार्यों में हिंदू बाहुल्य इलाकों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों के कई प्रमुख मार्गों को भी शामिल किया गया है। इससे दीपावली के मौके पर इन इलाकों के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है।

03 को सालारपुर व 04 नवम्बर को बीआईएमटी में लगेगा रोजगार मेला

बदायूँ। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन बदायूँ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 03 नवम्बर 2026 को प्रात: 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सालारपुर परिसर में तथा 04 नवम्बर 2026 को प्रात: 10 बजे से बीआईएमटी परिसर बदायूँ में रोजगार मेला आयोजित होगा। रोजगार मेले में तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्रों के साथ ही नि:शुल्क कौशल उन्नयन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के उपरांत नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने वाली 15 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन एवं साक्षात्कार किया जाएगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करना पूर्णत: नि:शुल्क है। रोजगार मेले में हाईस्कूल से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक तथा कौशल विकास डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष तक के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को प्रात: 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्रों एवं बायोडाटा की छायाप्रति के साथ संबंधित स्थल पर उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

दियौरा में राम जन्म एवं ताड़का, सुबाहु वध लीला का भव्य मंचन, भाव-विभोर हुए दर्शक

चन्दौसी। थाना कुंदरकीहेगढ़ क्षेत्र के ग्राम दियौरा में आदर्श श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही सात दिवसीय रामलीला के तीसरे दिन शुक्रवार की रात्रि राम जन्म लीला का मनोहारी मंचन किया गया। वृन्दावन के प्रसिद्ध नन्दिनी रामलीला मण्डल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत राम जन्म की लीला को देख दर्शक भक्ति रस में सराबोर हो गए। मंचन के दौरान जैसे ही भगवान राम के जन्म का दृश्य आया, पूरा पंडाल ज्य श्री रामष् के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। लीला में विष्णु शरण ने राजा दशरथ, पवन ने महर्षि वशिष्ठ, साहिब सिंह ने विश्वामित्र, अर्पित ने भगवान राम, सचिन ने लक्ष्मण और श्रीनिवास ने माता कौशल्या की भूमिका का सजीव अभिनय किया। हारमोनियम पर प्रहलाद शर्मा और ढोलक पर संगतकारों ने मधुर संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समस्त रामलीला का मंचन रामलीला मंडल संचालक हरद्वारी स्वामी के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस अवसर पर राशन डीलर उदयवीर सिंह यादव, गोकरन यादव, लल्लू सिंह, रनवीर सिंह, वीरेश यादव, लखमीचन्द यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

दिवाली पर मिट्टी के दियों से रोशन होगी उम्मीदें

चन्दौसी। दीपावली पर्व नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के दिये बनाने का कार्य तेज हो गया है। कुंदरकीहेगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बिचैत्र में प्रजापति समाज के अंतरसिंह प्रजापति द्वारा परम्परागत तरीके से दिये बनाने का कार्य किया जा रहा है। अंतर सिंह ने बताया कि दिये बनाने के लिए पहले चिकनी मिट्टी को गूंथकर चाक पर आकार दिया जाता है। इसके बाद सभी दियों को 2-3 दिन तक धूप में अच्छी तरह सुखाया जाता है। सूखने के बाद उन्हें आंवा में रखकर आग से पकाया जाता है, जिससे वे मजबूत हो जाते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में पूरा परिवार दिन-रात लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि तैयार दिये गांव-गांव जाकर और साप्ताहिक बाजारों जैसे रजथल, कुंदरकीहेगढ़ और मुड़िया खेड़ा, रौड आदि बाजार में बेचे जाते हैं। इस बार बाजार में देसी दियों की मांग बढ़ी है। लोग चाइनीज लाइटों की जगह मिट्टी के दियों को अधिक पसंद कर रहे हैं। अंतर सिंह का कहना है कि मिट्टी और ईंधन महंगा होने के बावजूद दिवाली पर कुछ अच्छी कमाई की उम्मीद है। मिट्टी के दिये न केवल घरों को रोशन करेंगे, बल्कि कुम्हार परिवारों के जीवन में भी खुशियां लाएंगे।

परिवार परामर्श केंद्र ने 10 परिवारों में कराया समझौता

चन्दौसी। पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह समझौता केंद्र की बैठक शनिवार को महिला थाना पुलिस लाइन बहजोई में थानाध्यक्ष डॉ. रुक्म पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। केंद्र में कुल 144 पत्रावलियों की सुनवाई की गई। इनमें से 54 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया, जबकि आपसी सहमति से 10 पत्रियों को दोबारा मिलाया गया। इसके अलावा 15 पत्रावलियों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। वहीं, 29 पत्रावलियों में आवेदकों की ओर से पैरवी नहीं किए जाने अथवा अन्य कारणों से कार्रवाई बंद कर दी गई। बैठक में काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, अखिलेश अग्रवाल, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, कंचन माहेश्वरी और बबीता के साथ परिवार परामर्श केंद्र में नियुक्त कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला आरक्षी ज्योति, महिला आरक्षी विनीता सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

जैविक खेती अपनाकर मृदा एवं पर्यावरण संरक्षण में करें सहयोग



बदायूँ। उत्तर प्रदेश क्रॉप डायवर्सिफिकेशन सपोर्ट प्रोजेक्ट (यूपी डास्प) द्वारा संचालित नमामि गंगे जैविक खेती (ईओएफसी) योजना के अंतर्गत गठित समूहों के सदस्यों के लिए तृतीय वर्ष का एक दिवसीय जैविक किसान मेला एवं गोष्ठी का आयोजन विकास खंड परिसर उसावां में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यदायी संस्था बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विधायक प्रतिनिधि, दातागंज डॉ. अरविन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक, यूपी डास्प ने किसानों को रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जैविक खेती की विधियों, इसमें आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के संबंध में विस्तार से बताया। साथ ही जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही अनुदान राशि की जानकारी भी दी।

वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक डॉ. पी.के. वर्मा ने जैविक विधि से फसल पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कृषि वैज्ञानिक संवाद के माध्यम से किसानों की समस्याओं का समाधान भी बताया। सहायक कृषि विकास अधिकारी (कृषि) डॉ. महेश पाल सिंह ने जैविक विधि से दीमक एवं फफूंदजनित रोगों की रोकथाम के उपाय बताए।

नमामि गंगे के जिला प्रभारी लवकुश मिश्रा ने जैविक विधि से पोषक तत्व प्रबंधन, मृदा जनित रोगों के नियंत्रण तथा फसल सुरक्षा के संबंध में किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में जिला परियोजना समन्वयक, यूपी डास्प ने किसानों से जैविक खेती अपनाने की अपील की तथा इस दिशा में हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

किसानों के जैविक उत्पादों के विपणन एवं बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेले में जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी एवं स्टॉल भी लगाए गए। इनके माध्यम से किसानों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार तथा स्थानीय बाजार में बिक्री के अवसर उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक कृषि विकास अधिकारी (कृषि) महेश पाल सिंह, वीटीएम उसावां, पीपीएस उसावां, नमामि गंगे के जिला प्रभारी लवकुश मिश्रा, प्रमाणीकरण संस्था से अवधेश कुमार सिंह एवं पुनीत शर्मा, गठित समूहों के सदस्य एवं कृषक तथा सहयोगी संस्था बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के क्षेत्रीय कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

डी पॉल स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

बिसौली। डी पॉल स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को समर्पित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन बीसी एवं प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी थॉमस के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।



कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कक्षा 10 के छात्र संकल्प वार्ष्णेय के प्रभावशाली भाषण, विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और एकता की भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को और अधिक ज्ञानवर्धक एवं रोचक बनाने के लिए विद्यालय के चारों हाउस रेड हाउस, येलो हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सामान्य ज्ञान, ऐतिहासिक जानकारी और त्वरित उत्तर देने की क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ग्रीन हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी थॉमस ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन हमें एकता, अनुशासन, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की सीख देता है। इस आयोजन ने विद्यार्थियों के मन में देशप्रेम, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ किया।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत शनिवार को जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रों में चैपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक किया और महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण की जानकारी दी। वहीं एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूल-कॉलेजों और धार्मिक स्थलों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वावलंबन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट वितरित कर उनके उपयोग के बारे में बताया।

सरदार पटेल की जयंती पर वृद्धाश्रम में बांटे फल और भोजन

चन्दौसी। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उनकी पत्नी एवं आकांक्षा समिति सम्भल की उपाध्यक्ष मृदुला भट्ट ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को फल और भोजन वितरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने में सरदार पटेल के योगदान पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, खान-पान और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बुजुर्गों की देखभाल और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी को वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एलोपैथिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद विभाग की सेवाएं भी जोड़ने के निर्देश दिए।

एनकेबीएमजी महाविद्यालय में कार्यालय में बाहर लगा ताला तोड़ा

चन्दौसी। नगर के एनकेबीएमजी कॉलेज में प्राचार्य पद को लेकर विवाद गहरा गया है जहां कार्यकाल पूर्ण होने पर विधि संवत नगरपालिका अध्यक्षा द्वारा अलका अग्रवाल को पद मुक्त करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0 एन0के0 बिंद्रा को चार्ज विधि सम्मत् स्थानान्तरित करने के आदेश की प्रतिनिधि संबंधित अधिकारियों को भेजकर अवगत कराया गया लेकिन कार्यरत प्राचार्य प्रो0 अलका अग्रवाल द्वारा चार्ज हस्तानांतरित नहीं किया। वहीं प्रबंधक समिति द्वारा एक रजिस्टर्ड डाक पत्र भेजकर सूचना प्राचार्य कक्ष में ताला लगा दिया गया। इधर आदेश अनुपालन न करने के संबंध में प्रबंधक समिति द्वारा महाविद्यालय पहुंचकर जाली वाले डोर में ताला डाल दिया गया। शनिवार को सक्षम अधिकारी के आदेश पर ताला तोड़कर प्राचार्य अलका अग्रवाल चेयर पर पहुंचीं। इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय द्वारा बताया गया कि पद मुक्त करने की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार की गयी है। कार्यालय के दरवाजे में उनका ताला था, बाहरी जाली वाले दरवाजे में समिति सदस्यों की मौजूदगी में ताला डलवाया गया। मौके पर लोगों के बयान भी दर्ज कराये गये। कार्यालय का ताला तोड़े जाने पर बताया कि वह उपजिलाधिकारी से पता करेंगी कि किस सक्षम अधिकारी के आदेश पर ताला तोड़ा गया। वहीं चेयरमैन द्वारा नियम विरुद्ध ताला तोड़ा जाना बताया।

सीजन के पहले कोहरे ने थामी वाहनों की रफ्तार, सुबह छाई धुंध

चन्दौसी। मौसम में बदलाव के साथ ही शनिवार सुबह क्षेत्र में सीजन का पहला कोहरा दिखाई दिया। सुबह शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक धुंध छाई रही, जिससे सड़कों पर दृश्यता कम हो गई। इसका असर सुबह कामकाज के लिए घरों से निकले लोगों पर पड़ा। वाहन चालकों को भी गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हुई। कोहरे के कारण प्रमुख मार्गों पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए। कई चालकों ने लाइट जलाकर सफर किया, जबकि दोपहिया वाहन सवारों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़कों के किनारे लगे पेड़ और इमारतें भी धुंध में छिपी दिखाई दीं। बारिश के बाद बदले मौसम और तापमान में गिरावट से सुबह-शाम ठंडक बढ़ने लगी है। सीजन के पहले कोहरे ने सर्दी की आहट दे दी है। वहीं, कम दृश्यता के चलते सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे में वाहन चालकों को धीमी गति से चलने, उचित दूरी बनाए रखने और आवश्यकतानुसार लाइट का इस्तेमाल करने की जरूरत है।

युवक ने उठाया आत्मघाती कदम, गंभीर हालत में रेफर

चन्दौसी। कोतवाली क्षेत्र के मौलागढ़ गांव में देर रात एक युवक ने फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। समय रहते परिजनों को घटना की जानकारी हो गई, जिसके बाद उन्होंने युवक को बचा लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गांव निवासी अमित देर रात घर में था। इसी दौरान उसने रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों की नजर पड़ने पर उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारा और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों के अनुसार, अमित पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। हालांकि, उसकी परेशानी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। समय रहते परिजनों के पहुंचने से युवक की जान बच सकी।

सरदार पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को कृष्णानगर कॉलोनी की गली नंबर दो में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम ब्राह्मण महासभा संभल के जिलाध्यक्ष पंडित सुरेशचंद्र शर्मा के आवास पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र विजय प्रकाश अग्रवाल ने की तथा संचालन सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक हरि सिंह यादव ने किया। माधव मिश्र ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 रियासतों का भारत में विलय कर अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके योगदान के सम्मान में उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं, इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए देश को मजबूत बनाने और 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने दोनों महान विभूतियों



के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम आयोजक पंडित सुरेश चंद्र शर्मा, विजय प्रकाश अग्रवाल, गेंदन लाल, डॉ. जितेंद्र वर्मा, आनंद प्रकाश यादव, अशोक कुमार, शिवशंकर मिश्रा, गंगा देवी, भुवनेश्वरी पचैरी और किरण सिंह सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में मॉडल कॉलेज की टीम बनी विजेता

चन्दौसी। मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की ओर से अंतर महाविद्यालय महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल और मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला एसवीडी धामपुर और मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चन्दौसी के बीच हुआ, जिसमें चन्दौसी की टीम ने 42-11 से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में मॉडल कॉलेज की टीम ने आरएसएम धामपुर को 37-32 से पराजित किया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज की टीम ट्रॉफी की विजेता बनी। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक डॉ. अमनदीप कौर, विशेषज्ञ मनीष ढाका, अधिकारी विक्रास चैधरी एवं हेमंत चैधरी ने प्रतियोगिता का संचालन कराया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ अधिकारी ज्ञान सिंह ने किया। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, टीमों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर मुरादाबाद मंडल में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर आज दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल द्वारा %राष्ट्रीय एकता दिवस% उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

इस अवसर पर प्रात: 7ः30 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुरादाबाद के प्रांगण में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) श्री प्रेम शंकर झा ने किया।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं रेलकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने तथा देश की एकता और समरसता को सुदृढ़ करने की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत %एकता दौड़% (ऋ्ह्ठ द्बश्ह्द्द ठ्ठह्ल्ह्ल4) का आयोजन किया गया।

यह दौड़ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर, मुरादाबाद से प्रारंभ होकर मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर संपन्न हुई। दौड़ में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस आयोजन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) श्री प्रेम शंकर झा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अभिषेक ठाकुर, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य) श्री प्रतीक श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (कैरेज एवं वैगन), श्री सत्येंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल चिकित्सालय मुरादाबाद डॉ. राजवीर सिंह तथा सहायक सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल श्री मौहम्मद असलम सहित अन्य अधिकारीगण, अनेक संख्या में रेलकर्मी एवं रेलवे सुरक्षा बल के जवान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य रेलकर्मियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता, अनुशासन एवं सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जनगणना-2027 की तैयारियों एवं सफल क्रियान्वयन के संबंध में जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य की तैयारियों, स्व-गणना की प्रक्रिया तथा जनसामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने एडीएम वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना-2027 के महत्व को देखते हुए इसके प्रति आमजन को जागरूक किया जाए तथा स्व-गणना की सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता एवं सही जानकारी का विशेष महत्व है।

उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के अंतर्गत नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करने के लिए स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके माध्यम से नागरिक घर बैठे ही निर्धारित पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्यर्//ह्यद्र.ष्ट्ठह्लह्यह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। स्व-गणना की अवधि 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक निर्धारित की गई है।

इसके उपरांत 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक नागरिकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराते हुए जनगणना कार्य में पूरा सहयोग करें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से संबंधित जानकारी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रसारित की जाए।

सत्ता परिवर्तन का नियम है देश के युवाओं ने सत्ता परिवर्तन का रुख अपनाया है युवा ही देश का भविष्य तय करेंगे: चंद्रशेखर आजाद

हापुड़। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि सत्ता परिवर्तन का नियम है देश के युवाओं की आज आवाज देश एवं प्रदेश की सत्ता को बदलने के लिए खड़ी हुई है देश के युवा ही देश एवं प्रदेश की सट्टा तय करने का फैसला करेंगे देश के युवा ही देश का भविष्य होते हैं इसलिए आज देश के युवा सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है श्री आजाद आज यहां रामलीला मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव का बिल्कुल बच चुका है आने वाले दिनों में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होगा और यह कार्य प्रदेश के युवा के हाथों में होगा प्रदेश के युवा ही प्रदेश का भाग्य तय करेंगे क्योंकि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है इसलिए युवा ही अब प्रदेश की विकास के नींव रखने जा रहे हैं उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार ने आज के युवा वर्ग के हाथों में नात शरीफ भीख मंगवाने का काम किया है उन्हें रोजगार शिक्षा एवं अन्य कार्य से वंचित रखा है इसलिए देश का युवा अब आजाद समाज पार्टी के साथ खड़ा है आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश का युवा आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशियों को भारी बहुमत के साथ विजई बनाकर विधानसभा में भेजने का काम करेंगे उन्होंने कहा कि जनपद हापुड़ के युवा इतने शक्तिशाली है कि वह भी सत्ता परिवर्तन के लिए तैयार हैं उन्होंने कहा कि हापुड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार निमेष निमेष को हापुड़ विधानसभा के लोग भारी बहुमत के साथ विजई बनाने का काम करेंगे जनसभा में आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी ने राष्ट्रीय दक्ष का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया विशाल जनसभा में दूसरे दलों से आए अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में आजाद समाज पार्टी का दामन थामा इस मौके पर आज समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा

कोषागार आने में असमर्थ पेंशनरो के घर जाकर किया जायेगा भौतिक सत्यापन मुख्य कोषाधिकारी

मेरठ।मुख्य कोषाधिकारी मेरठ जान्हवी मोहन ने बताया कि कोषागार मेरठ से पेंशन प्राप्त करने वाले जनपद के समस्त ऐसे पेंशनर जो कि स्थाई रूप से विकलांग, मानसिक रूप से विक्षिप्त एवं गम्भीर बीमारी से ग्रसित होने के कारण अपने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र हेतु कोषागार/केन्द्रों पर आने में असमर्थ है, वे कोषागार के दूरभाष सं0-0121-2644508 पर किसी भी कार्यदिवस में अपरान्ह 02.00 बजे से 05.00 बजे के मध्य फोन करके अपना नाम एवं पता नोट करा सकते है, जिससे कोषागार का अधिकारी/कर्मचारी स्वयं उनके घर जाकर पेंशनर का भौतिक सत्यापन कर डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र की कार्यवाही पूर्ण करा सके।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्जा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	रॉयल वुड ट्रेडर/मोहम्मद अनवर/ नाजरा मोहम्मद/ 750405500247	मकान नंबर 268/252 ए, मोहल्ला जगत आलम सराय, रोडवेज रोड, रोडवेज स्टैंड, संभल, मुरादाबाद-244302, उत्तर प्रदेश मालिक: मो. अनवर। (क्षेत्रफल: 182.62 वर्ग मीटर)। चतुर्सीमा-उत्तर: शहीना बेगम का मकान, दक्षिण: नसरुद्दीन और रियाज़ुद्दीन का मकान, पूर्व: सड़क, पश्चिम: हिंद इंटर कॉलेज का मैदान सांकेतिक कब्ज़े की तारीख: 29 अक्टूबर, 2026।	अगस्त 14, 2026 रु. 1,78,14,144.51/-	मुरादाबाद संभल

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यों) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : नवंबर 01, 2026
स्थान : मुरादाबाद और संभल

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 261 जोड़ों का हुआ विवाह



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश की संवेदनशील योगी सरकार के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए आज जनपद मुरादाबाद के मुंडा पांडे स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कॉलेज में समाज कल्याण विभाग द्वारा %मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना% का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में विभिन्न वर्गों के कुल 261 निर्धन जोड़ों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सामूहिक विवाह सकुशल संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में कुन्दरकी विधायक ठा0 रामवीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख मुंडापांडे डॉ0 नवीन यादव, ब्लॉक प्रमुख कुंदरकी हाजी गुलाम जिलानी, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, एडीएम प्रशासन श्री प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा वाजपेई सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

प्रति युगल 1 लाख रुपये की आर्थिक संबलता- पारदर्शी डीबीटी व उपहार व्यवस्था

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आर्थिक ढांचे को इस तरह तैयार किया गया है जिससे नवदंपति बिना किसी वित्तीय संकट के अपने नए जीवन की शुरुआत कर सकें। योजना में प्रति युगल स्वीकृत 1 लाख रुपये की कुल धनराशि में से 64,000 रुपये सीधे वधू के बैंक खाते में डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से भेजे जाते हैं। इसके साथ ही नई गृहस्थी जमाने के लिए 21,000 रुपये मूल्य के आवश्यक वैवाहिक व दैनिक उपयोग के उपहार जोड़े को भेंट किए जाते हैं। वहीं, 15,000 रुपये प्रति जोड़े की दर से समारोह स्थल पर परिजनों व अतिथियों के खानपान, टेंट, मंडप और स्वागत-सत्कार की उच्चस्तरीय व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं।

जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन की गरिमामयी सहभागिता

समारोह स्थल पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमले ने व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और नवदंपतियों को उपहार सौंपे। कुन्दरकी विधानसभा के विधायक ठा0 रामवीर सिंह, मुंडापांडे ब्लॉक प्रमुख डॉ0 नवीन यादव, कुंदरकी ब्लॉक प्रमुख हाजी गुलाम जिलानी के साथ मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, एडीएम प्रशासन श्री प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने वर-वधू के ऊपर पुष्पवर्षा कर उन्हें सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि योगी सरकार का यह सामूहिक प्रयास समाज में दहेज जैसी कुप्रथा पर कड़ा प्रहार करने के साथ निर्धन परिवारों को कर्ज के बोझ से मुक्ति दिला रहा है।

नवदंपतियों की जुबानी- सरकार के सहयोग से शुरू हुआ सुखद सफर

विवाह बंधन में बंधे युगलों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ नजर आई। मिलक के रहने वाले कुणाल और उनकी पत्नी भूरी ने बताया कि कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते विवाह की चिंता सता रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने उनका विवाह इतने गरिमामयी मंच पर कराया और जरूरी सामान भी दिया, जिसके लिए वे मुख्यमंत्री जी के आभारी हैं। वहीं ग्राम व पोस्ट सरसखेड़ा के देवेन्द्र कुमार और उनकी जीवनसंगिनी आरती ने कहा कि इस योजना से उनका मान-सम्मान बढ़ा है और वे नई जिंदगी में कदम रख रहे हैं। मुरादाबाद निवासी नत्थू सिंह ने भी गृहस्थी का सामान मिलने और शानदार व्यवस्थाओं के बीच विवाह संपन्न होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से धन्यवाद किया।

शिक्षा से कन्यादान तक- बेटियों के सशक्तिकरण का योगी विजन

पूरे उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए एक रक्षा-कवच साबित हो रही है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उस दूरगामी सोच को दर्शाती है, जिसके केंद्र में प्रदेश की बेटियां हैं। सरकार जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई-लिखाई, सुरक्षा और फिर कन्यादान तक हर पड़ाव पर अभिभावक बनकर खड़ी है। बेटियों के कल्याण के प्रति इस संवेदनशील नीति के चलते आज राज्य के हर कोने में निर्धन कन्याओं का विवाह पूरे स्वाभिमान और सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ संभव हो रहा है।

तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत जनपद के 100 गांवों एवं 1100 विद्यालयों को बनाया जाएगा तंबाकू मुक्त

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज अपर जिलाधिकारी नगर श्री अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के 100 गांवों एवं 1100 विद्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में पंचायती राज विभाग को 100 गांवों तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को 1100 विद्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस विभाग को कोटपा अधिनियम-2003 एवं इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम (ब्ब्श्रह्ल)-2019 का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्रीमती रचना मिश्रा को सभी थानों में एक-एक पुलिस अधिकारी नामित करने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अतिरिक्त खंड विकास अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों एवं चिकित्सा अधीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में तंबाकू नियंत्रण संबंधी कानूनों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अधिक से अधिक चालान की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के समापन पर अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई तथा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों से समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया।

कांग्रेसियों ने बनाई देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

हापुड़। आज दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि कांग्रेस जनों द्वारा बनाई गई। कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री सूर्य इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया। इस दौरान लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को भी उनकी जयंती पर कांग्रेस जनों ने याद कर उनके चित्र पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिला कांग्रेस कार्यालय पर पधारे वोट बचाओ रैली के कॉर्डिनेटर नरेंद्र भारद्वाज का कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, पूर्व विधायक गजराज सिंह और पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी अरविंद शर्मा ने पटका व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी भारत की पहली और अब तक की इकलौती महिला प्रधानमंत्री रही। इन्हें देश में ॠआयरन लेडी ऑफ इंडियाॠ के नाम से भी संबोधित किया जाता है। इंदिरा गांधी ही देश में एकमात्र ऐसी प्रधानमंत्री रही हैं जिन्होंने भारत को अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश का निर्माण कराया। बैंकों का राष्ट्रीयकरण उनके कार्यकाल में हुआ और पोखरण में 1974 में पहला परमाणु परीक्षण किया। वोट बचाओ महारैली के कॉर्डिनेटर नरेंद्र भारद्वाज ने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता थे, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी। स्वतंत्र भारत में देशी रियासतों के एकीकरण की महान चुनौती को उन्होंने सफलतापूर्वक हल किया। 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गृह मंत्री के रूप में भी उन्होंने कार्य किया था। कांग्रेस जनों ने ॠइंदिरा गांधी अमर रहेॠ, ॠसरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहेॠ के नारे लगाकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी और लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को याद किया। वोट बचाओ महारैली के कोऑर्डिनेटर नरेंद्र भारद्वाज ने 1 नवंबर को दिल्ली चलो महारैली के लिए जनपद हापुड़ के कांग्रेस जनों से आह्वान किया हैं।

ये लोग उपस्थित रहे-

पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी पंडित अरविंद शर्मा, पूर्व पीसीसी नवरत्न त्यागी, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, डॉक्टर वीसी शर्मा, रामप्रसाद जाटव, स्ष्ट स्ह्ल प्रदेश सचिव रश्मि चौधरी, गौरव गर्ग, सभासद व जिला महासचिव विकास दयाल, ऋषिपाल आर्य, शहजाद मेवाती, सीताराम, वाई के शर्मा, रामलाल आर्य,सुबोध शास्त्री, निसार पठान, आई सी शर्मा, सुखबीर गौड़, यशपाल ढीलोर, सुखपाल गौतम, रघुबीर सिंह, अर्जुन कश्यप, सी एल शर्मा, विपिन कुमार, सविता गौतम, कृपाल सिंह, डॉक्टर पदम साहनी, डालचंद सिंह, मोहित शर्मा, कुसुमलता, शिवम कुमार, संजय छाबड़ा, पुनीत शर्मा, गोपाल भारती, महबूब अली आदि।



जिलाधिकारी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल ने मुरादाबाद शहर स्थित जिला कारागार का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में वरिष्ठ जेल अधीक्षक से जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण किया और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

कार्यालय, नगर पालिका परिषद, हापुड़ (जनपद-हापुड़)

पत्रांक: 389/23/पी0डब्लू0डी0/2026-27 दिनांक: 31.10.26

ई-टैण्डरिंग प्रणाली के अन्तर्गत पुनः निविदा आमन्त्रण सूचना

समस्त ठेकेदार/कान्ट्रेक्टर / बेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि सीवरेज एवं जल निकासी योजना से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद हापुड़ द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-388/23/पी0डब्लू0डी0/2026-27 दिनांक- 31.10.2026 में वर्णित कार्य हेतु पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा ई-टैण्डरिंग www.etender.up.nic.in माध्यम से दिनांक 03.11.2026 से दिनांक 13.11.2026 (दोपहर 12:00 बजे तक) डाली जा सकती है। जो दिनांक 13.11.2026 को खोली जायेगी।

अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, हापुड़	नगर पालिका परिषद, हापुड़

कार्यालय, नगर पालिका परिषद, हापुड़ (जनपद-हापुड़)

पत्रांक: 395/23/पी0डब्लू0डी0/2026-27 दिनांक: 31.10.26

ई-टैण्डरिंग प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमन्त्रण सूचना

समस्त ठेकेदार / कान्ट्रेक्टर / बेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि सीवरेज एवं जल निकासी योजना से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद हापुड़ द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-394/23/पी0डब्लू0डी0/2026-27 दिनांक- 31-10-2026 में वर्णित कार्य हेतु पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा ई-टैण्डरिंग www.etender.up.nic.in माध्यम से दिनांक 03.11.2026 से दिनांक 03.12.2026 (दोपहर 12:00 बजे तक) डाली जा सकती है। जो दिनांक 03.12.2026 को खोली जायेगी।

अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, हापुड़	नगर पालिका परिषद, हापुड़

कार्यालय नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)

पत्र सं.-440/न0पा0परि0किo/ई.नि./2026-27 दिनांक: 29-10-2026

ई-टेण्डर निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, किरतपुर के पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों / फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, किरतपुर 15 वें वित्त आयोग (निर्दिष्ट अनुदान) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से पेयजल व्यवस्था/पाईप लाईन विस्तार कार्य एवं मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्ग सड़क निर्माण कार्य कराना चाहती है। जिस हेतु ठेकेदार/फर्म से निविदायें दिनांक 29-10-2026 से 20-11-2026 तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन प्राप्त की जायेगी। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 20-11-2026 तक उपलब्ध रहेगी, जहाँ से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 20-11-2026 अपराह्न 2:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं टेण्डर पालिका कार्यालय में उपलब्ध है।

Tender Refrence	03/E-T/2026-27
Publish and Time for RFP	29-10-2026 को अपराह्न 1:00 बजे
Last Date and time for submission of E-Tender	20-11-2026 को अपराह्न 2:00 बजे
Date and time of opening tender	20-11-2026 को अपराह्न 2:00 बजे
Place of opening of E-Tender	Executive Officer, Office NPP kiratpur
E-Tender document processing	As per tender list

नोट:- धरोहर राशि एवं निविदा मूल्य का ड्राफ्ट (अलग-अलग) दिनांक 19-11-2026 को समय सायं 5ः00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, किरतपुर में सीलबंद दे सकते है। बिना धरोहर राशि/ टेण्डर मूल्य के किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

(मेघा गुप्ता)	(अ० मन्नान)
अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, किरतपुर	नगर पालिका परिषद, किरतपुर

16 नवंबर से प्रारंभ होगा जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना का कार्य

जनगणना में प्रत्येक निवासी की सहभागिता और प्रत्येक व्यक्ति का समावेश आवश्यक: सीडीओ

स्व-गणना के उपरांत प्राप्त आईडी को सुरक्षित रखें, प्रगणक के घर आने पर उन्हें उपलब्ध कराएं

आज समाचार सेवा



बिजनौर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह के निदेशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना का कार्य संपन्न कराया जाएगा।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे स्व-गणना एवं जनगणना के कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों से संबंधित जानकारी निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कराएं।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि स्व-गणना के लिए आधिकारिक पोर्टल पद निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि जनगणना के अंतर्गत कुल 40 बिंदुओं पर संबंधित सूचनाओं का डाटा फीड किया जाना है। स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी करने के बाद प्राप्त स्व-गणना आईडी को सुरक्षित रखना आवश्यक है।

स्व-गणना की अवधि समाप्त होने के बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा।जब प्रगणक घर पर आएं तो उन्हें यह आईडी उपलब्ध कराएं, जिससे आगे की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

जनगणना कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए 5 नवंबर को विकास भवन सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं उनके कंप्यूटर दक्ष कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 16 नवंबर से 29 नवंबर तक जनगणना के प्रति जागरूकता एवं जनसहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न दिवसों का आयोजन भी किया जाएगा।

इनमें राजस्व एवं प्रशासन दिवस, स्थानीय शासन दिवस, युवा एवं खेल दिवस, मीडिया दिवस, न्यायपालिका दिवस, बदीधारी बल दिवस, केंद्र सरकार के कार्यालय दिवस, शिक्षा दिवस, स्वास्थ्य दिवस, उद्योग एवं परिवहन दिवस, महिला एवं स्वयं सहायता समूह दिवस, डिजिटल एक्सेस सहायता एवं विशेष आवश्यकता दिवस, वर्क फ्रॉम होम दिवस तथा प्राइड दिवस शामिल हैं।

जनपद में जनगणना 2027 के कार्य को संपन्न कराने के लिए 134 फील्ड ट्रेनर्स एवं 8500 प्रगणकों की व्यवस्था की गई है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई

आज समाचार सेवा

स्योहारा। स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री एवं उप प्रधानमंत्री, स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर विकास खंड स्योहारा में जोश एवं उत्साह के साथ राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर समस्त ब्लॉक स्टाफ को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार द्वारा दिलाई गई तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर स्टाफ द्वारा पुष्प अर्पित किये गये। तत्पश्चात एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए एडीओ पंचायत अनिल कुमार द्वारा लौह पुरुष पटेल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण मौ.शयान, वरिष्ठ सहायक प्रदीप कुमार, पूनम सागर, रश्मि, वरिष्ठ लिपिक शाहबुद्दीन, बाहर आलम, सत्यप्रकाश शर्मा, तकनीकी सहायक अरविन्द कुमार, हितेश कुमार, रईस अहमद, बाबू, नवनीत कुमार, लेखराज, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

गांव नंदपुर में शराब की दुकान के पास कैंटीन पर हुए झगड़े में क्रॉस रिपोर्ट दज

कैंटीन मालिक ने पिता पुत्रों तथा दूसरे पक्ष की महिला ने पिता पुत्र के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में दर्ज कराया मुकदमा

आज समाचार सेवा

नगीना थाना क्षेत्र के गांव नंदपुर कला निवासी अनीता पत्नी टीकम सिंह ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री दिव्या मॉर्डन पब्लिक स्कूल काजीवाला में पढ़ने जाती है। उसके गांव नंदपुर में कार्तिक अपने पिता मुनेश के साथ शराब के ठेके के पास मुर्गा मछली मीट की कैंटीन चलाता है। कार्तिक एक साल से उसकी पुत्री दिव्या के स्कूल आते जाते समय पीछा करता है और फब्तियां कसता रहता है। आरोप है कि कार्तिक दिव्या को डरा धमका कर कोर्ट मैरिज करने की धमकी देता था और बात न मानने पर जबरन उठाकर ले जाने व जान से मारने की धमकी देता था। दिव्या ने यह बातें घर बताई तो वह 28 अक्टूबर को सुबह 9 बजे शिकायत करने के लिए कैंटीन के सामने सड़क पर पहुंची और कार्तिक से दिव्या को परेशान न करने को कहा। तो आरोप है कि कार्तिक ने कहा कि दिव्या ने यदि उसकी बात नहीं मानी तो वह दिव्या को इंस्टाग्राम पर बदनाम कर देगा और उसे किसी लायक नहीं छोड़ेगा। शिकायत में अनिता ने कहा है कि जब उसने कार्तिक के पिता मुनेश से शिकायत की तो मुनेश व कार्तिक ने गाली गलौच व मारपीट की और दिव्या को जबरन उठाकर ले जाने व उसके साथ कोर्ट मैरिज करने की धमकी दी। आरोप लगाया कि कार्तिक का भाई गौतम भी गांव की ही एक लड़की के साथ इसी प्रकार की घटना कर चुका है। पुलिस ने अनीता पत्नी टीकम सिंह की तहरीर पर बीएनएस की धारा 74,115(2), 352,351(3)तथा पॉस्को एक्ट की धारा 7 व 8 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के ग्राम तुखमापुर हरबंस निवासी गौतम कुमार पुत्र मुनेश कुमार ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि वह ग्राम नंदपुर कला में ठेकाशुदा कैंटीन चलाता है। 28 अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे गांव के टीकम सिंह एवं उसके पुत्र निखिल व जम्भा 6/7 अज्ञात बदमाशों को लेकर दुकान पर पहुंचा और जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर गाली गलौच करने लगे और फिर भाई कार्तिक व पिता मुनेश कुमार पर लात घूंसो, लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। भाई व पिता की हालत खराब होने पर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने गौतम कुमार की तहरीर पर बीएनएस की धारा 115(2), 352,191(2)तथा एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

न0पा0परि0 में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई

चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया

आज समाचार सेवा

नहटौर। नगर पालिका परिषद में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पालिका कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और देश की एकता, अखंडता तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। नगर पालिका परिषद में लौह पुरुष सरदार पटेल जी की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, दृढ़ इच्छाशक्ति और अदम्य साहस का प्रतीक रहा है। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और मजबूत नेतृत्व के बल पर सैकड़ों रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। देश को एक सूत्र में पिरोने के उनके असाधारण प्रयासों के कारण ही उन्हें लौह पुरुष की उपाधि से सम्मानित किया गया। सरदार पटेल का मानना था कि एकजुट जनशक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। उनका संदेश था कि समाज और देश की प्रगति के लिए जाति, धर्म और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर एकता के सूत्र में बंधना आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पालिका कर्मचारियों ने सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ लिपिक विशेष कुमार उपाध्याय, लिपिक रमेश चंद शर्मा, अतुल राज सिंह, कपिल शर्मा, गजेंद्र सिंह, शाहजेब आलम, सबीना खातून, सलीम अहमद, गौरव त्यागी, हर्ष जैन, सहदेव सिंह, दीपांकर, मनोज कुमार, सानू, नरेंद्र चैनवाल , सानू बेनीवाल, विकी, विशाल वर्मा, आशीष, तालिब, मोहित सहित पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



डा0 फकीरचन्द सरस्वती मंदिर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई



आज समाचार सेवा

हल्दौर। डॉ0 फकीरचन्द सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हल्दौर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की जयंती प्रमुख सुशीला एवं वैशाली रहीं। आचार्य हेमराज सिंह एवं शीशपाल सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन छात्र संसद के भैया विवेक कुमार एवं राज चैहान ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ऑबेका, रुश्दा परवीन, हितेश एवं प्रियांशी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र की एकता,अखंडता एवं राष्ट्रीय एकीकरण में उनके अतुलनीय योगदान को रेखांकित किया। वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके दृढ़ संकल्प,नेतृत्व क्षमता,राष्ट्रप्रेम एवं संगठनात्मक कौशल को आत्मसात करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं आचार्याएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता के भाव के साथ हुआ।

द आर्ट ऑफ लिविंग के केन्द्र की ओर से दीपावली मेला आनंदोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित संस्था द आर्ट ऑफ लिविंग के केंद्र की ओर से रामलीला मैदान में दीपावली मेला ह्यआनंदोत्सव 2026ह्ल का भव्य आयोजन किया गया। परंपरा, संस्कृति, सद्भाव और आनंद से परिपूर्ण इस मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि महात्मा विदुर ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, बिजनौर की प्राचार्य डॉ. चैधरी ललिता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेले की संयोजक मिथिलेश अग्रवाल ने माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. सुधा चावला ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। वहीं, प्रोफेसर शुभा माहेश्वरी ने सुर एवं ताल प्रतियोगिता के तीनों निर्णायकों डॉ दीपक त्रिपाठी, सोनाली व सत्यम का परिचय देते हुए उनकी उपलब्धियों से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया। मेले का मुख्य आकर्षण था सुर एवं ताल प्रतियोगिता जिसमें गायन और वादन में दो-दो वर्ग थे। चारों वर्गों में प्रथम व द्वितीय पुरस्कार रखे गए। गायन में 8 से 10 वर्ष की आयु के प्रथम ग्रुप में प्रथम पुरस्कार नैतिक को मिला। दूसरा पुरस्कार समायरा वशिष्ठ ने प्राप्त किया। दूसरा ग्रुप 11 से 13 वर्ष के बच्चों का था जिसमें प्रथम अनाया अग्रवाल और आकांक्षा द्वितीय रहे। वादन में 7 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों में प्रथम पुरस्कार तेजस राजपूत तथा दूसरा पुरस्कार सूर्यांश सिंघल को दिया गया। वादन में 11 से 13 वर्ष की आयु के बच्चों की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सोनल वर्मा तथा द्वितीय पुरस्कार सार्थक को मिला। मुख्य अतिथि डॉ चैधरी ललिता, पवन अग्रवाल, शशि ग्रोवर व डॉ गर्ग ने सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया। प्रतिभागी बच्चों के उत्साह, आत्मविश्वास और संगीत के प्रति समर्पण ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि डॉ. चैधरी ललिता ने कहा कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का संकल्प विश्वभर के लोगों के जीवन में आंतरिक शांति और समृद्धि लाना तथा समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का प्रसार करना है। आर्ट ऑफ लिविंग स्वास्थ्य एवं कल्याण, शिक्षा, जल प्रबंधन, वृक्षारोपण और रोजगार प्रशिक्षण जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए कार्य करती है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में विकास कार्यों के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक समुदायों को जोड़कर संवाद तथा सौहार्द का वातावरण तैयार करना संस्था के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि दीपावली आनंदोत्सव का आयोजन अपने आप में अद्भुत और अनूठा है। ऐसे मेले समाज में शांति, सद्भाव और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्वस्थ मनोरंजन का भी सशक्त माध्यम बनते हैं। ह्यआनंदोत्सवह्ल गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के प्रेम, शांति और मानवीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रभावी माध्यम है। प्रतियोगिता के तीनों निर्णायकों ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा को निरंतर निखारने, नियमित अभ्यास करने और अपने चुने हुए क्षेत्र में पारंगत बनने के लिए प्रेरित किया। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों, आकर्षक खेलों और मनोरंजक गतिविधियों के स्टॉल लगाए गए। अतिथियों ने स्टॉलों का भ्रमण किया और आयोजन की सराहना की। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग, आत्मीयता और आध्यात्मिकता का सुंदर वातावरण देखने को मिला। मेले की संयोजक श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल ने प्रोफेसर शुभा माहेश्वरी के निर्देशन में डॉ. जसवंत सिंह एवं कुमारी रुमाना ने कार्यक्रम का अत्यंत कुशलतापूर्वक संचालन में अवनीश कुमार अग्रवाल (टांडे वाले) का विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त कुमार ज्वैलर्स, साहू एनक्लेव, कृष्णा नर्सिंग होम, बैले मिनरल वाटर, सिद्धबली सरिया, ड्रीम सिटी, गंगा एंटरप्राइजेज तथा मिडवे फिलिंग प्वाइंट सहित अनेक प्रायोजकों ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग नजीबाबाद के समस्त सदस्यों ने सेवा, समर्पण और सामूहिक सहभागिता के साथ आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहयोग देने वालों में मोहन जुयाल, शुभम शर्मा, डॉ. सुधा चावला, कुमकुम गर्ग, अरुणा अग्रवाल, रेखा मोदी, दीपा मोदी, अंजू मेहरा, हेमा अग्रवाल, रमन चोपड़ा, अरुणा कौशिक, रेशू अग्रवाल, भावना अरोड़ा, अरुणा जुयाल, माला छवड़ा, सुरभि जैन, लवी अग्रवाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। डॉ. जसवंत सिंह डॉ. इंदु लाहोटी व समस्त आयोजन टीम ने नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से पधारे अतिथियों, नागरिकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



पालिका बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक हुई सम्पन्न कई प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई



आज समाचार सेवा

नहटौर। नगर पालिका परिषद के सभागार में पालिका बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। पालिका अध्यक्ष अनस इकरार की अध्यक्षता और अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के संचालन में आयोजित इस बैठक में शहर के चहुंमुखी विकास और जनहित से जुड़े कई प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में कुल 25 में से 22 सभासदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक के दौरान नगर की आय बढ़ाने और नए व्यावसायिक स्रोत विकसित करने के लिए शहर के अलग-अलग स्थानों पर नई दुकानों के निर्माण के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी और टीकाकरण करने वाली स्वीकृत कंपनी के अनुबंध की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव को पास किया गया। कार्यालय के लिए नया फर्नीचर खरीदने तथा सभी सफाई कर्मचारियों को समय पर वर्दी और जूते उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। आगामी त्योहारों को देखते हुए नगर में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नए पोल और एलईडी लाइटें लगाने का फैसला लिया गया। इसके तहत हल्दौर चैराहे से धामपुर और नूरपुर रोड पर लाइटें लगाई जाएंगी, तथा झील पार्क के तालाब पर फैंसी लाइटें लगाने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिली। तालाबों और पुराने कबाड़ सामान की नीलामी के प्रस्ताव भी पारित किए गए। बैठक में संजय कुमार सैनी, मुकेश गुप्ता, विजेंद्र उर्फ बिट्टू, अमन थोरिया, इजलाल अहमद, रियासत उर्फ वोटिस, शमशीर उर्फ पोंटिंग, नबील अहमद, महफूज उर्फ गुड्डा, मास्टर शराफत, रियासत अंसारी, रामावतारी सैनी, नई अल्वी, जाहिद अहमद, सब्बू ठेकेदार, अनिल चैधरी, अतीक अहमद, अंकुश अग्रवाल, सावन सूद, मोबीन अहमद, शाहना बेगम, कुसुम देवी, राजकुमारी, रियासत बॉन्टिस, पूजा देवी, मरगुबा फातिमा, राम अवतार सैनी, कलीम काका, शाहिद हुसैन, महजबनी, अनीस अहमद, मेहनताज, साइस्ता, सावन वाल्मीकि और राजेश सैनी सहित अन्य नामित व निर्वाचित सभासद और पालिकाकर्मी मौजूद रहे।

सपा कार्यालय पर मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

जिलाध्यक्ष हनी फैसल की अध्यक्षता एवं अखलाक पप्पू के संचालन में आयोजित हुआ कार्यक्रम



बिजनौर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल तथा समाजवादी चिंतक, शिक्षाविद आचार्य नरेंद्र देव की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने की, जबकि संचालन कार्यालय प्रभारी अखलाक पप्पू ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद उपस्थित सपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके व्यक्तित्व, विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। वहीं आचार्य नरेंद्र देव ने शिक्षा, समाजवाद, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समानता के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों के विचार आज भी समाज और देश को नई दिशा देने का काम करते हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज में भाईचारे, समानता और एकता को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रभा चैधरी, डॉ. महमूद अहमद (भोलू), चैधरी दारा सिंह, डॉ. योगेंद्र चैधरी, प्रमोद प्रधान, मदन सैनी, डॉ. रहमान, फैज अकरम खान,राधा सैनी, सुखबीर ठेकेदार, अरविंद पाल, अशोक गहलौत, अहमद खिजर खान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांव-गांव जाकर कलक्ट्रेट गन्ना लाने वाले किसानों की सूची की तैयार

आज समाचार सेवा

बिजनौर। किसान नेता दिगम्बर ने गन्ना समिति में पत्रकारवार्ता कर घोषणा की थी कि बिलाई चीनी मिल के 1000 किसान 50 हजार कुंतल गन्ना लेकर कलक्ट्रेट आएंगे। इस आंदोलन को आगे बढ़ाने को दिगम्बर सिंह ने अपनी टीम के साथ शनिवार को बिलाई चीनी मिल क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचे। चैधरी दिगंबर सिंह ने मटौरा, ननपुरा, बिसाठ और धर्मपुरा गांव पहुंचकर किसानों से संवाद किया।

किसानों ने आश्वासन दिया कि बिना बकाया भुगतान के वे बिलाई शुगर मिल को गन्ना नहीं देंगे।वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कुमार बालियान के नेतृत्व में कपिल कुमार, अंकुश कुमार उर्फ डैनी, देवानंद, शुभम चैधरी आदि ने करौंदी, झालू, खारी और कान्हा नगला गांवों में किसानों से संपर्क किया। जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने पैहरूवाला, ककराला, सुनपता और रावतपुर सहित अन्य गांवों में पहुंचकर किसानों से संपर्क किया तथा बिजनौर में गन्ना लेकर पहुंचने वाले किसानों की सूची तैयार की। जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने बताया कि एक नवंबर से इस अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा। इसके लिए नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष तेजवीर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह डोडवाल, चैधरी हुकम सिंह और धर्मवीर सिंह सहित पदाधिकारियों की एक अलग टीम नहटौर ब्लॉक के गांवों में किसानों से संपर्क करेगी।

योगी जी! दिव्यांगों का बुरा हाल दिव्यांगों की पेंशन में कटौती, कब तक दिव्यांगों पर ऐसे ही होते रहेगा अत्याचार

आज समाचार सेवा



बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने प्रदेश सरकार पर आक्रोश व दुखी जाहिर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगों को अनदेखा किया जा रहा है। लगभग 6 माह से उनकी पेंशन भी नहीं दी जा रही है। जिससे कि वह अपने घर का पालन पोषण भी सही से नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि दिव्यांग बहुत कमजोर कड़ी है। सरकार द्वारा दिव्यांगों पर इतना अत्याचार क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशन बढ़ोतरी की बात करती है लेकिन दिव्यांग जनों की 6 माह की पेंशन भी नहीं दे पा रही है। सरकार रोजगार की बात करती है जब सरकार पेंशन ही ना दे पा रही तो दिव्यांग को रोजगार कहां से मिलेगा। कहा कि इस स्थिति को वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। शासन प्रशासन व वरिष्ठ अधिकारियों को इसका संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब पीड़ित व दिव्यांगों की सरकारी कार्यालयों व पुलिस थानों में संवेदनशीलता के साथ न तो सुनवाई की जाती है। और न ही रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेजा जाता है उनके प्रार्थना पत्र को रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है। गरीब , बेसहारा वर्ग दिव्यांग के पास न तो इतने पैसे होते हैं कि वह रिश्वत देकर अपना काम कर सके। और नहीं इतनी ताकत होती है। कि पूंजीपतियों व माफियाओं से टकरा सके। उन्होंने कहा कि जनपद में सबसे ज्यादा परेशान दिव्यांग गरीब वर्ग है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दिव्यांगों के साथ ऐसे ही व्यवहार होता रहा तो हम धरना प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। और धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन रहेगा जब तक पूरी मांग पूरी नहीं होगी तब तक हम पीछे नहीं हटेंगे।

लोकप्रिय एसपी की छवि को खराब कर रहे थाना प्रभारी

बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने कहा कि जब से लोकप्रिय एसपी के.के बिश्नोई ने जनपद का कार्यभार संभाला है तब से कानून व्यवस्था बेहतर अच्छी देखने को मिली है। हनी ट्रैप गैंग, माफियाओं , जागरूकता यातायात,नशाखोरी अभियान चलाकर जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही दिव्यांग जनों को आपसे ऐसे ही अपेक्षा है। कि आप दिव्यांग जनों की थानों में त्वरित सुनवाई करायें।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस, अधिकारियों ने किया नमन ली शपथ





शपथ ग्रहण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को गौतमबुद्धनगर कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे सम्मान एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अजीत कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी अजीत कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा देशवासियों के बीच आपसी सद्भाव, भाईचारे और एकता की भावना को मजबूत करने का संकल्प दिलाया।

शपथ ग्रहण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। साथ ही राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा देश की एकता को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए पूर्ण निष्ठा एवं सत्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अजीत कुमार ने राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान एवं देश की एकता को मजबूत करने के उनके प्रयासों को स्मरण किया।

कार्यक्रम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुराग सारस्वत सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

मोबाइल स्नेचिंग करने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सेक्टर-58 पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी एवं स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी एवं स्नेचिंग के कुल 17 मोबाइल फोन, 1,500 रुपये नकद, वारदात में प्रयुक्त चोरी की एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को नोएडा के सेक्टर-58 स्थित जुबिलेंट पार्क के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान चतुरानन्द पाण्डेय उर्फ रोनी पुत्र राघवेन्द्र पाण्डेय तथा जतिन सिंह पुत्र जगत सिंह के रूप में हुई है। चोरी की बाइक से करते थे मोबाइल स्नेचिंग पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल कर राह चलते लोगों को निशाना बनाते थे। दोनों मोटरसाइकिल से मोबाइल फोन स्नेचिंग एवं चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इसके बाद चोरी किए गए मोबाइल फोन बेचकर मिलने वाली रकम आपस में बांट लेते थे और उसे अपने व्यक्तिगत खर्चों एवं शौक-मौज पर खर्च करते थे। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि 5 अक्टूबर 2026 को उनके द्वारा सेक्टर-56 से एक आईफोन-15 तथा सेक्टर-62 से एक सैमसंग गैलेक्सी S26 मोबाइल फोन स्नेच किया गया था।

JOINTVEDA
AYURVEDIC PAIN RELIEF OIL
जाना-माना नाम, जाँची परखी क्वालिटी
अब पहले से और भी असरदार
नए आकर्षक पैक में
आयुर्वेदिक दर्द निवारक तेल
अठारह जड़ी-बूटियों के साथ
JOINTVEDA
AYURVEDIC PAIN RELIEF OIL
Advanced Joint & Muscle Relief Oil
POWER OF 18 HERBS.
100 ml
GO NATURAL HERBAL
Helpful in Painful conditions
FOR ALL JOINT & MUSCULAR PAINS
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा
सुविचार
ARSHVEDA Capsule
AN AYURVEDIC MEDICINE FOR PILES
सच्चा मित्र वह है जो तब साथ देता है जब पूरी दुनिया साथ छोड़ देती है।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart

रोटरी क्लब ऑफ बरेली
चैरिटेबल ट्रस्ट
प्रस्तुत करता है
मेला प्रारम्भ सायं 5 बजे
Main Sponsors
NANDI नाम विश्वास का
INDRIYA ADITYA BIRLA JEWELLERY
Main Sponsors
CITY CENTRE IA
उद्घाटन समारोह
आज के मेले का शुभारम्भ
मुख्य अतिथि
डॉ. अरूण कुमार सक्सेना
वन/पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उ0प्र0
विशिष्ट अतिथि
श्री अविनाश सिंह IAS
जिलाधिकारी, बरेली
श्री संजीव कुमार मौर्य IAS
नगर आयुक्त, बरेली
Nath Nagri Model Presented by
In-Studio Infinite Solutions
PLYWOOD | HARDWARE | SURFACES | PAINTS | WALL DECOR | KITCHEN & WARDROBE
63वाँ
महान दिवाली मेला
31 Oct , 01st & 02nd Nov.
Venue : Bareilly Club Ground, Bareilly
SUNDAY 1 NOVEMBER 2026
Face in the Crowd
Beautiful Eyes
Twining Couple
Baby Show
Dr. Ruchin Agarwal
Dr. Supriya Agarwal
Cutis & Kids Hospital
Rajendra Nagar
0-3 Yrs.
8-9 pm
Co Sponsors
CRACKER SHOW All 3 Days tandooriwala
MUSICAL NIGHT All 3 Days CITY CENTRE IA
KAMDHENU GROUP
RATAN INTERNATIONAL DAY BOARDING SCHOOL
SINCE 1999 HANDA 24 CARAT GOLD PATRA JEWELLERY Bareilly
महिसुधा
RASHMI GROUP TRUST THE BOND BUILD BEYOND BONDX HORE PURE. HORE POWER.
Automobile Partner
COMMERCIAL GROUP
TOYOTA
ŠKODA
Volkswagen
Radio Partner
BIG FM
Powered By
Ankur Paints
OCTA ELEVATORS
GANGASHEEL
STATE BANK OF INDIA
AMAR ALUM
RAJWADA HOTEL & RESORT
Associate Sponsors
Anis Superspeciality Hospital and Fahmy IVF Centre
Bachpan play school
CUS PATHLAB
LIC
Rajshree
BIRLA OPEN MINDS INTERNATIONAL SCHOOL BAREILLY
Alwa Group of Institutions
IndusInd GENERAL INSURANCE
Bank of Baroda
ICICI Lombard
SIL
tandooriwala
Energy Partner
IndianOil
Hydration Partner
CAMPA SURE
Tea Partner
ATC tea
Rtn. CA Amit Manohar Mela Director
Rtn. Rahul Jaiswal President
Rtn. Anuj Jaiswal Secretary
Rtn. CS Ankit Agrawal Treasurer
Rtn. Bhavesh Agarwal Co-Mela Director
Rtn. CA Gagan Mehrotra Co-Mela Director
Rtn. Dr. A.K. Chauhan Chief Club Learning Facilitator
Rtn. CA Vinay Krishna DGN
Rtn. Naresh K. Malik Chairman Member Development